संस्करण: नई दिल्ली, पानीपत (हरियाणा), चंडीगढ़, लखनऊ, भोपाल (मध्य प्रदेश), हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें...

पब्लिक एशिया

खोजी पत्रकारिता का नया आयाम

अरविंद केजरीवाल को एक और झटका | पृष्ठ नं: 3

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia

वर्ष: 35 | अंक: 143 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ: 12

मूल्य ₹ 3.00

RNI No-49329/89
website: www.publicasia.in
email:- publicasia1989@gmail.com

पृष्ठ नं: 12 | भाजपा के संकल्प पत्र में सिक्किम को नई...

मौसम

दिल्ली/एनसीआर

अधिकतम ता. 37.0°C | न्यूनतम ता. 23.0°C

संक्षिप्त समाचार

चौतरफा घिरी हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो

- अब बचाव के लिए लोकपाल के आदेश को ही दे डाली चुनौती, हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो मुश्किल में फंसती नजर आ रही है।
- दो मौजूदा संपत्तियों की जांच करने के लोकपाल के आदेश को झामुमो ने चुनौती दी है।

रांची, एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की दो मौजूदा संपत्तियों की जांच करने का सीबीआइ को निर्देश देने संबंधी लोकपाल के आदेश को पार्टी ने बुधवार को दिल्ली कोर्ट में चुनौती दी है। झामुमो की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी।लोकपाल ने यह आदेश भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा झामुमो राज्यसभा सदस्य शिबु सोरेन के खिलाफ दी गई शिकायत पर पारित किया था। वरिष्ठ वकील सिब्बल ने कहा कि पहली नजर में यह एक गलत आदेश है। लोकपाल ने सीबीआइ को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया है। लोकपाल ने सीबीआइ से मासिक रिपोर्ट भेजकर जांच की प्रगति से उसे अवगत कराने को भी कहा है।

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस को बड़ा झटका

ईडी की कुर्की को कोर्ट ने सही ठहराया; 752 करोड़ की संपत्ति का है मामला

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस को बड़ा झडका लगा है। मनी लांड्रिंग मामले में पीएमएलए अदालत ने व्यापक सुनवाई के बाद नेशलन हेराल्ड अखबार को संचालित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड और यंग इंडिया के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को सही ठहराया है।दरअसल, ईडी द्वारा एजेएल और यंग इंडिया की 752 करोड़ की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया था, जिसे अब निर्णायक प्राधिकरण ने सही ठहराते हुए बरकरार रखा है। बता दें कि इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक से पूछताछ हो चुकी है। यंग इंडिया में राहुल और सोनिया गांधी के 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उसका मानना है कि ईडी द्वारा कुर्क की गई संपत्ति और इक्विटी शेयर अपराध की कमाई हैं और मनी लांड्रिंग के अपराध से जुड़ी है।

ऑरेंज रंग से तो नहीं चिढ़ेंगे...

- तेजस्वी-मुकेश सहनी ने मछली के बाद अब संतरा दिखाकर कसा तंज
- तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने की नारंगी पार्टी
- तेजस्वी ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया वीडियो

पटना, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार-प्रसार के बीच जहां राजनीतिक दल एक-दूसरे पर जुबानी तीर चला रहे हैं। वहीं, भोजन को लेकर भी बिहार में आरोप-प्रत्यारोप चल रहा है।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर चैत्र नवरात्र के समय मछली खाने के आरोप लगाकर भाजपा ने जोरदार हमला बोला था। अब इसी कड़ी में तेजस्वी ने अपने एक्स मीडिया पर नया वीडियो जारी कर ऑरेंज पालिटिक्स को ले भाजपा पर पलटवार कर दिया है। इस वीडियो पोस्ट के साथ नेता प्रतिपक्ष ने लिखा है कि आज हेलिकाप्टर में नारंगी पार्टी हुई। ऑरेंज रंग से तो वे नहीं चिढ़ेंगे ?

तेजस्वी ने पहले मछली खाने का वीडियो किया था पोस्ट

दरअसल, बुधवार को नेता प्रतिपक्ष ने अपने एक्स मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो में तेजस्वी यादव के साथ वीआईपी नेता मुकेश सहनी के साथ हेलिकाप्टर में बैठकर मछली खाते दिखाई देते हैं। तेजस्वी यादव का दावा था कि यह वीडियो चैत्र नवरात्र के एक दिन पहले का है। हालांकि, भाजपा ने इसे मुद्दा बनाकर राजद और वीआईपी नेता पर हमला बोला था। जवाब में तेजस्वी यादव ने कहा कि वे भाजपा वालों का आइ-क्यू टेस्ट ले रहे थे। बहरहाल, यह मामला अभी ठीक से ठंडा भी नहीं हुआ कि तेजस्वी और मुकेश सहनी का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों नेता हेलिकाप्टर में बैठकर संतरा खाते दिख रहे हैं।

ऋषिकेश में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डमरू बजाया

कहा- कमजोर सरकार का दुश्मनों ने फायदा उठाया, आज घर में घुसकर आतंकियों को मारते हैं...

पीएम नरेंद्र मोदी ने मांगे वोट, मंदिरों में अपने नाम की अर्जी रखने की करी अपील

ऋषिकेश, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ऋषिकेश में चुनावी सभा करने पहुंचे। मंच पर डमरू बजाकर सभा में आई भीड़ का स्वागत किया। गढ़वाली भाषा में सभी को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर सरकारें रहीं, दुश्मनों ने फायदा उठाया, आतंकवाद ने पैर पसारे। आज मजबूत सरकार घर में घुसकर आतंकवादियों को मारती है। PM बोले, मां गंगा के तट से आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं, जब उत्तराखंड आता हूं तो अपनी पुरानी यादें ताजा कर लेता हूं, तमिलनाडु के लोग भी कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार। आज बाबा केदार की भूमि में हूं तो यहां भी लोग कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार।

पीएम बोले- कांग्रेस विकास-विरासत विरोधी है

पीएम ने कहा- लोग मेरे खिलाफ कुछ भी बोलते जा रहे हैं। जब मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो विपक्षी लोग कहते हैं भ्रष्टचार कराओ। आप बताओ मैं सही कर रहा हूं न। क्या भ्रष्टाचार हटना चाहिए या नहीं, आप मेरा सहयोग करो, मैं देश से भ्रष्टाचार साफ कर दूंगा। कांग्रेस परिवार के साथ चलती है, मेरा परिवार देश है, आप सब हैं। मैंने उत्तराखंड की

महिलाओं की पीड़ा को देखा है, जिन्हें पानी और लकड़ी के लिए दूर जाना पड़ता था। आज स्थिति बदल गई है, सभी के घरों में पानी-गैस पहुंच रही है। धामी सरकार शानदार काम कर रही है, कांग्रेस विकास और विरासत विरोधी है। पीएम ने कहा- कांग्रेस के नेताओं के लिए तो पहले दिल्ली का शाही परिवार और फिर अपना परिवार ही सब कुछ है। लेकिन मोदी के लिए तो मेरा भारत ही मेरा परिवार है। कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया था। घर जाकर निमंत्रण दिया थ, लेकिन नहीं आए। कई अड़चनें आईं। लेकिन राम मंदिर बना। उत्तराखंड के लिए अच्छा करना हमारा दायित्व है। उत्तराखंड की धरती ब्रह्मकमल की है, यह कमल खिलना चाहिए। मेरा पल-पल आपके नाम है। मेरी गारंटी है 24/7 आपके लिए काम करूं। 3 सीटों के प्रत्याशियों को जिताने का काम करें। पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ने हैं।

पीएम ने कहा- जब कांग्रेस की सरकार थी, तब लोगों के हक का पैसा बिचौलिए खा जाते थे। अब लोगों के हक का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में जाता है। ये लूट मोदी ने बंद की है, इसलिए मोदी पर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है।

पीएम बोले- भारत का तिरंगा युद्ध में सुरक्षा की गारंटी

पीएम ने कहा- आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन जाता है। 7 दशक बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 निरस्त किया गया। तीन तलाक के खिलाफ काननू बना। महिलाओं को लोकसभा, विधानसभा में 33% आरक्षण मिला।सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10% आरक्षण मिला।

प्रयागराज में नमाजियों पर बरसाए गए फूल, भोपाल में मौलाना बोले- गाय-बैल के कारोबार से दूर रहें

देशभर में ईद-उल-फितर का जश्न

राष्ट्रपति मुर्मु और पीएम नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ पटना, एजेंसी। देशभर में गुरुवार सुबह ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। ईद पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कर अमन की दुआ मांग रहे हैं और फिर एकदूसरे को गले लगाकर बधाई देते नजर आ रहे हैं। जहां बुधवार शाम भारत में ईद के चांद का दीदार हुआ और लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। वहीं आज देशभर में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाई जा रही है।

जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए इकट्ठा हुए लोग

ईद-उल-फितर के मौके पर नमाज अदा करने के लिए जामा मस्जिद में श्रद्धालु इकट्ठा हुए। नमाज के बाद लोग एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद-उल-फितर के मौके पर दिल्ली की जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद जश्न मनाते हुए बच्चे गले मिले। प्यार और भाईचारे का पैगाम इन मासूम बच्चों ने एकदूसरे को गले लगाकर दी।

हजरत निजामुद्दीन दरगाह में दिखी ईद की रौनक

दिल्ली में ईद-उल-फितर से पहले हजरत निजामुद्दीन दरगाह को सजाया गया। बाजार में भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, ईद-उल-फितर के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद की दी बधाई

सभी देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद-उल-फि त्र की मुबारकबाद देती हूँ। रमजान के पावन महीने के बाद मनाये जाने वाले इस पर्व से एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार होता है। खुशियां बांटने का यह त्योहार क्षमा और दान करने की प्रेरणा देता है। मैं इस पवित्र अवसर पर कामना करती हूँ कि हमारा देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़े और सब देशवासी सदा अमन-चैन से रहें।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने दी ईद की बधाई

ईद के मौके पर पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर आपसी भाईचारे को बढ़ने की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि ये त्योहार एकजुटता और शांति की भावना फैलाए। पीएम मोदी ने सभी लोगों की खुशी और स्वस्थ रहने की भी कामना की।

मुख्तार अब्बास नकवी ने ईद के मौके पर की नमाज अदा

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कश्मीरी गेट स्थित पंजा शरीफ दरगाह में नमाज अदा की।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ईद समारोह में हुईं शामिल

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में रेड रोड पर ईद समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ...कोई भी अगर दंगा करने आता है तो आप चुप-चाप रहिए, अपना माथा ठंडा रखिए... यदि कोई ब्लास्ट होता है तो वे(भाजपा) NIA को भेज देते हैं कि सबको गिरफ्तार कर लो। सबको गिरफ्तार करते-करते आपका देश ही सूना हो जाएगा... हम सुंदर आसमान चाहते हैं जिसके लिए सभी का साथ रहना जरूरी है...

लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर दी बधाई

माह-ए-रमजान में एक माह के अनुशासित रोजे का उपहार मिल गया है। बुधवार को चांद दिख गया। ऐसे में आज बृहस्पतिवार को दिल्ली समेत पूरे देश में खुशियों का त्यौहार ईद धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। ईद के मौके पर जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इससे पहले, मगरिब की नमाज के बाद मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने जैसे ही चांद देखे जाने की घोषणा की, वैसे ही लोग खुशी से झूमने लगे और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने लगे। इसके साथ ही चांद रात में खरीदारी को लेकर मटियामहल के बाजार देर रात तक गुलजार रहे। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने चांद दिखने और ईद की घोषणा करते हुए लोगों को शुभकामना दी। ईद को भाईचारे और सद्भाव का त्योहार बताते हुए उन्होंने कहा कि इस मौके पर हम दुआ करते हैं कि देश में सैकड़ों वर्षों से कायम भाईचारा और सद्भाव और प्रगाढ़ हो।

देश के लिए जान कुर्बान

- बंगाल में NRC और CAA नहीं लागू होने दूंगी ईद के मौके पर CM ममता के मोदी सरकार पर साधा निशाना
- देश के लिए अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे: ममता बनर्जी
- ईद के मौके पर जनता को संबोधित करते हुए सीएम ममता ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है।

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक बार फिर राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड, एनआरसी और सीएण लागू नहीं होने देने की बात कही है। कोलकाता की रेड रोड में आयोजित ईद की नमाज में आज (11 अप्रैल) उन्होंने हिस्सा लिया। ईद की नमाज को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्य में सीएए, एनआरसी और यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू नहीं होने देंगे।

हम यूसीसी स्वीकार नहीं करेंगे: सीएम ममता

हम रॉयल बंगाल टाइगर की तरह हैं। मैं देश के लिए अपना खून देने को तैयार हूं। चुनाव के दौरान आप मुस्लिम नेताओं को फोन करते हैं और कहते हैं कि आप क्या चाहते हैं। मैं कहती हूं कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए, उन्हें प्यार चाहिए। हम यूसीसी स्वीकार नहीं करेंगे। आप मुझे जेल में डाल सकते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि मुद्दे लाख बुरा चाहे तो क्या होता है। वही होता है जो मंजूरे खुदा होता है।

नो एनआरसी, नो सीएए

सीएम ममता ने कहा, ईद मुबारक। यह खुशियों की ईद है। यह ताकत देने की ईद है। इस ईद को एक महीने तक उपवास करके मनाना बहुत बड़ी बात है। हम इसके लिए खून बहाने के लिए तैयार हैं, लेकिन देश के लिए अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुझे सर्वधर्म समभाव चाहिए, नो एनआरसी, नो सीएए।

बीजेपी पर साधा निशाना

सीएम ममता ने भाजपा पर राज्य में सांप्रदायिक हिंसा कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,अगर कोई दंगा करने आता है, तो आपको चुप रहना चाहिए, अपना सिर ठंडा रखना चाहिए। अगर कोई विस्फोट होता है, तो वे (भाजपा) सबको गिरफ्तार करने के लिए एनआईए भेजते हैं।

दुर्घटना | **मची चीख-पुकार, नशे में था ड्राइवर, फिटनेस भी एक्सपायर, ईद की छुट्टी नहीं की, चालक की लापरवाही से पेड़ से टकरा बस पलटी....**

हरियाणा के नारनौल में स्कूल बस पलटी, दुर्घटना में आठ बच्चों की मौत और 37 घायल

बस में सवार थे कुल 45 बच्चे, महेंद्रगढ़ में हादसे के बाद मौके पर मौजूद बच्चे और अस्पताल में भर्ती घायल बच्चे।

नारनौल, एजेंसी। कनीना क्षेत्र के गांव उन्हाणी स्थित महिला कॉलेज के पास बृहस्पतिवार सुबह एक स्कूल के बस चालक चलती बस से कूद गया और बस एक पेड़ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि बस पलटते ही स्कूली बच्चे बस के शीशों में से बाहर निकल कर गिर गए। इस घटना में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ की मौत हो गई है।

ईद की छुट्टी खोला गया स्कूल

बस में कुल 45 बच्चे थे और 37 घायल हैं। जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की यह स्कूल बस सेहलंग, झाड़ली, धनौंदा, से कनीना की ओर बच्चों को लेकर आ रहे थे। ईद की छुट्टी होने के बावजूद भी छुट्टी नहीं की गई थी।

बस से कूद गया चालक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक बस से कूद गया। इसके बाद बस का पिछला हिस्सा पेड़ से टकरा गया। इस कारण बस पलट गई। बस की गति तेज होने की वजह से कुछ बच्चे शीशे तोड़ते हुए बाहर निकल कर गिए गए। करीब दस बच्चों की हालत गंभीर है और सभी 45 बच्चे घायल हैं। इनको तुरंत कनीना लाया गया। यहां से कुछ नारनौल, पीजीआइएमएस रोहतक और रेवाड़ी रेफर कर दिए गए। एक बच्चे छितरौली के बच्चे की मौत मौके पर ही हो गई है। पुलिस को वैन को उठाकर पुलिस थाने में ले आई। चालक अभी तक फरार है।

घटनास्थल पर मच गई चीख-पुकार

जैसे ही बस पलटी तो हादसे के साथ ही त्राहि-त्राहि मच गई। हर कोई बच्चों को संभालने में जुटा था। आस-पास के लोग भी एकत्रित हो गए और उन्होंने बच्चों को रेस्क्यू करना शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर अर्थमूअर मशीन की सहायता से बस को उठाया और पुलिस थाने में ले गई।

विधायक और नेताओं के आने पर भड़के लोग

घायलों का हाल जानने के लिए विधायक सीताराम यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव और सीएमओ डा. रमेश आर्य भी अस्पताल में पहुंचे हैं। इस पर यहां पर मौजूद लोगों ने जाम लगाकर हंगामा करना शुरू दिया। लोगों ने स्कूल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। चालक अनट्रेंड और शराब का आदी होने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पता चला है कि सेहलंग के ग्रामीणों ने बस चालक को शराब पिए हुए देखकर रोकने का प्रयास भी किया था, लेकिन वह नहीं रूका। घटना में आठ बच्चों की मौत हुई है। मृतकों में अधिकांश बच्चे गांव धनौंदा के रहने वाले हैं।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

ममता दीदी नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। वह कह रही है कि आपने यद आवेदन पत्र भरा तो आपकी नागरिकता छिन जाएगी। वह शरणार्थियों को नागरिकता देने के विरूद्ध क्यों हैं ? मैं आपसे यह कहने के लिए आया हूं कि सभी शरणार्थियों को किसी भय के बिना आवेदन करना चहिए, सभी को नागरिकता दी जाएगी। इस देश में आपका भी उतना ही अधिकार है जितना मेरा। शरणार्थियों को नागरिकता देना हमारी प्रतिबद्धता है।

-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

न्यायालय ने तथाकथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के मामले को ईडी द्वारा बेशर्मी से गढ़ा गया मामला बता कर रद्द कर दिया। भाजपा ने अपने मुख्य अग्रिम संगठन ईडी के माध्यम से पिछले साल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले बेशर्मी से इस झूठ को फैलाया था और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सिंडिकेट (गिरोह) में फंसाने की कोशिश की थी। इसमें अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित था। पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष दायर शिकायत में ईडी ने आरोप लगाया था कि राजनेताओं, व्यक्तियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के एक आपराधिक सिंडिकेट ने 2019 से 2022 तक अवैध रूप से शराब बेचकर 2,161 करोड़ रुपए की हेराफेरी की थी।

-कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

केंद्र की भाजपा सरकार बिजली, पर्यटन, इंटरनेट, कनेक्टिविटी, कृषि और खेल समेत कई क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए काम कर रही है। पूर्वोत्तर राज्यों के भाजपा के घोषणा-पत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और जवाबदेह शासन के निर्माण का वादा किया गया है। भाजपा सरकार रोडवेज, रेलवे और वायुमार्ग क्षेत्रों में परियोजनाओं को लागू करके राज्य में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी और एकीकृत ढांचागत विकास को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए अरुणाचल प्रदेश गति शक्ति मास्टर प्लान लॉन्च करेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी

भाजपा ने ही भावी पीढ़ियों के लिए मणिपुर को बचाया है। राज्य में हिंसा के बाद कुकी-जो समुदाय द्वारा अलग प्रशासन की मांग पर उन्होंने कहा कि हम एक पार्टी और सरकार के तौर पर एकजुट मणिपुर के पक्ष में हैं। किसी भी तरह का बंटवारा नहीं होने दिया जाएगा। हम ऐसे ही सदियों से रह रहे हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस और जर्मनी में युद्ध हुआ था, लेकिन आज दोनों करीबी सहयोगी हैं। लोग यह बात स्वीकार करते हैं कि अगर मणिपुर शांति की राह पर आगे बढेगा तो सिर्फ भाजपा ही उसे यह राह दे सकती है। कांग्रेस बुरी तरह असफल रही है।

मणिपुर से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार थौनाओजाम बसंत कुमार सिंह

2024 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निभायेंगी अहम भूमिका

भारत में केवल 14फीसदी संसदीय सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमश: 78 और 24 महिला सदस्य हैं। संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 193 देशों में 149वें स्थान पर है। इसके अलावा, भारत के प्रत्येक राज्य में 16फीसदी से कम विधायक महिलाएं हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण उपाय 1993 में किया गया तथा पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी गई थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।

-कल्याणी शंकर-
(स्वतंत्र लेखक)

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। क्या महिला मतदाता आगामी 2024 आम चुनाव का फैसला कर सकती हैं? उनके मतदाताओं की बढ़ती संख्या और अनुकूल कानून, जैसे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, उन्हें एक महत्वपूर्ण वर्ग बनाते हैं। राजनीतिक दल इस महत्वपूर्ण वर्ग की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, वे विभिन्न लाभ की पेशकश कर रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, महिला मतदाताओं का उच्च मतदान 2024 के चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। रिपोर्ट का अनुमान है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45फीसदी हो सकता है। गौरतलब है कि भारत के संविधान के निमार्ता बी.आर.अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि – ह्यराजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है। ह्व यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो।

भारत में महिलाएं लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए और अधिक उपायों की मांग कर रही हैं। पिछले सितंबर में संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, ह्ययह हमारा विधेयक है। ह्य 2008 में सोनिया गांधी ने इसे उच्च सदन में पारित किया लेकिन लोकसभा में ऐसा करने में विफल रहीं। पिछले सितंबर में पीएम मोदी ने बड़े गर्व के साथ इस विधेयक को पेश किया और पहली बार संसद में इस विधेयक के आने के 27 साल बाद यह लगभग सर्वसम्मति से पास हो गया। जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया में देरी के कारण यह विधेयक चार साल बाद ही लागू हो पायेगा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत में केवल एक महिला प्रधानमंत्री और 15 महिला मुख्यमंत्री हुई हैं। हालांकि, 1950 के दशक के बाद से चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या सात गुना बढ़ गई है, और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5फीसदी से बढ़कर 15फीसदी हो गया है। विश्व स्तर पर स्थिति समान है। अंतर-संसदीय संघ के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 26फीसदी कानून निमार्ता महिलाएं हैं। दूसरी ओर, रवांडा में 60फीसदी से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। 2008 में, रवांडा महिला-बहुमत संसद वाला पहला देश बन गया।

भारत में केवल 14फीसदी संसदीय सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमश: 78 और 24 महिला सदस्य हैं। संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 193 देशों में 149वें स्थान पर है। इसके अलावा, भारत के प्रत्येक राज्य में 16फीसदी से कम विधायक महिलाएं हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण उपाय 1993 में किया गया तथा पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी गई थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। लगभग दस लाख महिलाएं जमीनी स्तर पर सरपंच के रूप में कार्य करती हैं। ये सरपंच अपने स्थूल अनुभव के बल पर उन्नति की सीढ़ियां चढ़ सकेंगी।

आगामी आम चुनाव में 96.88 करोड़ मतदाता होंगे, जिनमें 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 2.63 करोड़ नये मतदाताओं में से 1.41 करोड़ महिलाएं हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में अधिक महिलाओं ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है। महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि राजनीतिक दलों ने विधेयक का समर्थन किया, उन्होंने हाल के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अपने टिकटों का केवल एक छोटा सा प्रतिशत आवंटित किया, आमतौर पर 10-15प्रतिशत। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए, भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों में 421 उम्मीदवारों में से महिलाओं को केवल 67 टिकट दिये। हालांकि, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे कुछ मुख्यमंत्रियों ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लाभों को पहचाना है।

लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए, पार्टियों को महिला सशक्तीकरण के लिए अधिक महिला नेताओं और उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की जरूरत है। हालांकि, कुछ लोगों का तर्क है कि यदि महिलाएं ज्ञात राजनीतिक परिवारों से आती हैं तो वे जीतती हैं। कई नेता उम्मीदवारों को चुनने के लिए अपने परिवार से आगे नहीं देखते हैं। यह समझना जरूरी है कि सभी महिलाएं महिला उम्मीदवारों को वोट नहीं देंगी।

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, पार्टियों को राजनीतिक राजवंशों को दिये जाने वाले तरजीही व्यवहार को हतोत्साहित करना चाहिए। भारतीय राजनीतिक दल विभिन्न योजनाओं और लाभों के साथ महिला मतदाताओं को लक्षित कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और 2, 000 रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दिया है। हिमाचल प्रदेश में 18-60 वर्ष की महिलाओं को 1, 500 रुपये मासिक दिया जाना है। दिल्ली की ह्यमुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाह्व भी 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1, 000 रुपये मासिक प्रदान करेगी। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने पारिश्रमिक बढ़ोतरी की घोषणा की है। आप और कांग्रेस 1, 000 रुपये मासिक भुगतान करने और गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना भत्ता देने की घोषणा की है। महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की अधिक महत्वपूर्ण उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। इन सबके लिए शिक्षा भी जरूरी है। हमें ऐसे शासन सुधारों की आवश्यकता है जो लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। इससे निर्वाचित अधिकारी अधिक प्रतिक्रियाशील हो सकेंगे।

कांग्रेस को चाहिए दिग्विजय जैसे अथक मेहनती !

-शकील अख्तर-

लोकतंत्र

उनकी 9 दिन की वादा निभाओ यात्रा सोमवार कोअपने गृहनगर राघौगढ़ में पूरी भी हो गई। 31 मार्च को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा में वे अब देशके सबसे प्रमुख यात्री बन गए हैं। 77 साल की उम्र में अभी उन्होंने 25 किलमीटर रोज पैदल यात्रा की। लोगों से मिलते बात करते हुए चलते रहे। जिसगांव में रात हो गई रुक गए। इस चुनाव के शुरू होने से पहले हमने लिखा भी था और चैनल पर बोला भी था कि कांग्रेस के बडे नेताओं में से पार्टी दिग्विजय सिंह को जहां से कहेगी वह लड़ेंगे। और वे राजगढ़ पहुंच गए। और उनकी 9 दिन की वादा निभाओ यात्रा सोमवार को अपने गृहनगर राघौगढ़ में पूरी भी हो गई। 31 मार्च को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा में वे अब देशके सबसे प्रमुख यात्री बन गए हैं। 77 साल की उम्र में अभी उन्होंने 25 किलमीटर रोज पैदल यात्रा की। लोगों से मिलते बात करते हुए चलते रहे। जिस गांव में रात हो गई रुक गए।

दिग्विजय राजनीति में संघर्ष के साथ सतत यात्री के रूप में प्रसिद्ध होगए है। इससे पहले 2017 झ्र 18 में उन्होंने अपनी पहली चर्चित नर्मदा यात्रा निकाली थी। करीब साढ़े छह महीने की। 3330 किलोमीटर की पद यात्रा। वह यात्रा तख्ता पलट साबित हुई थी। 9 अप्रैल 2018 में समापन हुआ था। और सालके आखिर में भाजपा की 15 साल पुरानी सरकार विदा हो गई थी। वह अलग बात हैकि कमलनाथ उस तोहफे में मिली सरकार को भी चला नहीं पाए। और एक साल कुछ समयमें ही कांग्रेस में टूट फूट हो गई। सरकार चली गई। खैर वह अलग कहानी है। अभी बात कांग्रेस में कौन कौन लड़ सकता है पर हो रही है। लड़ सकता है मतलब विपरीत परिस्थिति में, हर हाल में पार्टी केसाथ खड़े होना। नेतृत्व के आदेश का पालन करना। तो पार्टी में यह हिम्मत फिर दिग्विजय ने दिखाई है। राहुल ने चुनाव शुरूहोने से पहले कहा कि सब बड़े नेताओं को यह चुनाव लड़ना चाहिए। मगरदिग्विजय के अलावा और किस बड़े नेता ने बीड़ा उठाया ? यूपीए के दस साल में सब बड़े नेता मंत्री रहे। दिग्विजय ने मंत्री पदस्वीकार करने से इनकार कर दिया। ओल्ड स्कूल वचन निभाने वाले नेता। रघुकुलरीत वाले। 2003 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव हारने के बाद कहा था दससाल कोई पद नहीं लूंगा तो नहीं लिया। मगर बाकी सब बड़े नेता मंत्री रहे। वे कोई भी दिग्विजय की तरह वचनों मेंबंधने वाले नहीं थे। वचन देते ही नहीं थे। तो उसे पूरा करने का सवाल ही नहीं। आज की राजनीति में वचन, जबान, वादे, सत्य, संघ्रर्ष, पार्टी के प्रतिवफादारी का क्या मतलब ? कौन इन पुराने उसूलों पर चलता है ? मगर पुरानेलोगों में एक दिग्विजय और नयों में एक राहुल आज भी सिद्धांतों में जीते हैं। कोई भी खतरा उठाने को तैयार। अपनी व्यक्तिगत छवि की कोई चिन्तानहीं। पहली चीज पार्टी के प्रति वफादारी, दूसरी जनता के प्रति प्रेम औरतीसरी अथक मेहनत। यहां तुलना की बात नहीं हो रही। कोई सवाल ही नहीं है। राहुल गांधी नेताहैं और दिग्विजय उनका आदेश मानकर चुनाव लड़ने वाले एक सिपाही। और यह पहलीबार नहीं है जब दिग्विजय इस तरह न चाहते हुए भी चुनाव मैदान में उतरे। 2019 में भी पार्टी ने उन्हें बेमतलब भोपाल से चुनाव लड़वाया था। उस समयभी सब बड़े नेताओं की चुनाव लड़ने की बात हुई थी। मगर दिग्विजय के अलावाऔर कोई नहीं लड़ा। 2019 में भाजपा ने भोपाल में अपनी पूरी ताकत लगा दीथी। किसी भी तरह दिग्विजय को हराना है। भाजपा के लिए तब भी दिग्विजयप्रमुख विरोधी थे और अब भी हैं। भाजपा जानती है कि राहुल के साथ, परिवारके साथ, पार्टी के साथ दिग्विजय आखिरी तक रहेंगे। जब कांग्रेस से जाने वालों की बात होती है तो कई नाम आते हैं। मगरदिग्विजय का नाम उनका बड़े से बड़ा विरोधी भी नहीं ले पाता। इस चुनाव मेंजब तक राहुल ने लड़ने के लिए कहा नहीं था। दिग्विजय इच्छुक नहीं थे। वेराज्यसभा के पहले से गी सदस्य हैं। और पूरे प्रदेश में और कई जगह प्रदेश केबाहर भी उनकी डिमांड रहती है। इसलिए एक क्षेत्र में बंधना कोई समझदारीनहीं थी। लेकिन जब पार्टी ने राजगढ़ से टिकट दे दिया। और पत्रकारों नेपूछा तो दिग्विजय ने कहा कि राजगढ़ क्या पार्टी कहती तो मैं वाराणसी सेमोदी जी के खिलाफ भी लड़ लेता। कांग्रेस में आज से ऐसे ही नेताओं की जरूरत है। पार्टी जब विपक्ष मेंहोती है तो उसे अपने बारे में ही सोचने वाले नेताओं की जरूरत नहीं होती। न जनता से कटे अहंकारी नेताओं की। उसे चाहिए होते हैं ऐसे नेता जो जनतामें घुल मिल जाएं। कार्यकताओं और आम जनता को अपना जलवा न दिखाएं। जनताऔर कार्ययकताओं से बड़ा जलवा किसी का नहीं होता है।

मानवता की मिशाल बने भाई बहन: मीना शर्मा सुभाष कश्यप

कुछ लोग धन के लिए राजनीति करते हैं तो कुछ लोग निःस्वार्थ व समाज के हित के लिए राजनीति करते हैं,ऐसे ही एक समाज सेवी है जो पिछले कई बरसो से निस्वार्थ व गरीब तबके के लोगो की हर प्रकार से दिन रात सेवा कर रही है, जी हाँ हम बात कर रहे है लाखो दिलो की धड़कन व गरीबो की मशीह दिल्ली की रहने वाली श्री मति मीना शर्मा, आपको बताते चलें कि श्री मति मीना शर्मा दिल्ली के पहाड़ गंज में जन्मी है, लेकिन इन्होंने अपनी कर्म भूमि पालम के नसीर पुर कॉलोनी को बना रखा है। समाज सेवा में ये इतनी मगन रहती है कि इन्हें अपने परिवार के लोगो से काफी कुछ बुरा भला सुनना पड़ता है, लेकिन व इन सब की परवाह नही करती है जो उन्हें करना है तो करना ही है। कांग्रेस के साथ जुड़े होने कारण इन्होंने अपनी एक संस्था नागरिक विकास समिति एनजीओ बना रखी है जिसके तहत ये समय समय पर सामाजिक कार्य करती रहती हैं, और वो अपनी संस्था के जरिये लोगो को शिक्षा के प्रति प्रेरित करती है ताकि हर गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। उनका मुख्य उद्देश्य है कि कही पर भी किसी गरीब आदमी पर अत्याचार होता है वो तुरंत वहाँ जाकर अपनी बुलन्द आवाज से उनके साथ मिलकर उनकी समस्या का समाधान करती है।

एक अजीब है बात है कि इनकी अपनी संस्था है लेकिन आज तक कहि से भी इनको कोई आर्थिक सहायता नही मिली है, जो भी कार्य करती है अभी तक अपने पास से लोगो की सहायता करती है।

समाज सेवी मीना शर्मा जी अपना एक किस्सा सुनाती हुई कहती है कि एक बार कांग्रेस के पूर्व सांसद व मंत्री सज्जन कुमार की पुलिस गिरफ्तारी का वारंट लेकर सीबीआई वाले उनके घर पर पहुँचे थे। जैसे मीना शर्मा को इसकी जानकारी मिली तो तुरंत ही अपनी नागरिक विकास समिति से जुड़ी सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर सज्जन कुमार के घर पहुचकर उनको बचाने के लिए मानव दीवार बनकर खड़ी हो गई थी।

जिससे सीबीआई वाले घबराकर गिरफ्तारी का इरादा छोड़कर वापस लौट गए।

सांसद सज्जन कुमार ने मीना शर्मा जी की इस हिम्मत व हौसले सलाम करते हुए उनकी काफी सराहना की ओर साथ ही मीना शर्मा को अपने साथ जोड़ लिया, साथ ही उन्हें योग्य संरक्षण में साथ ले लिया, और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए कदम से कदम मिलाकर मीना शर्मा के साथ चलने लगे। और सज्जन कुमार के साथ होने से मीना शर्मा का हौसला काफी बढ़ गया। यही कारण है कि आज भी उनके नाम से अपराधी काँपते है।

महिलाओं के उत्पीड़न के विरोध में उनकी संस्था नागरिक विकास समिति विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पीड़ित महिलाओं के बीच जाकर उनकी मदद करती हैं और उनको हर संभव सहायता देती हैं। और उनको सरकारी सहायता भी उनके हाथों तक पहुचाती है, ताकि हर महिला को हर सुविधा का लाभ मिल सके। इसके बाद मीना शर्मा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के साथ मिलकर जनसेवा व गरीबो के हक की लड़ाई लड़ी, और कदम से कदम मिलाकर कर जनभागीदारी को बेखूबी से निभाया।

कांग्रेस बीजेपी के बाद समाज सेवी श्री मति मीना शर्मा ने 2011 में जय महाभारत पार्टी का दामन थाम लिया , जिसके कारण उन्हें जय महाभारत पार्टी में महिला मोर्चा का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जिसके अंतर्गत मीना शर्मा आज तक गरीबो के हक के लिए कथिक प्रयास कर रही है, उनका यही प्रयास रहता है कि गरीबो को मिलने वाली सरकारी सहायता उन तक कैसे पहुँचे।

इनका कहना है कि सरकारी फाइलों में तो गरीब के बहुत कुछ होता है, लेकिन गरीब तक सब कुछ पहुँच नही पाता है। ये कांग्रेस व भाजपा के लोग गरीब लोगों का पैसा खा जाते हैं ,इसलिए मेरा सदैव यही प्रयास रहता है हर गरीब को सभी सुविधा मिले, यही कटिबद्ध है, तभी तो क्षेत्र की सड़कों नाली खरंजो व विधवा पेंशन व आदि कार्यो के लिए लोगो का तांता इनके पास लगा रहता है।

एक सवाल पूछने पर पर की इतने अरसे से समाज सेवा से जुड़े हैं, और आप इतने विख्यात है क्या आप इस क्षेत्र से पार्षद का चुनाव लड़ेगी क्या?

जवाब देते हुए मीना कुमारी देवी ने बताया कि हम तो पार्टी की कार्यकर्ता है ,अगर आने वाले समय मे पार्टी कोई भी जिम्मेदारी देती है तो उसको जरूर स्वीकार करेंगी। उनका कहना है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के समय में काफी तरक्की हुई थी, और जब से आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार बनी है ,तब से दिल्ली में नशा व अपराध बढ़ गए हैं, आज यहाँ पर युवा को रोजगार नही है महिला सुरक्षित नही है।

आज हम घर घर जाकर जय महाभारत पार्टी के प्रति लोग को जागरूक कर रहे हैं, और पार्टी में सदस्य के रूप में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि आने वाले समय मे जय महभारत पार्टी की दिल्ली में सरकार बन सके ,जिसकी हमने अभी से तैयारी शुरू कर दी है, आज जय महाभारत पार्टी के साथ हर समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं, जिसका नतीजा जल्द आने वाले आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। मीना शर्मा का जय महाभारत पार्टी के प्रति अटूट विश्वास है,उनका कहना है कि भगवान श्री प्रभु अनंत विष्णु देवा की कृपा से भारत दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्र बन सकता है,और वर्तमान में प्रभु निडर होकर देश को कांग्रेस व भाजपा मुक्त भारत बनाने में लगे है, और भाजपा के छदम कुशशन से छुटकारा दिलाने के लिए सघर्षत है।

श्री मति मीना शर्मा का मानना है कि देश का भविष्य केवल जय महाभारत पार्टी के हाथों में सुरक्षित है, ना कि कांग्रेस व तहलका के नाम पर रिश्वत खाने वाले भाजपा के हाथों में।

वही हम बात करे मीना शर्मा की तरह ही इनके भाई भी मानवता की मिसाल कायम कर रहे हैं,सुभाष कश्यप भी काफी अरसे से गरीब व निर्धन और बेसहारा लोगो की सेवा कर देश व समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं, सुभाष कश्यप पिछले कई अरसे से जय महाभारत पार्टी के बैंकूट सेना से जुड़े हैं और North india के कोडिनेटर पद पर असीत है , और दिल्ली में रहकर निर्धन व बेसहारा लोगो की सेवा कर रहे हैं, और गरीब लोगों को तन मन धन से सेवा कर अपने आपको सौभाग्य साली समझते हैं।

सुभाष कश्यप दिल्ली में जय महाभारत पार्टी को मजबूत बनाने के लिए घर घर जाकर लोगो से मिलते है पार्टी के मुख्य योजनाओं के बारे में बताते हैं, और उनको पार्टी से जोड़ने का काम भी करते हैं, ताकि आने वाले दिल्ली में विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत व बड़ा जनाधार मिल सके, और दिल्ली में अपनी सरकार बन सके।

समाज सेवक सुभाष कश्यप दिल्ली में एक ही संकल्प है, अबकीबार दिल्ली में जय महाभारत पार्टी की सरकार बनाना है, और इसी इरादे से दिल्ली में हर विधानसभा क्षेत्र व वार्ड, कस्बा और कॉलोनी में जाकर पार्टी के साथ लोगो को जोड़ने का काम कर रहे हैं।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96। मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्दरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

2 जुलाई 2023 को अजित पवार और हमारे मंत्रियों ने महाराष्ट्र सरकार के साथ शपथ ली। इसके बाद 15 और 16 जुलाई को हमने शरद पवार से मुलाकात कर उनसे हमारे साथ आने का अनुरोध किया। इसके बाद अजीत पवार और शरद पवार पुणे में मिले। शरद पवार भी 50 प्रतिशत तक तैयार थे लेकिन वह हमेशा आखिरी समय पर झिझक जाते थे। 1996 में अगर शरद पवार एचडी देवेगौड़ा के सुझावों पर सहमत होते और झिझकते नहीं, तो वे पीएम बन सकते थे। पटना में इंडी गठबंधन की पहली बैठक में वे शरद पवार के साथ गए इंडी गठबंधन के लोग तस्वीरें खींचने के लिए मिलते हैं। **-नेता प्रफुल्ल पटेल**



संक्षिप्त समाचार

बेटी एक लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा कंप्यूटर कोर्स सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन का कार्यक्रम किया गया

गाजियाबाद। बेटी एक लक्ष्य फाउंडेशन ने 93 गरीब लड़कियों और महिलाओं को जिनकी उम्र 15 से 65 साल की है, निशुल्क बेसिक कंप्यूटर कोर्स शादीपुर के खामपुर गांव में सीखा कर उन्हें शिक्षित किया, परीक्षा में उत्तीर्ण हुई लड़कियों को उपहार और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया कुछ सम्मानित अतिथिगण सत्यप्रकाश यादव (चौधरी दीप चन्द मेमोरियल ट्रस्ट), तेजराम फॉर (एक्स चेयरमैन करोल बाग जोन), मोनिका सचदेवा (निडेक कंपनी), इसके अलावा कई गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में लड़कियों को आशीर्वाद देने के लिए सम्मिलित हुए। एनजीओ की फाउंडर डॉ. एस्ट्रो सिमरन वार्ष्णेय जी ने बताया कि आज कंप्यूटर का युग है हर काम में कंप्यूटर की जरूरत होती है रुपए की तंगी की वजह से कई बेटियां या महिलाएं ये कोर्स नही कर पाती तो ,इसलिए निशुल्क कंप्यूटर कोर्स कराने का सोचा जो जिससे बेटियां आत्म निर्भर बन सके , जो बेटियां काम की इच्छुक होंगी उनकी जॉब भी लगवाई जायेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनजीओ के सभी पद अधिकारी अजय वार्ष्णेय , डॉ. एस्ट्रो चेतन शर्मा, सोनू भारती, एस्ट्रो पूजा भारती , एस्ट्रो शील झा, आचार्य सागर जी , एस्ट्रो राजेश गुप्ता, एस्ट्रोआरती सोनी, एस्ट्रो रुचिका शर्मा,शोभिता पांडे, नीतू गोयल, कपिल कुमार, आरुषि वार्ष्णेय, अंजली वार्ष्णेय, मानवी मेहरा, वानी यादव , हंसो ,आदि ने प्रोग्राम को सफल बनाने में भरपूर योगदान दिया।

ट्रैफिक सिग्नल होंगे जल्द शुरूः महापौर

गाजियाबाद। कुछ समय पहले बीओटी पर दिए गए ट्रैफिक सिग्नल का कार्यकाल समाप्त हो गया था। जिसको लेकर नगर निगम ने नियमानुसार कार्यवाही की और फर्म से ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल नगर निगम ने हस्तांतरण की बात की थी। लेकिन ज्ञात हुआ कि ट्रैफिक सिग्नल के उपकरण गायब कर दिए गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जान बूझकर ऐसा किया गया है। जिससे शहर में जाम की स्थिति अव्यवस्थित हो गयी है और नगर निगम द्वारा उपकरणों की व्यवस्था की जा रही है। कई स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल चालू करा दिए गए हैं, बाकी बचे हुए सिग्नल भी जल्द शुरू किए जाएंगे। जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है ,जिसको कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा और शहर की जनता को हो रही परेशान से मुझे बड़ी पीड़ा है। महापौर सुनीता दयाल ने अपील करते हुए हा कि इस अव्यवस्था को ठीक होने तक अपना सहयोग करें जल्द ही सभी ट्रैफिक सिग्नल दुरुस्त किये जाएंगे।

अफसर स्टाफ चुनाव डयूटी में,भू माफिया हुए सक्रिय

सरकारी जमीन को खुद की बताते हुए प्लाटिंग का तेज हुआ खेल

गजियाबाद। यू तो गाजियाबाद के देश की राजधानी दिल्ली सीमा के नजदीक होने एवं सरकारी विभागों के द्वारा पिछले एक दशक से छोटे प्लाटों की स्कीम न निकाले जाने एवं सरकारी विभागों के द्वारा निकाली जाने वाली योजनाओं में प्लाट के दाम महंगे होने के परिणाम स्वरूप पिछले काफी समय से कालोनाइजर सक्रिय है। इन दिनों अधिकांश विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के चुनावी डयूटी में व्यस्त होने के साथ ही भू माफिया सक्रिय हो गए है। सरकारी जमीन को खुद की संपत्ति बताते हुए बाकायदा प्लाटिंग का खेल तेज हो गया है। बताते है कि इस खेल सत्ता पक्ष के लोग भी सक्रिय हो गए है। सूत्र बताते है कि लाइनपार के कुछ क्षेत्रों में सरकारी जमीन पर चार दीवारी का भी निर्माण कर दिया गया है। सरकारी जमीन रोड से कुछ कदम दूरी पर होने का परिणाम ये है कि उसे महंगे रेट पर बेचने का काम हो रहा है। बताते है कि देखा जाए तो इन दिनों प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में जबरदस्त तरीके से प्लाटिंग का खेल चल रहा है। ये खेल जीडीए सीमा के किसी एक जोन तक ही सीमित नहीं है,बल्कि ये जीडीए के जोन एक, तथा दूसरे जोन सीमा क्षेत्र में भी देखा जा सकता है। बताते है कि जीडीए के जोन आठ के अंतर्गत आने वाले दिल्ली सीमा से लगे लोनी एरिया में धडल्ले से देखा जा सकता है। बताते है कि हैरत का पहलू ये है कि जीडीए के जोन आठ के अंतर्गत एक बडा एरिया आता है,जबकि पूरे क्षेत्र में एक अवर अभियंता की तैनाती की गई है,वह भी छुटटी से एक दिन पहले मुरादाबाद अपने घर चला जाता है। दो दिन बाद वापस लौटता है। चूंकि कालोनाइजर एवं जमीन माफिया इस बात से भली भांति परिचित है कि तमाम विभागों के आला अधिकारी एवं स्टाफ इन दिनों चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त है। ऐसे में अगले 4जून तक किसी तरह की तोडफोड होने वाली नहीं है,इसका लाभ उठाया जा रहा है। बताते है कि एक समय जो लोग कभी सपा से जुडे हुए थे,उनके एकाएक पाला बदलते हुए सत्ताधारी पार्टी से जुडने के साथ ही सरकारी जमीनों पर प्लाटिंग का खेल तेज कर दिया गया है। जिसका ज्वलंत उदाहरण ये है कि महापौर को जब ये जानकारी लगी कि लाइनपार के सैन बिहार में सरकारी जमीन पर प्लाटिंग का खेल किया जा रहा है। जानकारी मिलने पर महापौर के द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ मौके का जायजा लिया गया। अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए गए।

गैर भाजपायी दलों में बूथ व्यवस्था बनाने में कार्यकताओं का टोटा

-जिला एवं महानगर इकाई के पदाधिकारी दुविधा में

-तमाम दलों में बूथ व्यवस्था बनाने की तेज की तैयारी

गाजियाबाद। किसी ने शायद सही ही कहां है कि यदि किसी राजनैतिक दल की केंद्र एवं प्रदेश मे सत्ता स्थापित होती है तो उसकी पार्टी के गली मोहल्ले के नेता भी न केवल सक्रिय हो जाते है तथा वाहनों पर पार्टी का झंडा दूर से दिखाई पडता है लेकिन अब जब दूसरे चरण के अंतर्गत गाजियाबाद में 26 तारीख को मतदान होना है कि गैरभाजपायी दलों में इन दिनों बूथ स्तर पर तैनाती के लिए कार्यकर्ताओं का टोंटा आडे आ रहा है। पार्टी के पदाधिकारियों को ये नहीं सूझ रहा है कि किस बूथ पर किस पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ता की सेवाए हासिल की जाए। देखा जाए तो इन दिनों तमाम राजनैतिक दलों के चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के द्वारा चुनाव की हवा को पार्टी के दिशा में मोडने के लिए लगातार बैठके की जा रही है। बीजेपी के द्वारा मुरादनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बूथ के पदाधिकारियों का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस बीच दूसरे गैर भाजपायी दलों के जिला एवं महानगर कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा बूथ स्तर पर पदाधिकारी एव कार्यकताओं की तैनाती की कडी में सूची तैयार की जा रही है। बताते है कि गैर भाजपायी दलों के सामने सबसे बडी चुनौती ये दिखाई दे रही है कि वह ये तय नहीं कर पा रहे है कि किस बूथ पर किस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की सेवाएं हासिल की जाए।देखा जाए तो हाल के निकाय चुनावों के दौरान गैरभाजपायी दल निगम सीमा क्षेत्र के 50 फीसदी वार्डो मे भी प्रत्याशी नहीं उतार पाए थे,हिंडनपार के वसुंधरा जोन सीमा का एक वार्ड ऐसा भी रहा कि जिसमें गैर भाजपायी दूसरा किसी दल के द्वारा प्रत्याशी चुनाव मैदान में न उतारे जाने के परिणाम स्वरुप निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। ये तो उदाहरण मात्र है,पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के दौरान भी गैर भाजपायी दल बूथों पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को तैनात नहीं कर पाए थे। देखा जाए तो हालात ये है कि गैर भाजपायी दलों में बूथ व्यवस्था बनाए रखने के लिए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का अभाव आडे आ रहा है। एक समय ऐसा था कि जब प्रदेश में बसपा और सपा की सरकारें हुआ करती थीं तो उस दौरान अधिकांश वाहनों पर पार्टी के झंडे दिखाई पडते थे।

प्रधानमंत्री ने महेन्द्रगढ़ सड़क हादसे में बच्चों की मौत पर गहरा शोक जताया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में एक सड़क हादसे में छह विद्यार्थियों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया और कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन घायलों को हरसंभव सहायता पहुंचा रहा है। स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक बस के पलट जाने से यह हादसा हुआ। इसमें छह विद्यार्थियों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हो गये। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है।

अरविंद केजरीवाल को एक और झटका

विजिलेंस विभाग ने दिल्ली CM के निजी सचिव को किया टर्मिनेट

विभव कुमार पर सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज होने के कारण बर्खास्तगी

दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने 8 अप्रैल को बिभव कुमार से की थी पूछताछ

नई दिल्ली, संवाददाता

शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में विजिलेंस विभाग की टीम ने उनके निजी सहायक विभव कुमार के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री

अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार को उनकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया गया है। विजिलेंस विभाग ने विभव कुमार के खिलाफ 2007 के एक मामले में यह कार्रवाई की है, जिसमें उन पर सरकारी काम में बाधा डालने और शिकायतकर्ता को गाली देने या धमकी देने का आरोप लगाया गया था।

विजिलेंस विभाग ने बर्खास्तगी के पीछे विभव कुमार के खिलाफ दर्ज एफआईआर को कारण बताया है। यह मामला 2007 में नोएडा प्राधिकरण में तैनात महेश पाल नामक व्यक्ति ने दायर किया था। इसमें आरोप लगाया गया है कि विभव कुमार ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता, एक लोक सेवक को उसके कर्तव्य का पालन करने से रोका और उसे धमकी दी।

विभव कुमार से ईडी ने की थी पूछताछ

उल्लेखनीय है कि आबकारी नीति घोटाला मामले में आठ अप्रैल दिन सोमवार को ईडी ने मुख्यमंत्री के निजी सचिव विभव कुमार औरआम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक को भी तुगलक रोड स्थित मुख्यालय में बुलाकर दोनों से करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी। दोनों से पहले भी पूछताछ की जा चुकी है।

चीन पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया निष्प्रभावी और कमजोर : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने सीमा उल्लंघन को लेकर चीन को निष्प्रभावी और कमजोर प्रतिक्रिया देने के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए मांग की कि वह अपने जून 2020 के उस बयान के लिए 140 करोड़ भारतीयों से माफी मांगें जिसमें उन्होंने दावा किया था कि न तो किसी ने भारत में प्रवेश किया और न ही किसी चौकी पर कब्जा किया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यूजवीक पत्रिका को दिए गए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया बेहद कायरतापूर्ण है। सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारतीय संप्रभुता का चीन द्वारा बार-बार उल्लंघन किए जाने पर प्रधानमंत्री की एकमात्र टिप्पणी यह थी कि भारत-चीन सीमा स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि द्विपक्षीय संवादों में असामान्यता को दूर किया जा सके। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री के पास चीन को एक शक्तिशाली संदेश भेजने का अवसर था। लेकिन उनकी निष्प्रभावी और कमजोर प्रतिक्रिया से भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा जताने के लिए चीन का हौसला और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, चीन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया न केवल अपमानजनक है बल्कि यह हमारे शहीदों का भी अपमान है जिन्होंने हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। रमेश ने कहा प्रधानमंत्री को 19 जून, 2020 को राष्ट्रीय टेलीविजन पर ह्यना कोई घुसा है, ना ही कोई घुस आया है बयान देकर 140 करोड़ भारतीयों को धोखा देने और चीन से लगती हमारी सीमाओं की रक्षा करने में अपनी विफलताओं के बारे में देश को अंधेरे में रखने के लिए माफी मांगनी चाहिए। न्यूजवीक पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अब निजी वाहनो के अधिग्रहण में जुटा निर्वाचन विभाग

-वाहन स्वामियों को भेजे जा रहे है नोटिस

गाजियाबाद। चुनाव की चल रही प्रक्रिया के बीच जिला निर्वाचन विभाग के सामने सरकारी वाहनों का अभाव आडे आने लगा है। शायद यही वजह है कि निजी वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए आरटीओ विभाग से हाल में निजी स्तर से खरीदे गए वाहन के स्वामियों से जुडा डाटा एकत्र करने के साथ वाहन स्वामियों को नोटिस दिए जाने लगे है। जिला निर्वाचन विभाग की तरफ से ये नोटिस जारी किए जा रहे है तथा 23 तारीख को वाहन यातायात पुलिस के हवाले करने के आदेश दिए गए है। जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा जारी किए जा रहे नोटिस को लेकर वाहनों के स्वामी दुविधा में है।

विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व महापौर आरती मेहरा एवं पार्षद संदीप कपूर की उपस्थिति में आज कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कई पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व महापौर आरती मेहरा, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता एवं निगम पार्षद संदीप कपूर की उपस्थिति में आज आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के प्रमुख नेता अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। आज प्रदेश कार्यालय में संजय अग्रवाल, 2012-17 के नॉमिनेटेड कॉउंसलर नरेन्द्र जैन, बपरौला से निर्दलीय निगम चुनाव लड़ने वाले रविन्द्र फौगाट, समाजिक कार्यकर्ता डिम्पल खन्ना और लवकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी अपने 200 से अधिक समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर आरती मेहरा ने सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि देश में मोदी सरकार की नीतियों से

लगातार आम जनता के अलावा दूसरी पार्टी के नेता भी प्रभावित हो रहे हैं और अभी दिल्ली में एक लंबी कातार है जो भाजपा में शामिल होने को तैयार है। मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि आज देश की कई राजनीतिक पार्टियां हैं जो वायदें कुछ और करती है और जमीनी हकीकत कुछ और है लेकिन भारतीय जनता पार्टी एकलौती ऐसी पार्टी है जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रही है और देश के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसलिए अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

डॉक्टरेट की दो-दो उपाधियों से सम्मानित हुए गौरव

गाजियाबाद और बिहार के लिए हर्ष और गौरव का क्षण

गौरव कुमारको डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित करते हुए अतिथिगण

नोएडा, संवाददाता। समाजसेवा के क्षेत्र में असाधारण कार्य के लिए गौरव कुमार को दो विदेशी विश्वविद्यालयों की तरफ से डॉक्टरेट की उपाधि से पिछले दिनों सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम नोएडा के निजी होटल में आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 30 से ज्यादा लोगों को विभिन्न क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉक्टरेट का सम्मान दिया गया। इस मौके पर थोड़ा भावुक होते हुए गौरव कुमार ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और दोस्तों को दिया। पत्नी के साथ का खास जिक्र करते हुए गौरव ने कहा कि उनकी सोहबत और संघर्ष ने मुझे इस क्षेत्र में काम करने की असीम ताकत दी।

हैती और याब्रा विश्वविद्यालय ने किया सम्मानित

गौरव को डॉक्टरेट का पहला सम्मान इलियोर इवांगगेलिकल विश्वविद्यालय-हैती ने कोरोना काल में उनकी कर्मठता और जिजिविषा को देखते हुए डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा। वहीं डॉक्टरेट की एक और उपाधि गौरव कुमार को याब्रा विश्वविद्यालय ने दी। याब्रा विश्वविद्यालय ने उन्हें यह सम्मान सामाजिक एवं सामुदायिक विकास में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया है।

स्वयंसेवी संस्थाओं से भी ही चुके हैं सम्मानित

गौरतलब है कि कोरोना के वक्त जब लोग अपने घरों में दुबके हुए थे और सरकारी अमला भी शिथिल पड़ा हुआ था तब इंदिरापुरम गाजियाबाद स्थित ह्यखालसा हेल्प संगठन के बैनर तले गौरव और उनके संगी-साथियों ने मरीजों की बिना झिझक मदद की। अपने जुझारूपन के लिए मशहूर गौरव ने उस वक्त न तो अपनी चिंता की और न अपने परिवार की। उस वक्त उनमें उस महामारी से लड़ रहे मरीजों और उनके घरवालों का इलाज करना ही एकमात्र लक्ष्य था। उनके और उनकी टीम के इस हौसले और साहस का उत्तर प्रदेश सरकार के अलावा देश भर के स्वयंसेवी संगठनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की थी और उन्हें सम्मानित भी किया था।

केजरीवाल के निजी सचिव को हटाने से आबकारी नीति घोटाले की जांच का मार्ग प्रशस्त होगाः भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने बृहस्पतिवार को कहा कि सतर्कता निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव को उनके पद से हटाना एक प्रशासनिक निर्णय था जो कथित आबकारी नीति घोटाले की जांच का मार्ग प्रशस्त करेगा। भाजपा की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने कहा कि विभव कुमार को पद से हटाना जरूरी था क्योंकि उनकी नियुक्ति अवैध थी और वह दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में एजेंसियों की जांच के दायरे में थे। उनके हटने से अब मामले में निष्पक्ष जांच का रास्ता साफ हो जाएगा। बुधवार को एक आदेश में दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने नियुक्ति में नियमों और प्रक्रियाओं के कथित उल्लंघन पर केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को पद से हटा दिया। भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और केजरीवाल का भ्रष्टाचार विरोधी रुख और उच्च नैतिक आधार का दावा कुमार को हटाए जाने से खारिज हो गया है। उन्होंने कहा कि कुमार को हटाना एक प्रशासनिक निर्णय था क्योंकि उनकी नियुक्ति नियमों के अनुरूप नहीं थी। भाजपा नेता ने दावा किया कि यह फैसला आप के लिए एक झटका है। कुमार को उनके पद से हटाने के अपने आदेश में सतर्कता निदेशालय ने कहा, सक्षम प्राधिकारी ने केंद्रीय सिविल सेवा (अस्थायी सेवा) नियम, 1965 के नियम पांच के प्रावधानों के अनुसार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। कुमार को पिछले साल नवंबर में निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें नोएडा में उनके खिलाफ लंबित एक आपराधिक मामले का हवाला देते हुए कहा गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव के पद पर उनकी नियुक्ति अवैध है।

सीबीआई ने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में बीआरएस नेता कविता को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने उन्हें वहीं गिरफ्तार किया। सीबीआई के अधिकारियों ने हाल में एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद जेल के अंदर कविता से पूछताछ की थी। बीआरएस नेता से सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से बरामद व्हाट्सऐप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आम आदमी पार्टी (आप) को कथित तौर पर आबकारी नीति में बदलाव के लिए रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये दिए गए थे।

इंटरनेशनल चिल्ड्रन मस्ती डे आर्य सभागार दिल्ली में आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता

नई दिल्ली। यूनाइटेड अरब अमीरात के हंसी के ब्रांड अम्बेस्डर एवं अंतराष्ट्रीय लाफ्टर योगा को देश विदेश में फैलाने वाले योग गुरु सुमन सुनेजा ने आर्य सभागार ईस्ट ऑफ कैलाश अंतर्राष्ट्रीय चिड्रन्स मस्ती डे -2024 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बच्चे इंटरैक्टिव गेम, गाने और नृत्य जिसमें ह्लहस दे इंडियाह्व,ह्लहंसी और डांसह्व और ह्लबॉलीवुड डांसह्व जैसी मूल रचनाएँ शामिल हैं वह प्रस्तुत दी।



अंतर्राष्ट्रीय लाफ्टर योग गुरु सुमन सुनेजा ने इस आयोजन के बारे में उपस्थित जनसमूह को बताया कि चिल्ड्रन मस्ती दिवस 2024 मनाने का उद्देश्य बच्चों को मूल्यवान जीवन कौशल सिखाना है। सुमन सुनेजा ने बताया की विषम परिस्थितियों में भी कैसे खुश और तनाव मुक्त रहें। अंतर्राष्ट्रीय चिल्ड्रन मस्ती दिवस के पुरोधा श्री सुमन सुनेजा बच्चों को मजेदार गतिविधियों और हँसी की तकनीकों के माध्यम से मानसिक तनाव को दूर करके और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के कई टिप्स बच्चों की सिखाये।

सुमन सुनेजा के मुताबिक मानसिक शक्ति के लिए हँसी ही एकमात्र उपाय है। आप हँसी की तकनीकें मानसिक विश्राम और खुशी को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। ज्ञात हो कि सकारात्मक रोल मॉडल और अंतर्राष्ट्रीय लाफ्टर योग गुरु सुमन सुनेजा, दुबई के एक सम्मानित लाफ्टर एंबेसडर,युवा दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक छवि प्रदान करते रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुमन सुनेजा ने कहा कि हँसी या हसना योग एक जानबूझकर किया जाने वाला व्यायाम है जिसमें लंबे समय तक स्वैच्छिक हँसी को बढ़ावा देने के लिए गति और यौगिक साँस लेने के व्यायाम (प्राणायाम) शामिल हैं। यहां किसी चुटकुले की जरूरत नहीं है। हंसी नकली हो सकती है, और मानव शरीर और दिमाग को पता नहीं चलता कि यह नकली है। हसना योग इस आधार पर आधारित है कि जानबूझकर हंसने से सहज हंसी के समान ही शारीरिक और मनोवैज्ञानिक लाभ मिलते हैं।

उन्होंने हंसी योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हँसी योग में धीरे से खिंचाव, जप, ताली बजाना, आँख मिलाना और शरीर की हरकतें शामिल हैं। साँस लेने के व्यायाम फेफड़ों को अच्छी हँसी के लिए तैयार करते हैं। व्यायाम अभिनय, दृश्य तकनीक और चंचलता को जोड़ते हैं। आज के समय में फिट और स्वस्थ रहने के लिए हास्य योग एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। जब इसका अभ्यास समूहों में किया जाता है, तो हँसी का संक्रमण तत्व आस-पास के अन्य लोगों में तेजी से फैलता है।

राजनीतिक दलों के नगर निकाय चुनाव लड़ने पर रोक नहीं, चिह्नों का आवंटन मनमाने तरीके से नहीं : अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान के तहत उन राजनीतिक दलों पर नगर निकाय चुनाव लड़ने पर कोई रोक नहीं है, जिन्हें राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने मान्यता दी है। अदालत ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के लिए एसईसी द्वारा राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्हों का आवंटन उचित है और यह मनमाना नहीं है। अदालत ने उस याचिका को खारिज करते हुए यह व्यवस्था दी, जिसमें एसईसी को, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची में वे चुनाव चिह्न डालने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है जो राजनीतिक दलों के लिए आरक्षित हैं।याचिका में एसईसी को आरक्षित चुनाव चिह्नों के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का चुनाव कराने का निर्देश देने की भी अपील की गई है। अदालत ने कहा उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून के आलोक में, एसईसी द्वारा राजनीतिक दलों को नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए दी गई मान्यता उसके अधिकार क्षेत्र में है न कि इससे बाहर है। नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए राजनीतिक दलों पर अनुच्छेद 243जेडए या अनुच्छेद 243आर के तहत कोई रोक नहीं है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ लोग स्वयं हैं, जो प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से अपना प्रतिनिधि चुनते हैं। पीठ ने कहा जब भारत का पहला आम चुनाव हुआ, तो मतदाताओं में बड़ी संख्या में ऐसे लोग थे जो निरक्षर थे और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम नहीं पढ़ सकते थे। इसलिए, विचार-विमर्श के बाद और विभिन्न विकल्पों पर गौर करने के बाद, चुनाव चिह्नों के उपयोग की एक प्रणाली बनाई गई। पीठ के अनुसार, इस प्रणाली के तहत मतदाताओं को अपनी पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में अपने मताधिकार का उपयोग करने में मदद के उद्देश्य से, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रतीक चिह्न मतपत्र में अंकित किए गए थे।

अवैध पार्किंग | **वैशाली सेक्टर एक स्थित मैक्स हॉस्पिटल के पीछे अवैध रूप से चलाई जा रही थी पार्किंग....**

अवैध पार्किंग वसूली पर निगम अधिकारियों ने लगाई रोक

गाजियाबाद। अवैध रूप से चल रहे कार्यों पर नगर आयुक्त के निर्देश पर लगातार रोक लगाई जा रही है। इसी क्रम में अवैध पार्किंग पर भी रोक लगाई गई। नगर निगम द्वारा वसुंधरा जोन अंतर्गत अवैध पार्किंग वसूली पर रोक लगाते हुए बड़ी कार्यवाही की गई। वैशाली सेक्टर एक स्थित मैक्स हॉस्पिटल के पीछे अवैध रूप से पार्किंग चलाई जा रही थी तथा नियम विरुद्ध वसूली भी की जा रही थी। नगर निगम के संबंध पार्किंग विभाग द्वारा मैक्स हॉस्पिटल को पत्र के माध्यम से नोटिस भी भेजा गया। कार्यवाही को आगे बढ़ते हुए नगर निगम द्वारा उक्त पार्किंग स्थल को प्रक्रिया में शामिल करते हुए भारद्वाज ट्रेडिंग कंपनी को आवंटित किया

गया और निगम की आय बढ़ाई गई। चार माह के लिए 8 लाख में पार्किंग को आवंटित किया गया। 24 लाख रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से नगर निगम पार्किंग विभाग द्वारा पार्किंग को आवंटित किया गया। काफी मशक्कत के बाद संबंधित फर्म को कब्जा दिलाया गया। मौके पर पार्किंग प्रभारी डॉ संजीव सिन्हा एवं जोनल प्रभारी एसके राय, व ईटीएफ टीम उपस्थित रही। पार्किंग प्रभारी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार, मैक्स हॉस्पिटल के पीछे अवैध रूप से चलाई जा रही पार्किंग को रोका गया। नगर निगम द्वारा भारद्वाज ट्रेडिंग कंपनी को पार्किंग आवंटित की गई जिसको कब्जा दिलाया गया। काफी समय से अवैध रूप से पार्किंग चलाई जा रही थी। जिसकी पूरी कार्यवाही करते हुए पार्किंग की रसीदों को भी जब्त किया गया। भारद्वाज ट्रेडिंग कंपनी जिनको पार्किंग आवंटित की गई है। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी निगम की आय बढ़ाने के लिए पार्किंग विभाग द्वारा कार्यवाही तेज की जा रही है। ऐसे स्थान जहां अवैध पार्किंग वसूली चल रही है, उनको चयनित किया जाएगा तथा पार्किंग स्थलों को जनहित में बढ़ाया जाएगा। नगर निगम कुशल नेतृत्व में जहां शहर की स्वच्छता सुंदरता पर कार्य कर रहा है। वही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर निगम की आय बढ़ाने के लिए भी जोरों से कार्य कर रहा है। शहर में ऐसे स्थानों को चयन किया जा रहा है। जहां पार्किंग बनाई जा सकती है, उसके बाद पार्किंग नीलामी की प्रक्रिया को अपनाते हुए पार्किंग दी जाएगी और निगम की आय को बढ़ाया जाएगा। मैक्स हॉस्पिटल के पीछे की पार्किंग को नगर निगम द्वारा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए संबंधित आवंटित को कब्जा दिलाया गया। अवैध रूप से चला रहे पार्किंग पर सख्त हिदायत दी गई है, भविष्य में इस प्रकार नियम विरुद्ध कार्यवाही न करने की चेतावनी भी दी गई है।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद-उल-फ़ित्र की मुबारकबाद देती हूँ। रमजान के पावन महीने के बाद मनाये जाने वाले इस पर्व से एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार होता है। खुशियां बांटने का यह त्योहार क्षमा और दान करने की प्रेरणा देता है। मैं इस पवित्र अवसर पर कामना करती हूँ कि हमारा देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़े और सब देशवासी सदा अमन-चैन से रहें।
- द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

मुख्य समाचार

नमाजियों पर हिंदू युवाओं ने की पुष्प वर्षा, ठाकुर से हमेशा की तरह निकला प्यार का पैगाम

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा क्षेत्र में मुस्लिम समाज द्वारा ईद के त्योहार में पूरी शानो-शौकत के साथ जश्न मनाया जाता है। लेकिन वर्तमान समय में कुछ लोग इस मित्र और प्रिय को कम करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। काम कर रहे हैं। हिंदू धर्म के त्योहारों पर मुस्लिम समाज द्वारा पुष्प वर्षा करके प्यार का पैगाम दिया जाता है। तो कभी हिंदू भाईयों की नमाजियों द्वारा पुष्प वर्षा करके ईद की सिवाई खाई जाती है। हिंदू मुस्लिम एकता के माध्य को बढ़ाने का काम किया जाता है।

प्रेक्षकगण की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी कलैक्टेट सभागार में बैठक सम्पन्न

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल एवं पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में फोर्स डिप्लायमेंट, क्रिटीकल बूथ सहित अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में प्रेक्षकगणों द्वारा प्रभारियों अधिकारियों के साथ ई0वी0एम0 कंट्रोल रुम, एम0सी0सी0 उल्लंघन, क्रिटीकल बूथ, सीजर रिपोर्टस सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए दायित्वों का निवर्हन करें। बैठक में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वि रा0 सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, सिटी मजिस्टेट किंशुक श्रीवास्तव, मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध, उपजिलाधिकारी कांठ, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा, बदोवस्त अधिकारी चकबंदी सहित प्रेक्षक के लाईजन आफिसर राजेश्वर प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

आपसी भाई चारे से मना ईद का पर्व

नमाज अदा कर मांगी मुल्क मे अमन चैन की दुआ पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था मे हुई ईद की नमाज

कादिर अब्बासी पब्लिक एशिया

जहांगीराबाद। नगर में ईदगाह व जामा मस्जिद पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। नमाज अदा कर अकीदतमंदों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। नगर के बालाजी मंदिर के निकट स्थित ईदगाह पर शहर इमाम डॉ कलीमउर्रहमान बुखारी ने लगभग 15 हजार लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आया एसडीएम नवीन कुमार, सीओ डॉ अनूप सिंह व कोतवाली प्रभारी रमाकांत पचौरी पुलिस बल के साथ ईदगाह पर तैनात रहकर शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाये रहे। ईदगाह पर राजनैतिक दलों के नेताओं ने पहुंच कर नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगरपालिका के ईओ मणीजी सैनी ने कैम्प लगवाया जिसमे अधिकारियों ने लोगों को ईद की बधाई दी।जामा मस्जिद पर मौलाना अल्लानूर ने ईद की नमाज अदा कराई। शहर इमाम ने कहा कि ईद खुशी और भाईचारे का त्यौहार है। इस त्यौहार पर लोग गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के गले लगते हैं। यह त्यौहार कौमी एकता का भी प्रतीक है। इसके बाद मुबारकबाद देने के लिए विभिन्न राजनैतिक दल के नेताओं ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। जिसमे नगरपालिका चेयरमैन किशनपाल लोधी, पूर्व विधायक होशियार सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष अजीत हिमाचल सिंह, सभासद सुल्तान अंसारी, संजय सैनी, ओमप्रकाश लोधी, मनमोहन अग्रवाल, धन्नू राजौरा, सभासद मनोज शास्त्री, इरफान गुड्डू, हाजी खालिद सिद्दीकी, कृष्णकांत वार्ष्णेय, विनय अग्रवाल, कांग्रेस नेता अम्बरीश वर्मा व बसपा के लोकसभा प्रत्याशी गिरीशचंद जाटव ने मुस्लिम इलाको में पहुंच कर ईद की बधाई दी। ईद की खुशियां बच्चों में अधिक दिखाई दी। बड़ों के साथ वह नमाज पढ़ने पहुंचे। ईदी पाकर बच्चे खुश दिखाई दिए। लोगों ने एक दूसरे को शीर पिलाकर मुंह मीठा कराया।

इत्तहाद » देश की तरक्की के लिए उठे हजारों हाथ, मांगी खुशहाली की दुआ

ईद-उल फितर की नमाज़ के बाद देर शाम तक चला मुबाकरबाद का सिलसिला

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। ईद-उल फितर के पर्व का मुस्लिम समुदाय में एक विशेष महत्व होता है और यह और पर्व आपसी भाई चारे का संदेश देता है। ख़ासकर इस पर्व पर सिबई के साथ अनेक प्रकार के व्यंजन बनाए जाते है। मुस्लिम समुदाय के लोग एक माह तक रोजा रखकर ईश्वर की भक्ति करते है। साथ ही देश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी ईश्वर के प्रार्थना करते है। जिसके बाद ईद-उल फितर का पर्व मनाया जाता है। गुरुवार पूरे भारतवर्ष में बड़े ही हर्षों उल्लास के साथ ईद-उल फितर का पर्व मनाया गया।

इसी क्रम में मूंढापाण्डे, कुंदरकी बिलारी, डिलारी, पाकवाड़ा, के गांव लालाटीकर ,रौंडा ,दौलतपुर-अजमतपुर ,रसूलपुर नगली,वाकीपुर जटनी,में ईद-उल फितर की नमाज़ शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। नमाजियों ने अपने देश की तरक्की और खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नमाज़ संपन्न होने के बाद लोगों ने ईर्ष्या को त्यागकर एक दूसरे के गले लगकर ईद-उल फितर की मुबारकबाद प्रस्तुत की। साथ ही गांव में आपसी सद्भाव का संदेश दिया। जिसके बाद लोग एक दूसरे के यहां ईद की मुबारकबाद देने के लिए पहुंचे ,जहां पर लोगों ने ईद के पर्व पर सिबई के साथ अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान हाफिज कारी गुफरान खान ,हाफिज मौ कैफ ,डॉ अब्दुल खालिक ,मुस्तकीम मालिक , हारून मालिक ,जिशान , रहमत अली नेता जी आले हसन , मुनाशिफ , मुशाहिद लाला ,सलीम साजिद सैफी ,एहसान सैफी ,समेत तमाम गांव के लोग मौजूद रहें।

दलपतपुर की ईदगाह मे गले मिलकर एक-दूसरे को दी। ईद की बधाई,

मुरादाबाद। मूंढापांडे क्षेत्र में लगने वाली ग्राम पंचायत दलपतपुर ईदगाह में ईद का पर्व की धूमधाम रही, हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई, एक दूसरे से गले मिलकर सभी ने पर्व की बधाई दी, बच्चे भी काफी उत्साहित थे,वैसे ईद की मुबारकबाद और शुभकामनाएं देने का सिलसिला बुधवार की रात से ही शुरू हो गया था, मूंढापांडे से लेकर शहर के विभिन्न बाजारों में लोग एक दूसरे को बधाई देते दिखे, गुरुवार को सुबह ईदगाह पर काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए,ईद की नमाज ईदगाह में अदा की, इसके बाद एक दूसरे से गले-मिलकर सभी को ईद की मुबारकबाद दी, नन्हे-मुन्ने बच्चे भी सिर पर टोपी लगाकर एक दूसरे के गले मिले, और ईद की बधाई दी, नमाज, दुआ और खुतवा हुआ, मौलवी यासीन ने कहा कि यह दिन हमें शिक्षा देता है कि बुराइयों से तौबा करो, अच्छाइयों को अपनाओ,और तालिब मौलाना ने जानकारी देते हुए बताया ईद की नमाज सभी जगह ईदगाह में ही अदा की गई है।

कुट्टू का आटा खाने से बीमार हुए लोगों के बाद आधा दर्जन दुकानदार और फैक्ट्री स्वामी पर मुकदमा दर्ज

कैला मसाले की फैक्ट्री की गई सील

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

मथुरा » महानगर में बुधवार को कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पूड़ी खाने से दर्जनों लोगों के बीमार होने की घटना के बाद डीएम की फटकार के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने किराना मर्चेंट का सामान बेचने वालों की दुकानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है । जनपद में कुट्टू का आटा खाने से बीमार हुए लोगों के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई । इसके तहत गांव बाटी से बंटू अग्रवाल के यहां से कुट्टू के आटा का नमूना लिया गया । दुकानी स्वामी ने बताया कि उसने कुट्टू का आटा अजय प्रोवीजन स्टोर, सौंख रोड़, मंडी चौराहा से खरीदा था । इसके बाद खाद्य कारोबारी बंटू अग्रवाल और थोक विक्रेता अजय प्रोवीजन स्टोर, मंडी समिति के खिलाफ थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है । इसके अलावा खाद्य विभाग की टीम ने मंडी समिति से सोनू (उस्फार वाले) से पेक्ड कुट्टू के आटा का नमूना लिया गया । जिस पर निर्माता कैला मसाले, वृंदावन हुआ था । खाद्य टीम ने सोनू उस्फार वाले और कैला मसाले फैक्ट्री संचालक के खिलाफ थाना हाईवे में रिपोर्ट दर्ज करायी है । दूसरी ओर खाद्य विभाग ने वृंदावन स्थित कैला मसाले फैक्ट्री पर पहुंची । जहां फैक्ट्री में ताला लगा हुआ मिला । इसके बाद फैक्ट्री संचालक को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने फोन किया लेकिन उसका फोन बंद मिला । इसके बाद खाद्य सुरक्षा टीम ने फैक्ट्री को सील कर दिया गया । इधर खाद्य विभाग की टीम ने मंडी समिति, मथुरा स्थित नितिन किराना स्टोर से बेसन, सैफल किराना स्टोर से साबूदाना, जगदीश प्रसाद के यहां से मिश्रित आचार तथा अनिल खंडेलवाल के यहां से पिसी मिर्ची का नमूना लेकर जांच के लिए भेजे हैं । दूसरी ओर खाद्य सुरक्षा टीम ने कस्बा अड़ीग और गोवर्धन में खंडेलवाल किराना स्टोर से कुट्टू के आटा के 2 नमूने लिए, जिसमें एक खुला और एक पैक्ड था । उन पर भी निर्माता कैला मसाला, लिखा हुआ था । खाद्य सुरक्षा टीम ने इस मामले में भी थाना गोवर्धन में संबंधित दुकानदार और फैक्ट्री संचालक के रिपोर्ट दर्ज करायी गई है । खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डा. गौरी शंकर के नेतृत्व में खाद्य टीम द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से मिलावट खोरी करने वाले दुकानों को बंद करके भाग खड़े हुए ।

अपराध मुक्त माहौल बनाने में पुलिस को फिर मिली सफलता

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़ शातिर बदमाश गिरफ्तार, शस्त्र कारतूस औजार बरामद

मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

स्याना/बुलंदशहर » पुलिस विभाग द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस को फिर बड़ी सफलता मिली है। चुनाव से पूर्व अपराध मुक्त माहौल बनाने की दिशा में पुलिस दिन-रात अपराधियों के पीछे हाथ धोकर पड़ी हुई है जिसके आशानुकूल परिणाम सामने आ रहे हैं।पुलिस मीडिया सेल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 10/11 अप्रैल की रात्रि में बुलंदशहर कोतवाली देहात पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दिया। कोतवाली देहात बुलंदशहर के प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अगरपुर मिर्जापुर छोटी सराय को जाने वाले रास्ते पर जूट मील के खण्डहर से 1 अभियुक्त को भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में बुलंदशहर कोतवाली देहात पर मुअसं- 204/24 धारा 5/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता

शानू उर्फ शाहनवाज उर्फ दिल्ली पुत्र शरीफ निवासी मौहल्ला आनन्द विहार, 40 फुटा रोड़, बुलन्दशहर है। बरामदगी के विषय में जानकारी दी गई है कि 6 तमंचे 12 बोर मय 2 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस, 2 अधबने तमंचे 12 बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों में 4 नाल (लोहे की), 1 प्लास, 1 रेती (लोहे की), 2 हथौड़ा (छोटा व बड़ा), 1 संडासी, 1 छैनी, 1 लोहे का ठीया, 1 लोहा काटने की आरी, 2 लोहा काटने की आरी के ब्लेड, 2 पेंचकस, 2 इमरजेन्सी लाइट, 2 लकड़ी के टूकड़े, 1 गैस स्लैण्डर मय बर्नर (5 किलो का), पेंच, 4 टुकड़े रेगमाल आदि बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त शानू उर्फ शाहनवाज उर्फ दिल्ली के आपराधिक इतिहास के अनुसार उसके विरुद्ध बुलंदशहर कोतवाली देहात तथा बुलंदशहर नगर कोतवाली पर 12 मुकदमे दर्ज हैं। जारी प्रेस नोट के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उसके द्वारा तमंचे तैयार कर उन्हें 5 से 7 हजार रुपये में बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सोमवीर सिंह (प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात), उपनिरीक्षक राहुल कौशिक, हैड कांस्टेबल अनुज कुमार शामिल रहे।

ईद-उल-फितर जनपद भर में सादगी और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया

सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन रहा अलर्ट

जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक नगर ने दी नमाजियों को ईद की मुबारकबाद

अंकुर जैन/जाहिद अंसारी

सहारनपुर। इस्लाम का मुकद्दस और पाक रमज़ान माह के अलविदा होने के बाद आज देशभर में खुशियों और भाईचारे का त्यौहार ईद-उल-फितर ईद की नमाज़ अदा कर सादगी से मनाया गया। उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर में मुस्लिम समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, नोजवानो और बच्चों में ईद के आने का उत्साह, उमंग और चेहरे पर ईद की खुशी साफ नज़र आ रही है।

जिले भर की अलग-अलग सभी बड़ी मस्ज़िदों में ईद-उल-फितर की नमाज़ अदा की गई। सहारनपुर में सबसे पहले शहर की जमा मस्जिद में 6.45 पर ईद की नमाज़ अदा की गई। उसके बाद ईदगाह कफीम में 8.15 मिनट पर शहर काज़ी नदीम अख्तर ने नमाज़ अदा कराई। बड़ी मस्जिद बादशाही में 9 बजे नमाज़ अदा कराई गई। ईद के मुकद्दस त्यौहार को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर रहा और चप्पे चप्पे पर निगरानी रखी गई।सहारनपुर के जिला अधिकारी दिनेश चन्द्र सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताडा व पुलिस अधीक्षक नगर ने ईद की नमाज़ के बाद अकीदत मंद को ईद की मुबारकबाद देते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया। नमाज़ से पहले इमामो ने इस्लाम की खूबसूरती पर तकरीरें की जिसमे इंसान को अल्लाह के तमाम हुकमो पर चलने और इस्लाम के आखिरी पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्ल. के बताए हुए तरीके और रास्ते पर चलने की हिदायत दी गई। ईद की नमाज़ के बाद मुस्लिम समाज के लोगो ने आपस मे गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी एवं नए-नए कपड़े पहने बच्चों को ईदी के रूप में पैसे दिए। घरों में दावतों का दौर भी शुरू हो चुका है, जो लगातार 3 दिनों तक चलेगा। इस दौरान सिवेंय्या, शीर-खुरमा, छोले, दही-बड़े आदि की दावत की जाती है। बड़ी मस्जिद बादशाह के इमाम साहब ने ईद की नमाज़ से पहले अपने बयान में ईद की अहमियत को समझाते हुए कहा की हमने जिस तरह रमज़ान के महीने में अल्लाह की इबादत की, नमाज़ पढ़ी रोज़े रखे, ज़िक्र और तिलावत की, सदक़ा-खैरात और ज़कात दी एवं तमाम गुनाहों से दूर होकर अल्लाह के करीब रहे अब हमें उसी तरह से अपनी बाकी बची हुई ज़िन्दगी को गुज़ारना है। रमज़ान आकर हमे यही सबक देता है की हम मुत्तक़ी और परहेज़गार बने दीन की मेहनत के लिए हमेशा तैयार रहे ।

नमाज अदायगी की व्यवस्थाओं पर मुस्लिमों ने प्रशासन का जताया आभार

डीएम एसएसपी ने ईद की दी बधाई

मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

स्याना/बुलंदशहर » गुरुवार को ईद उल फितर के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए जनपद बुलंदशहर में ईदगाहों पर जिला प्रशासन की ओर से साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। जनपद मुख्यालय पर ईदगाह में शहर काजी मौलाना जैनुआब्दीन द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह तथा एसएसपी श्लोक कुमार ने नगरपालिका (बुलंदशहर) द्वारा बनाए गए कैम्प में उपस्थित रहकर ईद की नमाज अदा करके वापस अपने घरों को जाते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की हार्दिक शुभकामनायें दीं। बच्चों को खिलौने भी दिए गए। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नमाज अदायगी के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रप्रकाश प्रियदर्शी, सीओ सिटी विकास प्रताप चौहान उपस्थित रहे। स्याना, गुलावठी, नरसेना, बीवीनगर, बुगरासी, भवनबहादुर नगर, औरंगाबाद, अगौता सहित जनपद के सभी गांव-कस्बों में ईद खुशनुमा माहौल में मनाई गई। डॉ रईस मलिक, ताहिर अली सैफी, महबूब चौधरी, चौधरी शफीक, आशीष कुमार, दीपक कुमार, नितिन सिंहल सिंटू, राजेश कुमार ने मुस्लिम समाज को ईद की बधाई दी। स्याना में नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर की देखरेख में ईदगाह पर माकूल व्यवस्था की गई। स्याना कोतवाल शैलेंद्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

मुख्य समाचार

मोबाइल पर भेजे गए बल्क एसएमएस का खर्च भी जुड़ेगा उम्मीदवार के खाते में - डीसी

प्रदीप गौतम पब्लिक एशिया

गुरुग्राम । डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान प्रत्याशी की ओर से थोक में भेजे गए एसएमएस का खर्च उसी के चुनाव खर्चे में जोड़ा जाएगा। ये एसएमएस आडियो, वीडियो, टेक्स्ट आदि किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने आज बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जिला में मीडिया मानिटरिंग कमेटी गठित कर दी गई है। जो कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी रख रही है । आयोग की ओर से सोशल मीडिया के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों को ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। निशांत कुमार यादव ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर एमसीएमसी कमेटी की कड़ी नजर रहेगी। किसी उम्मीदवार पर व्यक्तिगत आक्षेप, किसी जाति, धर्म पर गलत टिप्पणी की गई तो ऐसे एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले बंद हों जाएंगे मोबाइल मैसेज

अल्लाह की बारगाह में झुके हजारों सर अमन व शांति के माहौल में संपन्न हुई, ईद उल फितर की नमाज

जुबैर आलम पब्लिक एशिया

मैनाठेर। ग्राम इमरतपुर उधौ की ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह 8» 00 बजे शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई।ईदगाह पर हजारों की संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए पहुंचे।लोग एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।ईदगाह पर पहले इमाम साहब ने तकरीर की जिसमें उन्होंने बताया कि रोजा रखना और पांच वक्त की नमाज पढ़ने हर मोमिन के लिए जरूरी है।तकरीर के बाद बड़ी मस्जिद के इमाम साहब दिलशाद हुसैन ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई।बच्चों से लेकर बड़ों के चेहरों पर ईद की खुशियां झलक रही थी।और सुबह से ईद की नमाज की खुशियां घरों में शुरू हो गई।माता-पिता ने अपने छोटे-छोटे बच्चों को खूब संवारा सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह में पहुंचकर ईद उल फितर की नमाज अदा की।और देश- प्रदेश के लिए अमन और शांति की दुआ मांगी।इसमें पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा।जिसमें मौलाना दिलशाद हुसैन इमाम साहब, आसिफ रंजा, साने रब डीलर, मुस्तफा चौधरी, बाबूउददीन ,फिरोज आलम ,मुशाहिद, फौजी रजाबुल, डॉक्टर जाबिर हुसैन ,खुर्शीद मलिक, मौलाना आरिफ हुसैन ,डॉक्टर इंतेखाब हुसैन, डॉक्टर असलम हुसैन, डॉक्टर बिलाल हुसैन, मोहम्मद फहीम मोहम्मद रेहान डॉक्टर भूरे मोहम्मद वसीम मोहम्मद नदीम महफूज हुसैन जुबैर आलम पत्रकार नूर मोहम्मद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

पड़ोसी राज्यों के कर्मचारी मतदाताओं के लिए मतदान के दिन रहेगा पेड होली-डे

प्रदीप गौतम पब्लिक एशिया

गुरूग्राम, । डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सरकार ने पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है को वोट डालने के लिए पेड होली-डे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है तो ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होली-डे के रूप में नामित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 01 जून, 2024 तथा उत्तराखंड में 19 अप्रैल, राजस्थान में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल, एनसीटी दिल्ली में 25 मई , हिमाचल प्रदेश में 01 जून, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ में 01 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव होने हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी केवल अपने संबंधित संसदीय क्षेत्र में मतदान के दिन ही पेड होली-डे (सवैतनिक अवकाश) के हकदार होंगे।

मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना

नारनौल में स्कूल बस पलटने से आठ बच्चो की मौत, अन्य 37 घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नारनौल » हरियाणा के नारनौल में कनीना के गांव उन्हानी के पास बृहस्पतिवार को एक दर्दनाक बस हादसा हो गया। एक पेड़ से टकराकर स्कूल बस पलट गई। दुर्घटना में आठ बच्चों की मौत हो गई और करीब 37 अन्य घायल हो गए। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई । गंभीर घायलों को रेवाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया । सूचना पर स्थानीय पुलिस और लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्हाणी स्थित महिला कॉलेज के निकट सुबह हुई दुर्घटना के दौरान स्कूल बस चालक चलती बस से कूद गया और बस एक पेड़ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि बस पलटते ही स्कूली बच्चे बस के शीशों में से बाहर निकल कर गिर गए। बस में कुल 45 बच्चे थे और 37 अन्य घायल हुए। जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की यह स्कूल बस सेहलंग, झाड़ली, धनौंदा, से कनीना की ओर बच्चों को लेकर जा रही थी। ईद होने के बावजूद स्कूल की छुट्टी नहीं की गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक बस से कूद गया। इसके बाद बस का पिछला हिस्सा पेड़ से टकरा गया। इस कारण बस पलट गई। बस की गति तेज होने की वजह से कुछ बच्चे शीशे तोड़ते हुए बाहर निकल कर गिए गए। कनीना से कुछ घायल बच्चो को नारनौल, पीजीआइएमएस रोहतक और रेवाड़ी रेफर किया गया। छितरौली के एक बच्चे की मौत मौके पर ही हो गई है। पुलिस वैन को उठाकर पुलिस थाने में ले आई। चालक अभी तक फरार है।

घायलों का हाल जानने के लिए विधायक सीताराम यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव और सीएमओ डा. रमेश आर्य भी अस्पताल में पहुंचे । इस पर वहा मौजूद लोगों ने जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने स्कूल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पता चला है कि सेहलंग के ग्रामीणों ने बस चालक को शराब पिए हुए देखकर रोकने का प्रयास भी किया था, लेकिन वह नहीं रूका। मृतकों में अधिकांश बच्चे गांव धनौंदा के रहने वाले हैं।

मोदी, अमित शाह और हरियाणा के नेताओ ने स्कूल बस हादसे पर संवेदनाएं व्यक्त की

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ । नारनौल बस हादसे पर राजनेताओं ने गहरा दुख जताया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है।मेरी शोक संवेदनाओं उन सभी परिवारों के साथ है जिन्होंने अपने बच्चों को खो दिया। हादसे के बाद राजनेताओं के बयान आने शुरू हो गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल, विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा आदि नेताओं ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर हादसे को लेकर शोक प्रकट किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने नारनौल बस हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है।इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा-हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूल बस का दुर्घटनाग्रस्त होना बेहद दुःखद है। मेरी संवेदनाएँ मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। स्थानीय प्रशासन के द्वारा घायल बच्चों को सहायता पहुँचाई जा रही है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लिखा- महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से आहत

हूं। मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने मासूम बच्चे खोए हैं। स्थानीय प्रशासन घायलों की सहायता के लिए मुस्तैद है।सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुई बस दुर्घटना में मासूमों की मौत का समाचार बेहद दुखद है। मैं सभी शोकसंतप्त परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाए व्यक्त करता हूं। साथ ही सभी घायलों के जल्द ही ठीक होने की आशा करता हूं।

हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा- कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ जिसमें कुछ बच्चों की असामयिक मृत्यु होने और कुछ के घायल होने की सूचना है। मैं सभी शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूँ और घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा- नारनौल के उन्हानी के पास स्कूल बस के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई बच्चों की दु» खद मृत्यु और कई बच्चों के घायल होने की खबर पीड़ादायक है। इस हादसे में अपने बच्चों को खोने वाले परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि बस दुर्घटना में घायल बच्चे जल्द से जल्द स्वस्थ हों।

कांग्रेस पार्टी की महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने इस हादसे पर कहा- महेंद्रगढ़ के उनहानी गांव में बच्चों से भरी स्कूल बस के पलटने की दुखद सूचना से मन अशांत है। इस दुर्घटना में कई बच्चों की मृत्यु हो गई, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें एवं परिवारजनों को इस दुख की घड़ी से उबरने का संबल दें। मैं ईश्वर से घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करती हूं।

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने घटना पर सवाल उठाते हुए लिखा- महेंद्रगढ़ के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस पलटने से आधा दर्जन बच्चों की मृत्यु हो गई। इस घटना के लिए स्कूल के साथ ही जिला प्रशासन भी दोषी है। आज अवकाश के बावजूद स्कूल क्यों खोला गया? काश निजी स्कूलों की मनमानी पर जिला शिक्षा अधिकारी का समय पर चाबुक चलता, तो शायद आज यह घटना ना होती। दिवंगत नौनिहालों को नम आँखों से श्रद्धांजली। ईश्वर उनके परिवारों को यह दुख सहने कि शक्ति दे।

हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम और जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने अपने %एक्स% पोस्ट में लिखा-महेंद्रगढ़ के उन्हानी गाँव में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार मिला है जिसमें बच्चों के निधन और कुछ बच्चों के घायल होने की हृदय विदारक सूचना है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि मृतक बच्चों की आत्मा को शान्ति प्रदान करे और घायलों को जल्द स्वस्थ करे। भगवान से प्रार्थना है कि बच्चों के परिवार को ये अपार पीड़ा सहने की शक्ति दे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्कूल बस हादसे में दिवंगत बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई

चंडीगढ़,। हरियाणा के नारनौल स्कूल बस हादसे पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिवंगत बच्चो के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हादसे की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेवाड़ी के निजी अस्पताल में पहुंची उधर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने रेवाड़ी पहुंचकर निजी अस्पताल में भर्ती 12 छात्रों का हाल जाना। इस मौके पर सीमा त्रिखा ने कहा - निजी स्कूल संचालक व्यापार करना बंद करे।उन्होंने कहा कि स्कूल बस के ड्राइवर के साथ-साथ स्कूल के प्रिंसिपल व मालिक के खिलाफ ह एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। स्कूल संचालक बच्चों की तरह खुद सीखे संस्कार ग्रहण करे। अवकाश के दिन स्कूल खोलना भी गंभीर बात है।.उन्होंने प्रदेश के सभी शिक्षा अधिकारी को ऐसे मामले में दिए कार्रवाई के निर्देश। स्कूल बस हादसे पर पूर्व सीएम मनोहरलाल ने कहा कि घायल बच्चों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर कर रहे है। घायल बच्चों के इलाज का खर्च सरकार वहन करेगी ।मृतक बच्चों के परिजनों को उचित मुआवज़ा दिया जाएगा। जाँच के बाद दोषियों को दी जाएगी कठोर सजा।

हादसे की जांच करवा कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई का ऐलान

मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ रहे हैं लोग : डीसी

जिला में स्वीप के कार्यक्रमों की सफलता से उत्साह बढ़ा

प्रदीप गौतम पब्लिक एशिया

गुरुग्राम । जिला में मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप अभियान में आम जनता की भागीदारी दिन-प्रतिदिन और बढ़ती जा रही है। मतदान को लेकर इस बार लोगों में जोश दिखाई दे रहा है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला के ग्रामीण व शहरी इलाकों में स्वीप के सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें आम जन की उपस्थिति इस बार उत्साहजनक नजर आ रही है। जिला के आम वोटर यह संकल्प ले रहे हैं कि वे 25 मई को अपने बूथ पर वोट डालने जरूर जाएंगे। लोकसभा चुनाव -2024 में आम जनता के द्वारा रिकॉर्ड मतदान किया जाएगा। मतदान से अपना जनप्रतिनिधि चुन कर हम अपने क्षेत्र और गांव का विकास करवा सकते हैं।डीसी ने बताया कि गांव मोकलवास, कारोला, बासुंदा, पटौदी, फर्रूखनगर, सोहना और गुड़गांव ब्लाक में जिला खेल अधिकारी रामनिवास, महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारियों ने रैली निकाल कर लोगों को

वोट देने के लिए जागरूक किया। गुरुग्राम के लघु सचिवालय परिसर तथा विकास सदन में पांच आकर्षक सेल्फी प्वाईंट बनाए गए हैं, जो कि युवा पीढ़ी को वोट बनवाने व वोट देने के लिए प्रेरित कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल तक 18 साल के युवा अपना वोट बनवा सकते हैं।

किसान यूनियन ने नई अनाज मंडी में किसानों की समस्याओं को लेकर मार्किट कमेटी सचिव को सौंपा ज्ञापन

सुभाष सिसोदिया, पब्लिक एशिया

घरौंडा » भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के किसानो ने नई अनाज मंडी में किसानों के सामने आ रही समस्याओ को लेकर मार्किट कमेटी के सचिव चंद्रप्रकाश को ज्ञापन सौपा। किसानों का कहना है कि मंडी के एंट्री पर दोनों कांटे दुरुस्त नहीं है। इसी के साथ अन्य कई समस्याओ को लेकर अवगत कराया गया । जिसको लेकर सचिव ने सभी समस्याओ का तुरंत निदान करने का किसानो को आश्वासन दिया है।

वीरवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अजय राणा, सुनील कुमार व अन्य किसान मार्किट कमेटी कार्यालय में पहुंचे और उन्हें मार्केट कमेटी के सचिव चंद्रप्रकाश को अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौपा। किसान नेता अजय सिंह राणा ने बताया है कि मंडी के एंट्री गेट पर दोनों कांटे अभी तक दुरुस्त नहीं है। इसी के साथ मंडी में पीने के पानी व शौचालयों की हालत ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा चौंक से नई अनाज मंडी रोड पर दोनों तरफ से गेंहू लेकर किसान मंडी में पहुंचते है। जिससे जाम की स्तिथि बनी रहती है। इसलिए इस मार्ग को वन वे बनाने की मांग

रखी। किसानों का कहना है कि गेट पास पर जो कर्मचारी तैनात होते है, उनका किसानों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं होता। जिससे अक्सर किसानों व कर्मचारियों में झगड़े होते रहते हैं। किसानो ने सचिव से मांग की गटेपास बूथों पर किसानों के साथ सही व्यवहार करने वाले कर्मचारियों को तैनात किया जाए। बाद में सचिव ने किसानों को सभी मुद्दो पर बातचीत की ओर सभी समस्याओ के बारे में अवगत कराया। किसान अजय राणा ने बताया कि मार्किट कमेटी के सचिव ने सभी समस्याओ का हल करने का आश्वासन दिया है।

मार्किट कमेटी के सचिव चंद्र प्रकाश ने बताया कि मंडी की कुछ मांगों को लेकर किसान उनसे मिले थे। किसानो की हर समस्या हल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी कुछ समस्याओ को पहले हल हो चूका है। सचिव ने बताया कि मंडी में किसानों व्यापारियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं दी जाएगी। कार्यालय में हेल्पलाइन डेक्स लगाया गया है, अगर किसी भी किसान व व्यापारी को कोई दिक्कत है तों वह अपनी समस्या रख सकता है। सभी समस्याओं का तुरंत समाधान होगा।

फोटो कैप्शन -अपनी मांगो को लेकर मार्केट कमेटी के सचिव चंद्रप्रकाश को ज्ञापन सौंपते किसान।

ईद उल फितर पर देश ओर दुनिया में प्यार मोहब्बत और अमन शांति के लिए दुआओं में उठे हाथ

नूंह जिला में हर्षोल्लास के साथ मना ईद का त्यौहार

बच्चों और बड़ों ने एक दूसरे के गले लग कर दी ईद की बधाई

जुबैर खान पब्लिक एशिया

नूंह » बृहस्पतिवार को नूंह जिला में ईद उल फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह ईदगाहों में नमाज अता कर लोगों ने देश और दुनिया में अमन चैन और शांति के साथ-साथ प्यार मोहब्बत से रहने के लिए दुआएं मांगी। बता दें कि ईद का त्यौहार मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार है जो साल में एक बार आता है और एक माह के रमजान रखने के बाद इस त्यौहार को पूरे भारत में ईद की नमाज अता कर एक साथ मनाया जाता है। ईद का त्यौहार रमजान के महा में रखे गए रोजों और पढ़ी गई तरावीह को खुदा की बारगाह में कबूलियत के लिए ईद की नमाज अता कर अपने मकसद के लिए पढक़र मनाया जाता है। बृहस्पतिवार को नूंह कि शाही

ईदगाहके अलावा बड़े गांव घासेड़ा, मालब, अड़बर सहित अन्य मदरसों में लोगों ने ईद की नमाज अता की इस दौरान 2 रकात नमाज ईद उल फितर की अता कर लोगों ने देश और दुनिया में अमन शांति और एकता के लिए दुआएं मांगी। देश और दुनिया में आ रहे कुदरती अजाबों और फैलती इंसानियत की दुश्मनी को खत्म करने के लिए भी लोगों ने दुआएं मांगी। सुबह -सुबह अपने बच्चों को नए नए कपड़ों के साथ लोग ईदगाह में आते हुए दिखाई दिए। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने घरों में खीर, सिमैंया और मीठे पकवान बनाकर एक दूसरे को खिलाते हुए एक दूसरे के साथ गले लगकर बधाई दी। इस दौरान नूंह कि शाही ईदगाह के मौलाना खालिद कासमी ने बताया कि रमजान महा में रोजा रखने के साथ-साथ तरावीह पढक़र पूरी ईबादत की जाती है, इतना ही नहीं रमजान माह में कुरान शरीफ पढक़र पूरी तरह इबादत के साथ तिलावत की जाती है। उन्होंने बताया कि रमजान माह पुरा इबादत का महीना है। इस महीने में गरीब लोगों की खुलकर मदद की जाती है। इस माह में जहां अपने माल का जकात, फितरा गरीब लोगों में दिया जाता है, वहीं इस माह में लोग एक साथ में बैठकर अपने और बस्ती और अपने देश के लिए दुआएं मांगते हैं अल्लाह पाक बैठे लोगों की दुआएं कबूल करता है।मौलाना खालिद कासमी ने बताया कि रमजान का महीना मगफिरत और मोहब्बतों का महीना है इतना ही नहीं इस माह में अल्लाह पाक लोगों को सब्र करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि रमजान का पाक महीना दूसरों की मदद करने के साथ-साथ एक दूसरे पर प्यार और मोहब्बत से रहने के साथ-साथ भरोसा करने का भी पैगाम देता है। इतना ही नहीं रमजान के 1 माह बाद रमजान के महीने में की गई ईबादत और अपनी मगफिरत के लिए ईद के दिन 2 रकात नमाज पढक़र ईद का त्यौहार खुशी-खुशी मनाया जाता है।

ईद उल फितर का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया

घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ईद के त्पयौहार पर शिरकत करते हुए

सुभाष सिसोदिया पब्लिक एशिया

घरौंडा » ईद उल फितर का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा कर सुख शांति की कामना की। वही विधायक हरविंदर कल्याण सुबह मस्जिद में पहुंचे और उन्हें सभी को ईद की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जो पर्व होता है, वह रिश्तो को मजबूत करने वाले होते है।

वीरवार को ईद उल फितर का त्यौहार को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में भारी उत्साह नजर आया। विधायक कल्याण के मस्जिद में पहुंचने पर समाज के लोगों ने उनका फूल मालाओ के साथ स्वागत किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद में जाकर नवाज अदा करते हुए एक दूसरे गले मिलकर की पर्व हार्दिक शुभकामनाएं दी।

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि ईद उल फितर का पर्व बड़ा ही पवित्र त्यौहार होता है। इस पर्व को मीठी खीर का पर्व वभी कहा जाता है।

उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी पर्व होता है, उसको सभी ने मिलजुल कर मानना चाहिए। जिससे भाईचारे में भी मजबूती आती है।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू को ईद की बधाई दी। कहा कि हम जिस पारंपरिक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मनाते हैं ये दुनिया भर के लोगों को करुणा भाईचारे और एकजुटता के मूल्यों की याद दिलाता है जो एक शांतिपूर्ण और समावेशी दुनिया के निर्माण के लिए आवश्यक हैं जिसकी हम सभी इच्छा रखते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मुख्य समाचार

दुकान के बाहर रखे पुराने टायरों में चिंगारी से लगी भीषण आग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। शीशगढ़ मानपुर में स्पेयर पार्ट्स की दुकान के बाहर रखे पुराने टायरों के ढेर में कूड़े से निकली चिंगारी से भीषण आग लग गई।ग्रामीणो ने एकजुट होकर घंटों मशक्क़त कर आग पर काबू पाया।ग्रामीण आग को लगभग बुझा चुके थे तब बहेड़ी फायर स्टेशन से दमकल पहुंची तब पूरी तरह से आग बुझाई जा सकी।आग पर जल्द काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की दुकानों में भी आग लग सकती थी।गाँव मानपुर में बहेड़ी शीशगढ़ रोड पर बनइया मोड़ के पास गुड्डू की भारत स्पेयर पार्ट्स के नाम से दुकान है।आज ईद की बजह से दुकान बन्द थी। दुकान के बाहर दुकान मालिक ने पुराने टायरों का ढेर लगा रखा था।पास में ही घूरे पड़े हुए हैं। घूरे के ढेर पर किसी राहगीर ने सुलगती बीड़ी फेंक दी थी।दोपहर लगभग दो बजे सुलगते घूरे से टायरों के ढेर में भीषण आग लग गई।पडोसी दुकानदारों की सूचना पर पहुँचे दुकान मालिक ने आग लगने की सूचना पुलिस को देने के बाद ग्रामीणो की मदद से मोटर व नलों से पानी डालकर आग को बुझाना शुरू कर दिया था।लगभग एक घण्टे की मशक्क़त के बाद ग्रामीण लगभग आधी आग बुझा चुके थे।तब पुलिस की सूचना पर बहेड़ी फायर स्टेशन से दमकल पहुंची।और आग पूरी तरह से बुझाई जा सकी।यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की दुकानों में आग लग सकती थी।जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था।दुकान मालिक गुड्डू ने बताया कि आज ईद की बजह से दुकान बन्द थी।आग लगने का कारण उसे ज्ञात नहीं।अनुमान है कि घूरे से ही टायरों में आग लगी है।जिससे उसका हजारों रुपए का नुकसान हो गया।इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने वताया कि दुकान के बाहर खाली प्लाट में रखे पुराने टायरों में घूरे से आग लग गई थी।दमकल की मदद से आग बुझा दी थी।आठ से टायर जल गए हैं।

मीडिया प्लेटफार्म पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की हो रही निगरानी

किसी भी ग्रुप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से सम्बंधित पोस्ट प्रसारित हुई तो सम्बंधित एडमिन के विरुद्ध होगी कार्यवाही

बरेली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की दृष्टि से प्रशासन सतर्क है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। उक्त की दृष्टि से सभी ग्रुप एडमिन को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये हैं कि यदि किसी भी ग्रुप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से सम्बंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सम्बंधित एडमिन के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। किसी भी ग्रुप पर नियमों के उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित नहीं होनी चाहिए। सभी को सलाह दी जाती है कि वे या तो ग्रुप के सदस्यों को नियमों की जानकारी दें, अन्यथा अपने ग्रुप को ओनली एडमिन पर कर लें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है और नियम उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सीधे एडमिन पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होगा। उक्त निर्देश वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (एक्स) और टेलीग्राम आदि समस्त सोशल मीडिया अकाउंट पर समान रुप से लागू होगें। विशेषकर वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क किया जाता कि वे आदर्श आचार संहिता का स्वयं पालन करें और ग्रुप के सदस्यों से भी करवायें।इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय सभी ग्रुपों पर पुलिस कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जा रही है। सभी ग्रुप एडमिन का नाम, पता और मोबाइल नंबर सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम चौबीस घंटे इंटरनेट मीडिया पर नजर रख रही है।

परमिट न फिटनेस, 90 सवारियां लेकर दौड़ रही निजी बस सीज

बरेली। फिटनेस और परमिट के बिना ही 90 सवारियां लेकर दौड़ रही निजी बस को बुधवार को परिवहन विभाग की टीम ने सीज कर दिया। बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम पीलीभीत बाइपास से गुजर रहे थे। सेटेलाइट बस अड्डे के पास उनकी नजर एक निजी बस पर गई। बस में क्षमता से ज्यादा सवारियां देखकर उन्होंने उसे रुकवाकर कागजात मांगे तो पता चला कि फिटनेस, बीमा और परमिट के बिना ही बस का संचालन किया जा रहा था। बस में 90 सवारियां थीं। एआरटीओ ने बस को सीज कर दिया। इसके अलावा ओवरलोडिंग में सीबीगंज में चार, फतेहगंज पश्चिमी में दो और परसाखेड़ा में तीन ट्रक भी सीज किए गए। अवैध रूप से संचालित 25 अन्य वाहनों का चालान किया गया।

प्रेक्षकगणों ने ई0वी0एम0 वेयर हाउस का किया निरीक्षण

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल एवं मा0 पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा ने ई0वी0एम0 वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकगण ने उपस्थित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, उपजिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

हाई टेंशन लाइन का तार टूटने के चलते युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम

पब्लिक एशिया संवाददाता

कुंदरकी। बृहस्पतिवार की सुबह निकट जीरो पाइंट के पास खेत में हाई टेंशन लाइन का तार टूटने के चलते एक युवक की मौत हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी और सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की वहीं विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की पहचान हसन पुत्र असीम निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह कुंदरकी के रूप में हुई है। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मृतक बुधवार की शाम से घर से निकला हुआ था। तब से उसकी कोई सूचना उनको नहीं थी। अब सोशल मीडिया के जरिए उनका उसकी मौत की सूचना प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी का कहना है कि उनको परिजनों की ओर से अभी कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जांच उपरांत कार्यवाही तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार के अपमान के मुद्दे पर कुर्मी समाज ने बुलाई आपातकालीन बैठक

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। सरदार पटेल कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास पर कुर्मी समाज ने गुरुवार को एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई, जिसमें बीते दिनों हुई बरेली के भाजपा के खेमे में अंदरूनी कलह पर चर्चा की गई। बता दें कि मेयर के तथाकथित वायरल ऑडियो ने संतोष गंगवार के समर्थकों में आक्रोश भर दिया था जिसमें आरोप था कि महापौर ने वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष गंगवार को लेकर आपत्तिजनक टीका टिप्पणी की थी , जिसके बाद समर्थकों द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का घेराव करते हुए हंगामा किया गया था।कुर्मी समाज द्वारा इस बैठक में चर्चा के दौरान कहा गया कि कुर्मी समाज पर और उनके वरिष्ठ नेता पर इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त के बाहर है। कुर्मी समाज द्वारा कहा कि अगर मेयर द्वारा इस्तीफा नहीं दिया गया तो कुर्मी समाज हाई कमान तक जाकर अपनी बात रखेगा और सड़कों पर आने के लिए मजबूर होगा।सरदार पटेल कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष के. पी. सेन गंगवार ने कहा कि संतोष गंगवार कुर्मी समाज के ही नेता न होकर अपितु सर्व समाज के लोकप्रिय नेता हैं। संतोष गंगवार भाजपा का वो चेहरा हैं जो 8 बार बरेली की सीट को भाजपा की झोली में डाल चुके हैं।उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार ने

कहा कि संतोष गंगवार भाजपा के लिए तब से समर्पित हैं जब से भाजपा के कई बड़े चेहरों का पार्टी में नाम तक नहीं शामिल था। उन पर और कुर्मी समाज पर कोई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।वहीं महामंत्री मूलचंद गंगवार ने कहा कि मेयर द्वारा इस अपत्तिजनक टिप्पणी से कुर्मी समाज में आक्रोश है, एक ही दल के नेता द्वारा अपने ही दल के वरिष्ठ नेता पर इस टिप्पणी का क्या मतलब हो सकता है, इससे साफ जाहिर होता है कि कुर्मी समाज के वरिष्ठ नेता के प्रति पार्टी के अंदर ही षड्यंत्र रचा जा रहा है, जबकि संतोष गंगवार स्वयं का टिकट कटने के बाद भी लगातार नए प्रत्याशी के लिए वोट की अपील कर रहे है, और चुनाव कार्यालय का भी उद्घाटन भी अपने हाथों से कर रहे हैं।बरेली लोकसभा क्षेत्र में इस बार 23 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राजनीतिक दलों से मिली जानकारी के मुताबिक इसमें कुर्मी करीब छह लाख, कश्यप डेढ़ लाख, मौर्य डेढ़ लाख व वैश्य पौने दो लाख हैं। बाकी अन्य वर्ग के वोटर हैं। वहीं पीलीभीत की अगर बात की जाए तो पीलीभीत जिले में सदर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 से 70 हजार, बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में 70 से 80 हजार, बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 हजार कुर्मी मतदाता हैं।

पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में नाम मात्र के कुर्मी हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में शामिल बरेली के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 85 हजार कुर्मी मतदाता हैं।प्रेस वार्ता में खेमेन्द्र गंगवार , एडवोकेट मनोज गंगवार ,तेजपाल गंगवार, मूलचंद गंगवार ,राम औतार गंगवार, कृष्णपाल गंगवार ,आर. सी.लाल गंगवार ,ममता गंगवार ,पंकज गंगवार ,अरविंद गंगवार, मोहित गंगवार, बबलू पटेल ,आदित्य प्रकाश ,एडवोकेट सुनील वर्मा, विशाल गंगवार, वैभव गंगवार, हिमांशु गंगवार ,अंशुल गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार मौजूद रहे।

भाजपा और रालोद गठबंधन से किसानों का होगा कल्याण- रालोद प्रदेशाध्यक्ष

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधान परिषद सदस्य रामाशीष राय ने कहा कि भाजपा सरकार के किसान हित के मुद्दे वही है, जो रालोद के एजेंडे में है। भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के दूरगामी परिणाम होंगे। इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा। रालोद के प्रदेशाध्यक्ष यहां राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव आकिल खान के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और रालोद गठबंधन से किसानों का कल्याण होगा। आजादी के बाद से किसानों के कल्याण की आवाज केवल भाजपा शासन में उठाई गई है। इससे पहले किसान यूरिया और डीएपी लने के लिए ही लंबी लंबी कतार में लगे रहते थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गांव और किसानों के कल्याण के लिए गठबंधन किया गया है। रालोद प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज देश सही हाथों में है। ऐसे में रालोद ने भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की रणनीति तैयार की है। रालोद का प्रत्येक कार्यक्रात गांव-देहात से लेकर खेत-खलिहान

तक जाएगा। वह किसानो-कामगारो से संपर्क करके उनके कल्याण की योजनाओं के बारे में जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत सरकार की जरूरत है। लोकसभा चुनाव 2024 में बड़ी जीत के साथ फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। इस अवसर पर रालोद के प्रदेस सचिव ओडी त्यागी, युवा राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, युवा जिला अध्यक्ष अशोक त्यागी, युवा जिला कोषाध्यक्ष आलोक त्यागी, युवा जिला उपाध्यक्ष कमलदीप, युवा नगर अध्यक्ष आसिफ मालिक, जिला उपाध्यक्ष अमित त्यागी, नौशाद कुरैशी, योगेश जाखड़, अमित अरोड़ा और जाहिद मालिक आदि मौजूद रहे थे।

दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर दो बाईकों की हुई जोरदार भिड़ंत

एक युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, दो गंभीर

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। तीव्र गति के चलते दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही जब तक पुलिस मौके पर पहुंची दोनों घायल किसी प्राइवेट वाहन से जिला चिकित्सालय चले गए थे। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

हादसा बृहस्पतिवार को दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर ग्राम मीरगढ मोड़ पर हुआ हैं। प्राप्त समाचार के मुताबिक एक बाइक गंदेवड़ की ओर से आ रही थी कि जैसे वह ग्राम मीरगढ मोड़ पर पहुंची तो बेहट की ओर से गंदेवड़ की ओर जा रही एक दूसरी बाइक के साथ आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक की

मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना राहगीरों द्वारा बेहट कोतवाली पुलिस को दी गई जब तक पुलिस मौके पर पहुंची घायल व्यक्ति किसी प्राइवेट वाहन से जिला चिकित्सालय चले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान शाहरून पुत्र इंतजार (25) ग्राम बिजोपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दी ओर शव को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहट पहुंची। मृतक युवक के परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। समाचार लिखे जाने तक घायल व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी हासिल नहीं हो पाई थी।

रोडवेज में डीजल चोरी का बरेली से लखनऊ तक हल्ला, एमडी ने तलब की रिपोर्ट, एआरएम समेत कई अफसरों पर गिरेगी गाज

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। रोडवेज में डीजल चोरी का मामला तूल पकड़ गया है। बरेली से लेकर लखनऊ तक डीजल चोरी का हल्ला है। रोडवेज एमडी मासूम अली सरवर ने पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। बरेली डिपो के एआरएम, फोरमैन, अकाउंटेंट, डीजल इंचार्ज समेत कई पर गाज गिर सकती है। जीएम टेक्निकल और बरेली रीजन के नोडल अधिकारी अजीत सिंह मामले में रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

पोल खुलने पर इनको किया था निलंबित

भ्रष्टाचार की पोल खुली तो लिपिक मोहम्मद अजीम और सुनील सक्सेना को निलंबित करते हुए आरएम दीपक चौधरी ने लेखाकार ओमपाल सिंह से जवाब तलब किया है। रोडवेज में 30 मई 2023 और 21 नवंबर 2023 को डीजल चोरी व मिलावट के मामले पकड़े गए थे। अधिकारियों ने तब मामले को रफादफा कर दिया था।

एआरएम बरेली डिपो ने भी इसके बाद वर्कशॉप के डीजल पंप का निरीक्षण तक नहीं किया। रिकॉर्ड का मिलान भी नहीं किया गया। ऐसे में डीजल चोरी होती रही। सेवा प्रबंधक धनजी राम ने इस संबंध में शासन को पत्र लिखा।

एरआरएम, फोरमैन समेत कई से मांगा जवाब

जांच में पता लगा कि वर्षों से डीजल की आपूर्ति व खपत का ऑडिट ही नहीं कराया गया है। ऑडिट में घपले का खुलासा होने के बाद एआरएम, फोरमैन, अकाउंटेंट, डीजल इंचार्ज भी लपेटे में आ गए हैं। इन पर भी कार्रवाई हो सकती है। नोडल अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि डीजल की आपूर्ति और खपत में गड़बड़ी से निगम को नुकसान हुआ है। जांच के बाद रिपोर्ट एमडी को दी जाएगी। इस मामले में आरएम दीपक चौधरी ने बरेली डिपो के एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव और रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण वाजपेई से स्पष्टीकरण तलब किया है।

ईदगाह समेत शहर भर की मस्जिदों में अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज़

एक दूसरे को गले लगाकर दी ईद की बधाई

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। देश भर में आज ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों और बड़ों ने नए-नए लिवास पहनकर मस्जिदों और ईदगाह का रुख किया। रमज़ान के पूरे महीने इबादत कर ईद की खुशियां मनाई। ईद की नमाज़ अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।मस्जिदों में इमामों ने मिल्लत की खुशहाली के साथ मुल्क-ए-हिंदुस्तान की तरक्की और फिलिस्तीन जंग में शहीद हुए मुसलमानो के लिए खुसूसी दुआ की।

शहर में मुख्य नमाज़ बाकरगंज स्थित ईदगाह में साढ़े दस (10. 30) बजे ग्रैंड मुफ़्ती मुफ़्ती असजद रज़ा क़ादरी(असजद मिया) ने अदा करायी। नमाज़ के बाद ख़ुत्बा पढ़ा उसके बाद ख़ुसूसी दुआ की। सभी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।इस मौके पर जमात रज़ा मुस्तफ़ा के महासचिव फरमान मियाँ ने भी

सबको गले मिलकर मुबारकबाद दी। यहाँ की व्यवस्था ईदगाह कमेटी के खलील अहमद,महताब मियां,अशरफ अली,इरशाद अहमद,साहिल रज़ा क़ादरी आदि ने संभाली। लोगो ने नमाज़ अदा कर कब्रिस्तान जाकर अपने पुरखों के लिए फातिहा पढ़कर ईसाले सवाब किया। इसके बाद दावतों का दौर चला। बड़ो ने बच्चों को ईदी दी। बाजार सन्दल खान स्थित दरगाह वली मियां,दरगाह ताजुशशरिया,दरगाह शाह शराफ़त मिया,दरगाह बशीर मियां,ख़ानक़ाह-ए-वामिकिया, ख़ानक़ाह-ए-नियाज़िया व किला की जामा मस्जिद,दरगाह नासिर मियां(नोमहला मस्जिद),शाहदाना वली,बीबी जी मस्जिद,हबिबिया मस्जिद,नूरानी मस्जिद, पीराशाह मस्जिद,कचहरी वाली मस्जिद,मसीत उल्लाह मस्जिद,मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद आदि में अपने तय शुदा वक्तों पर नमाज़ अदा की गयी।मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में सुबह 11 बजे दरगाह आला हज़रत की रज़ा मस्जिद में मुफ्ती ज़हीम रज़ा ने नमाज़ अदा कराई। इसके बाद अल्लामा तौसीफ मियां ने खुसूसी दुआ की।यहाँ दरगाह प्रमुख हज़रत सुब्हानीमिया,सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन मियां, हज़रत मन्नानी मियां,मुफ़्ती सलीम नूरी समेत आला हज़रत के परिवार ने नमाज़ अदा की। यहाँ दरगाह प्रमुख हज़रत सुब्हानी मियां व मुफ़्ती अहसन मियां ने सभी को मुबारकबाद पेश की।मुफ़्ती अहसन मियां ने नमाज़ अदा करने के बाद कहा कि अल्लाह ने अपने बंदों को तीस रोजो को इनाम ईद के रूप में अता किया। रोजदारो ने जिस तरह अपने आप को रमज़ान भर हर बुरे काम से रोके रखा उसी तरह बाकी बची ज़िंदगी भी इसी तरह गुजारे।

पुलिस ने अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार, 51 लाख का गांजा बरामद

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। जनपद की थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस और एएनटीएफ मेरठ की संयुक्त पुलिस टीम ने दो अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपियों के कब्जे से 05 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 51 लाख रुपए) आदि बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस की टीम और एएन्टीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूनचा पर स्याना रोड से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 05 किलो 100 ग्राम अवैध अफरीम बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकडे गए आरोपी अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर है जिन्हे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पिंटू निवासी नई बस्ती रामलीला ग्राउंड थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली व अजय निवासी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 05 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 51 लाख रुपए), दो मोबाइल फोन, 2030 रुपए बरामद किए गए है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी तस्करी कर गांजा लाकर विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई कर आर्थिक लाभ कमाते थे।

मुख्य समाचार

ईद उल फितर के मौके पर चौधरी जाहिद हुसैन को पगड़ी व चादर ओढ़ाकर दी बधाई

जुबैर खान पब्लिक एशिया

नूंह » बृहस्पतिवार को नूंह में ईद उल फितर के त्यौहार पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी जाहिद हुसैन का कई जगह पर पगड़ी व चादर ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कायस्थ भुर्जी समाज सेवा समिति नूंह (ग्रामीण)के जिला अध्यक्ष राजू माथूर, जिला उपाध्यक्ष राम अवतार नगीना व जिला कोषाध्यक्ष राजू भटनागर सहित समाज के मौजिज लोगों ने जाहिद चेयरमैन का पगड़ी, माला और मिठाई खिलाकर भाईचारे की मिसाल पेश की। इस दौरान उनके साथ कायस्थ भुर्जी समाज से रोशन लाल, देविंद्र माथूर, हंसराज सक्सेना, शिवा माथूर, डेविड माथूर, राहुल भटनागर, तरुण माथुर, विशाल सक्सेना, रोहतास माथूर अखेड़ा, नीरज , चंदू सक्सेना ,चिंटू सक्सेना ,परमोद भटनागर, हरिओम भटनागर, जिला मीडिया प्रभारी विनोद सक्सेना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रह्हे। अध्यक्ष राजू माथूर ने सभी मुसलमान भाई को ईद उल फितर की तहेदिल से मुबारकबाद भी दी। चौधरी जाहिद हुसैन की सभी समाज के लोगों ने प्रशंसा भी की। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री गोपाल माथूर विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि पूर्व से मेवात जिले में हिंदू मुस्लिम सभी मिल जुलकर रहते हैं जोकि एक दूसरे के त्यौहारों में शामिल होकर खुशी के साथ भाईचारे का संदेश देते हैं। यहां पर सभी त्यौहार हिंदू मुस्लिम मिल जुलकर मनाते हैं यह यहां की सांझी संस्कृति का प्रतीक है। जिस पर हम सभी को गर्व है कि हम भारतीय है।

अब तक जिला में 12910.51 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद » उपायुक्त अजय कुमार

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि जिला में सरसों व गेहूं की

खरीद का कार्य जारी है। अब तक जिला की मंडियों में 198 मीट्रिक टन गेहूं व 12910.51 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। किसान अपनी फसलों को सुखाकर व साफ करके मंडी में लाये ताकि फसलों की शीघ्र बिक्री हो सके। किसान फसल अवशेषों को आग न लाये तथा इनका उचित प्रबंधन करें। अजय कुमार ने बताया कि गत बुधवार तक हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा जिला की सांपला मंडी में 198 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में अब तक 12910.51 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। इसमें से हैफेड द्वारा कलानौर मंडी में 3339.19 मीट्रिक टन, महम मंडी में 4397.74 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 1186.70 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 3986.88 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मंडियों या खरीद केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। किसानों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए है।

मिस इंग्लैंड 2024 के फाइनल में पहुंची हिमाचल की बेटी महक चंदेल

एजेंसी

ऊना » हिमाचल प्रदेश की बेटी महक चंदेल मिस इंग्लैंड-2024 ग्रैंड फिनाले की फाइनलिस्ट बनी गयी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली हिमाचली युवती है। मिस इंग्लैण्ड 2024 की फाइनल प्रतियोगिता 16 और 17 मई को लंदन में आयोजित की जाएगी। मूलत चिन्तपूर्णी की रहने वाली महक चंदेल विदेशी धरती पर कई बार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। लंदन में आयोजित हो रही सौंदर्य प्रतियोगिता में इंग्लैंड की आठ हजार युवतियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से कई राउंड की प्रतियोगिता के बाद 40 को मिस इंग्लैंड 2024 के फाइनल के लिए चुना गया है, इसमें महक चन्देल भी हैं। पिता अनिल चन्देल लंदन में एक कारोबारी हैं, जबकि उनकी माता इंदरपाल ओहरी चन्देल लंदन के कॉलेज में गणित की प्रोफेसर हैं, वो समाज सेवा में भी सक्रिय हैं। हिमाचली संस्कृति से गहरा लगाव रखने वाली 21 वर्षीय महक चन्देल का जन्म साउथ हॉल लंदन में हुआ, वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। क्रिमिनोलॉजी में स्नातक की डिग्री ग्रहण कर चुकी महक इस समय स्कूली बच्चों के लिए कार्य करने वाली संस्था के साथ कार्य कर रही है। वह मॉडलिंग में भी सिक्का जमा चुकी है। समाज सेवा में गहरी रुचि रखती हैं, जरूरतमंद की मदद के लिए फंड इकट्ठा करने के लिए सफलतापूर्वक अभियान चला चुकी हैं। वह भविष्य में साइकोलॉजी में स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण करना चाहती हैं।

हिमाचल के कमरऊ में गहरी खाई में गिरने से व्यक्ति की मौत

नाहन, » हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के कमरऊ पंचायत के शालना गांव के एक व्यक्ति की खाई में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित व्यक्ति कमरऊ से पैदल शिरडी गांव जा रहा था। यह घटना कल देर शाम हुई। उन्होंने बताया कि रघुवीर सिंह (59) पुत्र नैन सिंह निवासी शालना कमरऊ घर से शिरडी जा रहा था। इसी दौरान कमरऊ से पास कुछ दूरी पर रास्ते में उसका पैर फिसल गया और गहरी खाई में जा गिरा। देर रात तक उसके पहुंचने का कोई फोन नहीं आया तो परिजनों ने शिरडी से कमरऊ शालना फोन से संपर्क किया। उन्हें पता चला कि वह शिरडी नहीं पहुंचा है। उसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ व्यक्ति की तलाश शुरू की। कुछ दूरी पर ग्रामीणों ने देखा कि वह गहरी खाई में गिरा हुआ है। जब पास जाकर देखा तो पाया कि उनके सिर पर गहरी चोटें थी तथा वह मृत अवस्था में पड़ा था। **-एजेंसी**

ईद-उल-फितर पर दुआओं के लिए उठे हजारों हाथ, सेक्टर 20 के जामा मस्जिद सहित में अदा हुई नमाज

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ । नमाज से पहले जामा मस्जिद सेक्टर 20 के इमाम व खतीब मौलाना अजमल खान ने लोगों को संबोधित किया। अजमल खान ने शहर के लोगों को ईद की बधाई दी और कहा कि रमजान का पवित्र महीना परीक्षण का महीना है हम सभी को खुदा के बंदों से मोहब्बत के साथ रहना चाहिए इस देश के लिए अमन चैन का वातावरण पैदा करना चाहिए और सबको मिलजुल कर रहना चाहिए और देश की तरक्की में काम करना चाहिए

ईद पर चंडीगढ़ की सभी मस्जिदों में रौनक रही। मुसलमान लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा किए। नमाज के बाद देश की खुशहाली, सलामती और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। सेक्टर 20 के जामा मस्जिद और सेक्टर 26 के नूरानी मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज अदा करने के समय से काफी पहले ही नमाजी आने शुरू हो गए थे।

नमाज से पहले जामा मस्जिद सेक्टर 20 के इमाम व खतीब मौलाना अजमल खान ने लोगों को संबोधित किया। अजमल खान ने शहर के लोगों को ईद की बधाई दी और कहा कि रमजान का पवित्र महीना प्रशिक्षण का महीना है। हम सभी को खुदा के बंदों से मोहब्बत के साथ रहना चाहिए। सभी के लिए मन में प्यार होना चाहिए। किसी के लिए मन में नफरत न रहे। रमजान की बरकत पूरे साल मिले। उन्होंने शहर के लोगों को ईदी के रूप में मोहब्बत का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज के बाद अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गई। यह भी दुआ की गई कि हमारा मुल्क विश्व गुरु बने और सब लोग मिलजुल कर रहे।

सेक्टर 20 के जामा मस्जिद के अलावा सेक्टर 26 के नूरानी मस्जिद, ईदगाह मनीमाजरा, ईदगाह बुडैल, मस्जिद सेक्टर 31, मस्जिद राम दरबार, धनास, मलोया, मदीना मस्जिद सेक्टर 29, हल्लोमाजरा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में नमाज हुई।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल ईद उल फितर के मौके पर सेक्टर 20 के जामा मस्जिद पहुंचे। वहां पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार अमन और भाईचारा का संदेश देता है। इस मौके पर अन्य कांग्रेसी नेताओं में जेडपी खान, अनवर उल हक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रमजान महीने के खत्म होने के बाद आज पूरे शहर में ईद मनाई जा रही है। शहर की विभिन्न मस्जिदों में सुबह 8.51 मिनट पर सुबह की नमाज अता की गई और अमन-शांति की कामना के साथ गले मिलकर एक-दूसरे को ईद मुबारक का दौर शुरू हुआ। शहर की जामा मस्जिद सेक्टर-20 और सेक्टर-45 में स्थित दरगाह शरीफ लाला वाला पीर साबरी मस्जिद में सैकड़ों लोग नमाज में शामिल हुए। इसी प्रकार से मनीमाजरा और सेक्टर-56, धनास और मलोया की मस्जिदों में भी ईद के मौके पर नमाज के लिए भीड़ लगी रही।

ईद की शुरुआत करीब 1300 वर्ष पहले हुई थी। माना जाता है कि मक्का से मोहम्मद पैगंबर द्वारा प्रवास के बाद मदीना शहर में ईद-उल-फितर त्योहार का शुरू हुआ था। उस समय पैगंबर हजरत मुहम्मद ने बद्र की लड़ाई में जीत हासिल की थी। उसी जीत की खुशी के बाद सबका मुंह मीठा करवाकर मीठी ईद को मनाया जाता है। यह त्योहार हिज़री कैलेंडर के अनुसार शव्वाल के पहले दिन दुनिया भर में मनाया जाता है। इस्लामी कैलेंडर में इस महीने की शुरुआत चांद को देखने से होती है। जब तक चांद नहीं दिखता उस समय तक रमजान महीने का समापन नहीं होता यानी जिस रात को चांद दिखे उसके दूसरे दिन ईद मनाई जाती है।

रमजान का महीना पवित्र समय के तौर पर माना जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग इन महीने में दिन में रोजा रखकर सूर्य डूबने के बाद इफ्तार करके खाना खाते हैं और अल्लाह से खुद के परिवार से लेकर समाज में अमन-शांति और प्यार-मोहब्बत का संदेश देते हैं। मुस्लिम समुदाय के इमाम और मौलाना के अनुसार रोजे के दौरान किया गया पछ्ताव हमेशा कबूल होता है और इसमें की गई दुआ भी कबूल देती है।

भाजपा नेता चौधरी जाहिद के निवास पर ईद मिलन समारोह आयोजित, लोगों ने पंहुचकर दी ईद की मुबारक़बाद

ईद मिलन समारोह में दिखी सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल, मीठी सेवई से अतिथियों का स्वागत : चौधरी जाहिद हुसैन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नूह» वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी जाहिद खान ने अपने नूंह निवास स्थान पर ईद के पावन अवसर पर ईद मिलन समारोह हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग चेयरमैन जाहिद हुसैन के निवास स्थान पर ईद मिलन समारोह में शामिल हुए। वहां पहुंचने पर जाहिद हुसैन ने फूल मालाओं और बुके के साथ स्वागत किया। और लगा लगकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।देश की सांस्कृतिक धरोहर कौमी एकता को मजबूती प्रदान करने तथा सर्व धर्म सद्भाव का पैगाम मुल्क के लोगों को दिया गया।यहां सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। दुर्गापूजा, होली, ईद या क्रिसमस भारत की साझी संस्कृति का हिस्सा रही हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि यह बहुत पवित्र पर्व है। सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर समय साथ चलेंगे तो राष्ट्र समृद्ध होगा और आपसी प्रेम बढ़ेगा। रमजान का पूरा महीना त्याग और तपस्या का रहा । हम सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग एक साथ मिलजुल कर सभी पर्व त्यौहार मनाते हैं ताकि हमारी एकजुटता और आपसी भाईचारा बना रहे। जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा सुरेश बघेल ने कहा कि यह देश सभी धर्म व वर्गों का देश है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुल्क, समाज व कौम की तरक्की के लिए लोगों में आपसी प्रेम व सद्भाव जरूरी है।एडवोकेट दीपक सतीजा ने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का धर्म है। नगर परिषद चेयरमैन नूंह संजय मनोचा ने कहा कि ईद का पर्व आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। इस

अवसर पर प्रमुख रूप से ईद उल फितर की बधाई देने में मुकेश वशिष्ठ मीडिया सलाहकार सीएम,पूर्व चेयरमैन विष्णु सिंगल, जिला महामंत्री शिवकुमार बंटी,नगर पार्षद समय सिंह, नियामत,सुमित, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगादास,जिला परिषद सदस्य हरसरण,फिरोजपुर झिरका ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन फतेह मोहम्मद गोपाल पंडित,कृष्ण प्रधान,गोपाल माथुर,ब्लॉक समिति मेंबर वसीम ऊंटका, ब्लॉक समिति मेंबर शौकत निजामपुर जफरुद्दीन बाघोडिया, सरपंच नसीम,आबिद ऊंटका,आरिफ खेडला सरपंच,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश बघेल,मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा,दीपक सतीजा एडवोकेट अरशद बेंसी,डॉ रवि शर्मा,सलीम मढ़ी,नदीम सलंबा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा,बीरबल लाभार्थी जिला संयोजक,यूनुस सरपंच,राजू माथुर,मास्टर सुभाष खेडला,छत्रपाल, छोटेलाल,मुसे खान,आसिफ अली चदेंनी,डॉक्टर कमरुद्दीन उंटका,वसीम एडवोकेट,नियामत अली, मुशर्रफ एडवोकेट,नासिर इंजीनियर, हाकमुद्दीन ठेकेदार,साबिर मैनेजर, बरकत अली,मदन नगर पार्षद सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्कूल बस हादसे पर डीसी मोनिका गुप्ता ने की कार्रवाई

स्कूल की मान्यता रद्द करने की सिफारिश की

जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश

घायलों का हालचाल जानने के बाद सीएमओ को दिए बेहतरीन ईलाज के आदेश

पब्लिक एशिया ब्यूरो

रेवाड़ी के प्राइवेट अस्पताल में दाखिल घायल बच्चों का हालचाल पूछती डीसी मोनिका गुप्ता।

महेंद्रगढ़/कनीना। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज कनीना के उन्हानी मोड़ पर हुए स्कूल बस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतक बच्चों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इस मामले में लापरवाही के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।

इससे पहले उपायुक्त ने हादसे के तुरंत बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम को अलर्ट कर घायलों का बेहतरीन ईलाज करने के निर्देश दिए। उसके बाद डीसी ने नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ व कनीना में पहुंच कर घायल बच्चों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उन्हानी मोड़ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रेवाड़ी के मातृका अस्पताल व आदित्य न्यूरो अस्पताल में दाखिल घायल बच्चों का हालचाल पूछा।

उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों को आस्वस्त किया कि बच्चों का बेहतरीन इलाज करवाया जाएगा। बच्चों के इलाज पर होने वाले खर्च का जिला प्रशासन इंतजाम कराएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद सीएमओ डा रमेश चंद्र आर्य को निर्देश दिए कि वे अभिभावकों के संपर्क में रहें तथा हर संभव ईलाज करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता घायलों का अच्छे से अच्छा इलाज करवाना है।

डीसी ने बताया कि इस हादसे में जिम्मेदार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए लिख दिया गया है। इस मामले में चालक, प्रिंसिपल तथा प्रबंधन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने बताया कि इस

दुखद हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई है। कुल 34 बच्चे घायल हुए हैं तथा फिलहाल 19 का विभिन्न अस्पतालों में ईलाज चल रहा है।

जनता को डरा कर चुनाव जीतना चाहती है कांग्रेस : डॉ. अरविंद शर्मा

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जनता को डरा कर, झूठ बोलकर और लोगों को गुमराह करके चुनाव जीतना चाहती है और कांग्रेस ही इस वक्त योजनाबद्ध तरीके से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों का विरोध करवा रही है। सांसद अरविंद शर्मा ने बाकायदा बीजेपी के कार्यक्रमों में अवरोध पैदा करने वाले लोगों के कांग्रेस नेताओं के साथ फोटो दिखाकर विरोध की घटनाओं का पटाक्षेप किया और कहा कि यह साबित हो गया है कि विरोध करवाने के पीछे कांग्रेस का ही हाथ है। साथ ही बेरी के विधायक एवं पूर्व स्पीकर के मारकाट वाले बयान का भी जिक्र किया और कहा कि इससे साफ है कि कांग्रेस जनता को भय दिखाकर डरा रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा की आखिर दीपेंद्र हुड्डा बताएं कि आज उन्हें और अन्य कांग्रेसी नेताओं को क्या जरूरत पड़ गई कि वह बीजेपी के कार्यक्रमों का विरोध न करने की अपील कर रहे हैं। इससे साफ है कि इन सबके पीछे कांग्रेस ही है। साथ ही सांसद ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि इन्होंने चालबाजी, बोगस पोलिंग , बूथ कैपचरिंग , लोगों को डरा कर

और गुमराह करके चुनाव जीते हैं, लेकिन अब यह लोग पकड़ में आ गए है, लेकिन अब ऐसा नहीं होंगे देंगे। वीरवार को सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ अरविंद शर्मा पत्रकारों से रुबरु हुए। बेरी से कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व विधानसभा स्पीकर रघुवीर कादियान के मारकाट वाले बयान को पत्रकारों के सामने रखते हुए कहा कि यह बयान कांग्रेस की मंशा को साबित करता है, किसी तरह से माहौल खराब करने की बात की जा रही है, जोकि ठीक नही है। इससे साफ है कि कांग्रेस द्वारा चुनाव के दौरान माहौल खराब करने के लिए लोगों को उकसाया जा रहा है। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने महम के गांव व अन्य स्थानों पर हुए विरोध को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस नेताओं के साथ विरोध करने वाले लोगो के फोटो भी दिखाएं और कहा कि यह साफ हो चुका है कि कांग्रेस ही यह सब करवा रही है और जनता को अब कांग्रेस की असलियत पता चल गई है, जिसे जनता माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, कोषाध्यक्ष अजय बंसल, राजकमल सहगल, तरूण सन्नी शर्मा, हरिओम भाली, आशा शर्मा व उदयभान मलिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे आखिर इतनी बड़ी झूठ क्यो बोल रहे है दीपेन्द्र हुड्डा रोहतक लोकसभा क्षेत्र में सांसद निधि के खर्च को लेकर भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आखिर इतनी बड़ी झूठ दीपेन्द्र हुड्डा क्यों बोल रहे है, जबकि वे चार बार के सांसद है और उन्हें सांसद निधि के बारे में बेखूबी से पता है कि आखिर कितने रूपये खर्च हुए है, लेकिन झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने में हुड्डा लगे हुए है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से करीब 16 करोड 75 लाख रूपये विकास कार्यो के लिए जारी किए है और इस बारे में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से भी पता किया जा सकता है।

आरक्षण दंगों में रहे सामने और कोरोनाकाल में रहे छिपे : सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने आरोप लगाया कि सबको पता है कि आरक्षण दंगों में ये लोग सामने और कोरोनाकाल में छिपे रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान आखिर दीपेन्द्र हुड्डा कहां चले गए थे। इस दौरान उन्होंने ही जनता के बिच रहकर लोगों की सेवा की थी और उन्होंने कोरोनाकाल के दौरान के अपने फोटो भी दिखाएं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में दस की दस सीटों पर कमल खिलेगा। कनीना के पास हुए स्कूल बस दुर्घटना को लेकर जताया गहरा दुख सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने महेन्द्रगढ़ के कनीना के पास हुए स्कूल बस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि हादस में मासूम बच्चों की मौत बेहद दुखनीय है। मेरी संवेदना मृतक बच्चों के संतप्त परिजनों के साथ है।

आप नेत्री डॉ. सारिका वर्मा की शिकायत पर भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को चुनाव आयोग का नोटिस

गुरुग्राम नगर निगम पक्षपातपूर्ण रवैया अपना कर सिर्फ आप व कांग्रेस उम्मीदवारों के हटा रही बैनर, पोस्टर।

प्रदीप गौतम पब्लिक एशिया

गुरुग्राम। भाजपा के टिकट पर मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने जा रहे अरुण गोविल को मेरठ के जिलाधिकारी ने नोटिस जारी किया है। इस मामले में हुई कार्रवाई के अन्तर्गत शिकायतकर्ता हैं आम आदमी पार्टी की हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सारिका वर्मा। चुनाव आयोग को दी गई अपनी शिकायत में डॉ. सारिका वर्मा ने कहा था कि भाजपा के प्रत्याशी अरुण गोविल अपने प्रचार अभियान के दौरान भगवान श्रीराम की फोटो साथ लेकर चल रहे हैं। चुनावी कार्यक्रमों के अन्तर्गत किसी भी दल या उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार के लिए किसी धर्म विशेष से जुड़ी गतिविधियों को शामिल किया जाना सरासर गलत है। भाजपा अपने चुनावी अभियान की आड़ में संविधान और कानून का दायरा भूल चुकी है, लेकिन आम आदमी पार्टी सभी नियमों व नीतियों का अनुसरण करते हुए अपनी चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ा रही है।

बता दें कि रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाली छवि अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। चुनाव आयोग से की गई अपनी शिकायत में आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सारिका वर्मा ने कहा कि अपने चुनावी प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल अपने साथ भगवान श्रीराम की फोटो लेकर घूम रहे हैं। चुनाव के समय मतदाताओं की धार्मिक मान्यताओं का सहारा अपने राजनीतिक लाभ के लिए लेना अनुचित है। डॉ. सारिका वर्मा की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मेरठ ने तत्काल भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को नोटिस जारी कर दिया। इस कार्रवाई के लिए आम आदमी पार्टी की हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सारिका वर्मा ने जिलाधिकारी मेरठ का आभार जताया। जारी बयान में डॉ. सारिका वर्मा ने कहा कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए जनता की धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल करना भाजपा की पुरानी आदत है।

भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के प्रचार के तरीकों ने इस बात को एक बार फिर सही साबित कर दिया। 400 पार का विजन लेकर चुनावी मैदान में उतरी भाजपा की आक्रामक रणनीति लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। भगवान श्रीराम के नाम का दुरुपयोग देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

सतना जिले के नागौद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा खरा सोना है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कथनी और करनी में अंतर नही है। उन्होंने कहा कि भारत का विश्व में नाम हुआ भारत जब बोलता है तो विश्व के सभी देश कान खोलकर सुनते है।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री

मुख्य समाचार

पुलिस ने फर्जी एसडीएम को किया गिरफ्तार

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। थाना पुलिस ने फर्जी एसडीएम को गिरफ्तार किया है। गाड़ी पर एसडीएम और उत्तर प्रदेश सरकार लिखकर कर लोगो पर रौब गालिब करने का काम कर रहा था। दरअसल, कोतवाली बेहट इंस्पेक्टर योगेश शर्मा अपने साथ उप निरीक्षक पवन कुमार व हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार को लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गंदेवड तिराहे पर चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक संदिग्ध बोलेरो कार संख्या क्क 11 •ष्ट 6743 को उन्होंने रोक लिया। बोलेरो कार के आगे व पीछे शीशे पर स्ष्ठरूऔर साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ था। गाड़ी चला रहे शख्स से गाड़ी के कागजो के बारे में पूछा गया तो वह कोई कागजात नही दिखा सका। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोमपाल पुत्र स्व किशोरी लाल निवासी दिल्ली रोड रोहित विहार सहारनपुर बताया। पुलिस ने गाड़ी को सीज करते हुए पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की संगीन धारा 420 के तहत मुकदमा कायम कर न्यायालय में पेश कर दिया हैं।

ईद की खुशियां मनाने पहुंची भारी भीड़ से हथनीकुंड बैराज पर लगा कई किलोमीटर लंबा जाम

जाम की स्थिति से निपटने के लिए चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों के छूटे पसीने

इफ्तखार उज्ज़मा, पब्लिक एशिया

मिर्जापुर। गुरुवार को ईद उल फितर के मौके पर घूमने निकली भारी भरकम भीड़ से हथनीकुंड बैराज पर हरियाणा,फैजाबाद एवम उत्तर प्रदेश के मार्ग पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। जिसके चलते हथनीकुंड चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ईद उल फितर के मौके पर बैराज पर दुरदराज से लोग घूमने के लिए आते हैं जिससे भारी भरकम भीड़ उमड़ती है इसी क्रम में आज चौकी पर हजारों की संख्या में कार एव मोटरसाइकिलों से घूमने वालो की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान चौकी इंचार्ज नवीन कुमार सैनी, सूरज शर्मा, हेडकंस्टेबल धर्मसिंह, धर्मवीर सिंह, कपिल कुमार मौजूद रहे।

बाईक सवारों ने कार सवार को पीटा

तहरीर अब्बास, पब्लिक एशिया

चिलकाना। सुलतानपुर नगर मे कार से बाईक टकराने को लेकर दो पक्षो में कहासुनी होने के बाद बाईक सवार युवकों ने कार सवार युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मोहल्ला कोठीवाला निवासी एक युवक गैराज में खड़ी अपनी कार को बाहर निकाल रहा था। तभी दूसरी ओर से बाईक पर सवार होकर आ रहे 3 युवाओं ने उसकी कार में टक्कर मार दी। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। कार सवार युवक द्वारा विरोध करने पर मनचले युवक उसके साथ मारपीट करने लगे। इतनी ही देर में कार सवार युवक के परिजन भी मौके पर आ गए लेकिन बात ज्यादा बढ़ने से पहले ही मौके पर पहुंची पुलिस बाईक सवार एक युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। तब कही जाकर मामला शांत हुआ।

पुलिस सुरक्षा में सकुशल संपन्न हुई ईद उल फितर की नमाज

खालिद अली पब्लिक एशिया

झिंझाना » करनाल हाईवे पर स्थित झिंझाना ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज आज सुबह 8 : 30 बजे अदा की गई । ईद की नमाज मौलवी अकरम ने पूरे विधि विधान व तौर - तरीके के साथ अदा काराई । उसके

बाद देश में सुख शान्ति, आपसी प्यार और भाईचारे के लिए दुआएं की गई। ईद उल फितर के मौके पर आज गुरुवार को करनाल हाईवे स्थित झिंझाना ईदगाह पर हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की। मौके पर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी ना होने से थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्थानीय पुलिस एवं पीएसी को साथ लेकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। पहले वर्ष की अपेक्षा इस बार नमाजियों की संख्या करीब डेड गुनी आंकी गई। जानकारों के मुताबिक करीब इस बार करीब 6 से 7 हजार नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। उसके बाद घरों में दावतों का दौर शुरू होकर शाम तक चलता रहा। आपस में गले मिलकर लोग एक दुसरे को ईद की मुबारकबाद देते रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सभी चौकियों समेत थाना क्षेत्र की 14 ईदगाहों समेत 16 स्थानों पर ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है।

नमन हत्याकांड : पुलिस ने किया खुलासा एक हत्यारोपी अभियुक्त गिरफ्तार

जितेंद्र मेहरा, पब्लिक एशिया

सहारनपुर » थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा नमन की हत्या की घटना का खुलासा करते हुये एक हत्यारोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। सहारनपुर के एससपी सिटी अभिमन्यू मांगलिक ने बताया कि 31 मार्च 2024 को वादी सतीश कुमार पुत्र स्व0 शेर सिंह निवासी रामनगर पठानपुरा दुर्गामन्दिर वाली गली थाना सदर बाजार सहारनपुर द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 193/24 धारा 302 भादवि बनाम सचिन पुत्र सुरेन्द्र व अन्य साथी के विरूद्ध वादी के पुत्र नमन की गोली मारकर हत्या करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया गया था।

एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए गये। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी थाना सदर बाजार के कुशल नेत्तृव में थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर

आज अभियुकित सचिन उर्फ छोटू पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला रामनगर पठानपुरा थाना सदर बाजार सहारनपुर को काशीराम बस अड्डे दिल्ली रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर ढमोला नदी सपना पुल के बराबर में पुराने पुल के नीचे घटना के बाद छिपाया हुआ घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 32 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मेरे पड़ोस मे मेरी ही जाति के नमन व अमन पुत्रगण सतीश कुमार व उसके चार-पाँच चचेरे तहेरे भाई है। ये लोग मेरी महिला मित्र को लेकर मुझपर छिंटाकशी करते थे तथा करीब छः महीने पहले इन लोगो ने मेरी पिटाई भी की थी। मैंने तभी इन पाँचो भाईयो से बदला लेने की ठान ली। दिनांक 31.03.2024 को ये सभी भाई गली में टहल रहे थे तभी मै मौका पाकर गली में चुपचाप खड़ा हो गया और फोन का बहाना बनाकर फोन देखने लगा तभी नमन मेरी तरफ आ रहा था तो मैने तमंचा निकाला और जैसे ही मैने नमन पर तमंचा ताना तो नमन तुरन्त पीछे मुड़कर भागने लगा तभी मैने पीछे से नमन को गोली मार दी जो उसकी पीठ में जा लगी और वह वही गिर पड़ा। तभी मैं वहा से भाग गया तथा ढमौला नदी सपना पुल से बराबर पुराने पुल के नीचे तमंचा व कारतूस छिपा दिया तथा पुलिस से बचने के लिए हरिद्वार चला गया आज मे अपने वकील के पास आया था, तभी पुलिस ने मुझे पकड़ लिया।

झगड़ा कर शांति भंग करने वालो के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज

तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया

चिलकाना। थाना पुलिस ने ग्राम कातला में बच्चों में हुई कहासुनी को लेकर झगड़ा करने वाले दो पक्ष के करीब एक दर्जन लोगो के खिलाफ बलवे का मुकद्दमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम सड़क कातला में मस्जिद के बराबर वाली गली में कुछ बच्चो में खेलते समय आपस में लड़ाई हो गई थी। जिसकी शिकायत बच्चों ने अपने परिजनों से कर दी थी। जिसके बाद दो पक्षों में आपसी कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई थी कि दोनों पक्ष के लोगो मे आमने-सामने से ईट पत्थर चलने लगे थे। जिसके चलते एक पक्ष के 6 व दूसरे पक्ष के 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। झगड़े की सूचना ग्रामीण द्वारा मोबाइल फोन कर 112 नंबर पर पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद 112 पुलिस व थाना पुलिस टीम सरकारी एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गई थी। सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया था।

बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी कपिल देव ने बताया है कि झगड़ा करने वाले दोनो पक्ष के करीब एक दर्जन लोगो के खिलाफ़ बलवे का मुकद्दमा दर्ज किया गया है।

शाहजहांपुर में कार खाई में गिरी, दो की मौत

एजेंसी

शाहजहांपुर » उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के निगोही क्षेत्र में एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुवायां कस्बा निवासी लखन गुप्ता (20),आदि शर्मा (22) और दो अन्य युवक बरेली के अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को देखकर वापस घर लौट रहे थे कि बीती देर रात उनकी कार सिधौली के निगोही पुवायां मार्ग पर सिंगपुर गुरुद्वारे के पास किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे मे लखन गुप्ता और आदि शर्मा की मौत हो गई है जबकि उनके साथी वंश गुप्ता तथा आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

वातावरण को शुद्ध रखने के लिए जरूरी है वृक्षारोपण : शालू

ईद उल फितर पर कब्रिस्तान में किया गया वृक्षारोपण

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। ईद उल फितर के मौके पर कस्बे की ईदगाह में शेख़ समाज सेवा समिति द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सभी त्योहारों और खुशी के मौके पर पेड़ लगाने की अपील की गई। गुरुवार को बेहट कस्बे की ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज़ के बाद हर बार की तरह इस बार भी शेख़ समाज सेवा समिति द्वारा कब्रिस्तान में पौधारोपण किया गया।

इस दौरान सभी त्योहारों, खुशी के मौके और अन्य अवसरों पर पैधारोपण करने की अपील की गई। बता दे कि शेख़ समाज सेवा समिति के सदस्य हर वर्ष ईद उल फितर व ईद उल अजहा के मौके पर कब्रिस्तान व ईदगाह में वृक्षारोपण करते है और इस बार भी बेहट जामा मस्जिद के इमाम मौलाना

शेख़ समाज सेवा समिति द्वारा कब्रिस्तान में पौधारोपण किया गया।

राशिद जमाल कासमी, बेहट चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया, भाजपा नेता अनिल सिंघल, कोतवाली बेहट के एसएसआई मेहर सिंह, डॉक्टर ताहिर सलमानी, जाबिर कुरैशी, फैसल मंसूरी, अंकित कुमार, फैसल मिर्जा, सलमान कुरेशी के अलावा समिति के शेख़ गुलफाम अहमद, शेख़ परवेज़ आलम पत्रकार, शेख़ नादिर, शेख़ नदीम, शेख़ आरिश, शावेज़ शेख़ शारिक, शेख़ आदिल, शेख़ तौफीक, दानिश, तालिब शेख़, चांद शेख़, दिलदार शेख़, अब्दुल सत्तार शेख पत्रकार, अरशद शेख़, वक्कार शेख़, सैफ शेख, रहमान शेख, सोनू शेख, निज़ाम शेख़ आदि मौजूद रहे।

शांतिपूर्ण रूप से अदा हुई ईद उल फितर की नमाज़

तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया।

चिलकाना। नगर व आस पास के गांवों में ईद उल फितर की नमाज़ ईदगाह एवं मस्जिदों में अदा की गई। पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज़ शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न हुई।

बृहस्पतिवार को ईद उल फितर की नमाज़ को लेकर सुबह के समय से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। ईद की नमाज़ को लेकर पहले से नगर की मस्जिद के इमाम मौलाना मुअव्वज़ की ओर सभी लोगो से अपील की गई थी कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज़ पढ़े बल्कि ईदगाह परिसर या मस्ज़िद के अंदर ही नमाज़ अदा करे। जिसके फलस्वरूप शांतिपूर्ण रूप से ईदगाह परिसर व मस्ज़िद के अंदर ही नमाज़ अदा की गई। समस्त क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना होने

की बात सामने नही आई है। ईद की नमाज़ से पहले जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुअव्वज़ ने अमन व शांति का पैगाम देते हुए युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की हिदायत की। इस दौरान उन्होंने सभी मुस्लिमो ने मुकम्मल जकात निकालने, जकात का पैसा मुस्तहिक़ इंसान को देने व गरीब लोगों की मदद करने की अपील भी की। नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन स्थित बड़ी ईदगाह में मौलाना मुअव्वज़, मदरसा अंसारियान में मुफ़्ती हैदर व सुलतानपर नगर की ईदगाह में मौलाना मासूम ने ईद की नमाज़ अदा करवाई। इसके अलावा नगर की कई मस्जिदों व ग्राम पटनी ,पठेड़, बुड्ढाखेड़ा, बुड्ढाखेड़ा, सीकरी, सालीरी, कातला, टोडरपुर, दूधगढ़, नयाँ बांस आदि में भी ईदगाह व मस्जिदों में भी शांतिपूर्ण रूप से नमाज़ अदा की गई।

शांतिपूर्ण रूप से अदा हुई ईद उल फितर की नमाज़

तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया।

चिलकाना। नगर व आस पास के गांवों में ईद उल फितर की नमाज़ ईदगाह एवं मस्जिदों में अदा की गई। पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज़ शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न हुई।

बृहस्पतिवार को ईद उल फितर की नमाज़ को लेकर सुबह के समय से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। ईद की नमाज़ को लेकर पहले से नगर की मस्जिद के इमाम मौलाना मुअव्वज़ की ओर सभी लोगो से अपील की गई थी कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज़ पढ़े बल्कि ईदगाह परिसर या मस्ज़िद के अंदर ही नमाज़ अदा करे। जिसके फलस्वरूप शांतिपूर्ण रूप से ईदगाह परिसर व मस्ज़िद के अंदर ही नमाज़ अदा की गई। समस्त क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना होने की बात सामने नही आई है। ईद की नमाज़ से पहले जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुअव्वज़ ने अमन व शांति का पैगाम देते हुए युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की हिदायत की। इस दौरान उन्होंने सभी मुस्लिमो ने मुकम्मल जकात निकालने, जकात का पैसा मुस्तहिक़ इंसान को देने व गरीब लोगों की मदद करने की अपील भी की। नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन स्थित बड़ी ईदगाह में मौलाना मुअव्वज़, मदरसा अंसारियान में मुफ़्ती हैदर व सुलतानपर नगर की ईदगाह में मौलाना मासूम ने ईद की नमाज़ अदा करवाई। इसके अलावा नगर की कई मस्जिदों व ग्राम पटनी ,पठेड़, बुड्ढाखेड़ा, बुड्ढाखेड़ा, सीकरी, सालीरी, कातला, टोडरपुर, दूधगढ़, नयाँ बांस आदि में भी ईदगाह व

अकीदत से अदा की गई ईद उल फितर की नमाज, गले मिलकर दी मुबारकबाद

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। मुकद्दस रमजान माह के बाद ईद उल फितर का त्यौहार बड़ी अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत के साथ ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद हजारों अकीदतमंदों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमनो अमान, खुशहाली व तरक्की के साथ-साथ कौम की सलामती के लिए दुआएं माँगी। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में बढचढ़कर मतदान करने की भी अपील की गई। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए।

गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज कस्बे की ईदगाह में शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी ने, बस स्टैंड स्थित शेखों वाली मस्जिद में कारी असजद अली, मेन बाजार स्थित मनिहारो वाली मस्जिद में मुफ्ती तकीउल्लाह, मंडी रोड स्थित मदरसा कसरुल उलूम में काजी साजिद कुरैशी ने ईद की नमाज़ अदा कराई। नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह में उठे हजारों हाथों ने कौम की सलामती व मुल्क में अमनोअमान, खुशहाली व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। ईदगाह में नमाज के बाद जामा मस्जिद बेहट के शाही इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़चढकर मतदान करे। जिस तरह खुशी और जोश के साथ हम ईद मनाते है उसी तरह जोश के साथ मतदान करे। इसके अलावा क्षेत्र के संसारपुर, कलसिया, रायपुर, ताजपुरा, मुजफ्फराबाद, दबकौरा, कुरडीखेड़ा, जसमौर आदि गाँवो में भी ईद की नमाज़

नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। ईदगाह में चेयरमैन बेहट अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया, एसडीएम बेहट दीपक कुमार, सीओ शशि प्रकाश शर्मा, सभासद सत्य प्रकाश रोहिला, टीपू सुलतान, सैय्यद फरहान, मुर्तजा राही, जिशान कुरैशी, अजय नौटियाल, अंकित कुमार, बंटी शर्मा, शिफाउल मलिक आदि ने लोगो से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी शशि प्रकाश शर्मा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, एसएसआई मेहर सिंह भारी पुलिस के साथ तैनात रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार

पब्लिक एशिया संवाददाता

नकुड़। ईद उल फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह में नगर तथा देहात से आए हज़ारों अकीदतमंदों ने ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ अदा कर अकीदतमंदो ने मुल्क व क़ौम की खुशहाली की दुआएं मांगी । ईद का चांद नजर आते ही रोजेदारों में उत्साह नजर आया। बुधवार शाम रोजेदारों ने ईद की तैयारियों को लेकर बाजारों में जमकर खरीददारी की। देर रात तक बाजार गुलजार रहे।अकीदतमंदों ने एक दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दी। वही गुरुवार को सुबह से ही ईद उल फितर की नमाज़ को लेकर पालिका प्रशासन ने ईदगाह के आसपास साफ सफाई के साथ चुने का छिड़काव कराया। गुरुवार को ईद की नमाज़ ईदगाह में अदा की गई। ईद की नमाज़ नगर तथा देहात क्षेत्र से आये अकीदतमंदों को मौलाना मुनव्वर हुसैन ने अदा कराई।अकीदतमंदों ने नमाज़ अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की, तथा एक दूसरे का मुह मीठा कराया। हज़ारों की संख्या में ईदगाह पहुंचे अक़ीदमन्दों ने हाकिमे वक़्त के आदेशों का पालन करते हुए सड़कों को छोड़कर ईदगाह परिसर के अंदर व अपने निजी खेतों में ईद की। पूर्व चेयरमैन शाहनवाज खान ने भी अपने साथियों के साथ ईद की मुबारकबाद दी। हरि ग्रुप के निदेशक मयंक चौधरी, नक्षत्रपाल सिंह राठौर, व्यापारी नेता मनोज गोयल, उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री पंकज जैन, नगर मंडल अध्यक्ष राकेश वर्मा, सभासद देवेंद्र कश्यप, सभासद सुशील धीमान, सभासद वरुण मित्तल, अनुज सिंघल एडवोकेट आदि ने भी ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर हाजी याकूब कुरैशी, आमिर कुरेशी, जुनैद असगर, डॉ साकिब खान, सभासद फरमान निज़ामी, जावेद सैफी, उमर खान, शमशाद खान आमिर ख़ान, डॉ इदरीश अहमद, अफजाल निज़ामी, आबिद राजपूत,रिहान खान आदि रहे।

मुख्य समाचार

नवाबगंज विधायक के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया वारंट, 22 को होगी सुनवाई

बरेली। आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे में कोर्ट में हाजिर न होने पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या के खिलाफ

जमानती वारंट जारी किया है। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन का वीडियो हुआ था वायरल : विधानसभा चुनाव के दौरान 20 जनवरी 2022 को नवाबगंज में राधा टाकीज बरातघर के सामने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें भारी भीड़ एकत्रित थी। चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का उल्लंघन किया गया। 21 जनवरी 2022 को नवाबगंज थाने में दर्ज हुई थी एफआईआर : मजिस्ट्रेट चंदन लाल की तरफ से 21 जनवरी 2022 को नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बाद में डा. एमपी आर्या चुनाव जीतकर विधायक बन गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपपत्र दाखिल किया। मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट ने जारी किया विधायक को समन : अदालत की तरफ से विधायक को समन जारी किया गया। शासकीय अधिवक्ता अचिंत द्विवेदी ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए कोर्ट ने डा. एमपी आर्या के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे में वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुए थे। इस मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

विधानसभा चुनाव संचालन समिति को प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने किया संबोधित

हापुड़ » विधानसभा की चुनाव संचालन समिति को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर संबोधित करते हुए कहा कि मेरठ हापुड लोकसभा का चुनाव द्वितीय चरण में है और हमारे पास अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं अपने चुनाव की तैयारी के लिए सभी बूथ अध्यक्ष के निश्चित रूप से तय करने की पन्ना प्रमुख अपनी अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर रहे हो, चुनाव के दिन अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान हो इस दिशा में प्रयास करें सभी कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच में रहे और अपनी पार्टी की नीतियों को बताएं हापुड़ में इस बार भारतीय जनता पार्टी ने एक बहुचर्चित चेहरा जनता को दिया है कि एक ऐसा चेहरा है जो की सभी के दिलों में राज करता है हमारे सरकार में बिना किसी वर्ग के भेदभाव सभी वर्गों को लाभ दिया है विपक्षी आरोप लगाते हैं कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक वर्ग का ध्यान रखती है जो की मिथ्या आरोप है हमें यह भी जनता को बताना होगा किस प्रकार हमने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है जिला अध्यक्ष नरेश तोमर में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को चुनाव में की जाने वाली सभी तैयारी के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा यह विश्वास दिलाया की हापुड़ विधानसभा के धौलाना विधानसभा व गढ़ विधानसभा भी जीत करके लोकसभा प्रत्याशी को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, विधायक विजयपाल आडती, लोकसभा प्रभारी संजीव वालिया, मानसिंह गोस्वामी, कविता मादरे, प्रफुल्ल सारस्वत, मोहन सिंह, पुनीत गोयल, कपिल एस एम, शायमेंद्र त्यागी, संजय त्यागी, महेश त्यागी, राकेश बजरंगी, निशांत सिसोदिया, पूर्व विधायक जयप्रकाश, डॉक्टर पायल गुप्ता, नीलम तेवतिया, छवि दीक्षित, मनोरमा रघुवंशी, अलका निम, मालती भारती, संध्या शर्मा, विनोद गुप्ता, मनोज बाल्मीकि, राकेश त्यागी, गौरव रुड़कीवाल, पवन गर्ग, जिनेंद्र चौधरी, दिनेश त्यागी, सुनिल वर्मा, प्रमोद जिंदड़, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, अनिल त्यागी, अमित शर्मा, शैलेंद्र राणावत, अनिरुद्ध कस्तला, ऋतिक त्यागी, दीपक भाटी, योगेंद्र चौधरी, जय भगवान शर्मा, सोहित वर्मा, मनोज गौतम, प्रभात अग्रवाल और जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

विधवा स्त्री की करुण व्यथा और प्रेम कथा को बयां करेगी फ़िल्म 'ध्रुव-तारा

अभिनेत्री गहना वशिष्ठ का आगरा में हुआ स्वागत, मीडिया से हुई रूबरू

पब्लिक एशिया संवाददाता

आगरा। डेढ़ दर्जन से अधिक बॉलिवुड एवं तमिल फिल्मों में अभिनय कर चुकीं चर्चित फिल्म अभिनेत्री गहना वशिष्ठ अपनी आने वाली फिल्म ध्रुव तारा के प्रमोशन के सिलसिले में गुरुवार को आगरा आईं, उनके साथ फिल्म 'मैरिज डॉट कॉम' सहित दर्जन भर फिल्मों का निर्देशन कर चुके निर्माता-निर्देशक अजय राम भी मीडिया से रूबरू हुए उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म ध्रुव-तारा' के बारे में जानकारी दी। उनका अभिनन्दन कार्यक्रम होटल भावना क्लार्क्स इन में द बज़्ज़ इनकॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित किया गया। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत द बज़्ज़ इनकॉर्पोरेशन के अविनाश वर्मा, अरहम ग्रुप के एमडी मोहित जैन, कवि पवन आगरी, डॉ. महेश धाकड़ और होटल भावना क्लार्क इन के जीएम गजेंद्र सिंह ने किया। फ़िल्म की नायिका अभिनेत्री गहना वशिष्ठ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी निर्माता निर्देशक अजय राम के साथ ये तीसरी फ़िल्म है। इससे पूर्व वो 'साक्षी' और मेरिज डॉट कॉम में भी उनके निर्देशन में अभिनय कर चुकी हैं। ब्रजभाषा से भी मैं परिचित हो चुकी हूँ। अपने आराध्य प्रभु श्रीकृष्ण जी की भूमि में कार्य करने की वजह से, फ़िल्म ध्रुव-तारा' में अभिनय कर रही हूँ। फिल्म के निर्माता और निर्देशक अजय राम ने कहा कि, 'फिल्म 'मैरिज डॉट कॉम' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। अब ब्रजभाषा में फ़िल्म 'ध्रुव-तारा' बना रहे हैं, जो आत्मा से आत्मा के मिलन की प्रेमकथा है। शूटिंग ब्रज क्षेत्र में होगी और अधिकतर कास्ट और तकनीशियन ब्रज के ही होंगे। फिल्म की कहानी नायिका प्रधान है, इसमें एक विधवा की जिंदगी की व्यथा और प्रेम कथा को बयां करने का प्रयास किया जायेगा। विधवा को भी पति की मृत्यु बाद फिर से नई जिंदगी शुरू करने का हक है, मगर समाज उसे यह हक नहीं देता, बल्कि हिकारत की नजर से देखता है। उसकी दयनीय दशा को दर्शाने के साथ ही उसके हक की आवाज़ को ब्रजभाषा में इस फिल्म के जरिए बुलंद किया जायेगा। 'ध्रुव-तारा' ब्रज की संस्कृति पर आधारित एक संगीतमय फ़िल्म होगी, यह एक आत्मिक आभासीय प्रेम-कथा है।

आगरा में बसपा को उम्मीदों का आकाश दिखा गए आकाश आनंद

अपने जोरदार भाषणों से मायावती की छाप छोड़ गए आकाश आनंद

पब्लिक एशिया ब्यूरो

आगरा। बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद गुरुवार को बुद्ध विहार चक्की पाठ में चुनावी सभा कर 2024 लोकसभा चुनाव में संग्राम का बिगुल फूंक गए। आगरा में लोकसभा 2024 चुनाव की आगरा में यह बसपा की पहली चुनावी र-ैली थी। जिसमें बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने मायावती की तरह भाजपा, कांग्रेस, सपा सहित सभी राजनीतिक दलों पर तीखा हमला बोला। बसपा समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन अब वह नौकरियां देने की जगह लोगों को सिर्फ 2 किलो गेहूं और चावल दे रहे हैं। जो की देश की जनता के साथ धोखा है। भाजपा सरकार दलितों, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा के साथ ही उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी करारा हमला बोला उन्होंने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को 60 साल सरकार चलाने के लिए दिए तब तो यह इन 60 सालों में भारत को जोड़ नहीं पाए अब राहुल गांधी कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को जोड़ने निकले हैं। लेकीन अभी तक जोड़ नहीं पा रहे हैं। इसके साथ ही बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के ऊपर भी जोरदार हमला बोला उन्होंने अखिलेश यादव के ऊपर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार ने हमेशा से बहुजन महापुरुषों का अपमान किया है और संसद में प्रमोशन में आरक्षण का बिल फाड़ने का कार्य भी समाजवादी पार्टी ने किया समाजवादी पार्टी दलितों की कभी हितैषी नहीं हो सकती। दलितों को ऐसे बहरूपियों से सावधान रहने की जरूरत है। बसपा नेता आकाश आनंद ने सभा में आए सभी समर्थकों से बसपा को भारी तादाद में वोट देने की अपील की। सभा में बसपा समर्थकों का भी जोश देखते ही बन रहा था। बसपा कार्यकर्ता बड़े ही जोश के साथ नारे लगा रहे थे। बसपा की चुनावी सभा में जोनल कोऑर्डिनेटर गोरेलाल जाटव, मंडल कोऑर्डिनेटर कामरान अहमद, जिला अध्यक्ष विमल वर्मा, पूर्व विधायक वीरू सुमन, वरिष्ठ बसपा नेता शब्बीर अब्बास, किरन केसरी, नितिन वर्मा, अरविंद मथुरिया इत्यादि शामिल रहे।

बसपा कार्यकर्ताओं के बीच में जाकर दिल को छू गए आकाश आनंद : आगरा लोकसभा सुरक्षित सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने बसपा कार्यकर्ताओं से भारी वोटों से जीताने की अपील की। जिसे सुनकर बसपा समर्थकों का जोश देखते ही बना रहा था। रैली में आए युवा समर्थक अपने नेता आकाश आनंद को इतना नजदीक देख भारी जोश में दिखें। आकाश आनंद से हाथ मिलाने और साथ में फोटो सेल्फी लेने के लिए बसपा कार्यकर्ताओं में होड़ सी लग गई लेकिन एक मजे हुए राजनेता की तरह आकाश अन्य भी अपने किसी बसपा समर्थकों को निराश नहीं किया और सभी के साथ हाथ मिलाते हुए सेल्फी ली। जिससे बसपा कार्यकर्ता बहुत ही खुश नजर आए।

जयवीर के अखाड़े में उतरने से मैनपुरी की लड़ाई हुयी दिलचस्प

एजेंसी

मैनपुरी » समाजवादी पार्टी (सपा) के किले के रुप में विख्यात मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के तौर पर मैदान पर उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

सपा अपने अभेद दुर्ग को किसी भी हालत में सुरक्षित रखना चाहती है,वंही भाजपा मैनपुरी पर पहली जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतर रही है। जयवीर सिंह का नाम काफी इंतजार के बाद भाजपा आलाकमान ने गुरुवार को घोषित किया है जिसके बाद से सपा नेतृत्व में मंथन तेज हो गया है।

सपा के सूत्रों का कहना है कि मैनपुरी सीट को पार्टी किसी भी दशा में खोना नहीं चाहती,ऐसे में मैनपुरी से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना है। डिम्पल यादव को कन्नौज से और अखिलेश यादव के मैनपुरी से लड़ने की चर्चाएं मैनपुरी में जोरों से हैं। राजनीति के जानकारों का मानना है कि जयवीर सिंह के सामने डिम्पल यादव का चुनाव जीतना इतना आसान नहीं था। मैनपुरी लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की कर्मस्थली माना जाता है। नेता जी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव की एक चुनावी सभा वन्यदल क्षेत्र में पडरिया चौराहे पर और एक चुनावी सभा कोसमा क्षेत्र में होने के बाद से उनको चाहने वाले जी-जान से उनकी अपील पर पार्टी प्रत्याशी को जिताने में जुट जाते थे। और कभी-कभी तो मुलायम सिंह यादव चुनावी सभाओं में झोली फैलाकर वोट माँग लेते थे। मुलायम सिंह यादव का जनता से सीधा-सीधा जुड़ाव था। वह हर चुनावी सभा में सामने बैठे लोगों में से किसी न किसी का नाम लेकर हाल-चाल पूंछ लेते थे। मुलायम सिंह यादव मैनपुरी में कभी नहीं हारे और मैनपुरी की जनता ने देश में भले ही किसी भी पार्टी की लहर चल रही हो पर मैनपुरी में मुलायम सिंह की ही लहर चली। 1991 के लोकसभा चुनाव से 2019 तक हुए सभी लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी या उनके गठबंधन का प्रत्याशी ही विजयी रहा। बलराम सिंह यादव और उदयप्रताप सिंह यादव को अगर छोड़ दिया दिया जाए तो 10 बार तो सैफई परिवार का कोई न कोई मैनपुरी से सांसद बना। कभी समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे जयवीर सिंह ठाकुर के मैनपुरी से प्रत्याशी बनने के बाद मैनपुरी का चुनाव काफी रोमांचक हो गया है। मुलायम सिंह की विरासत को सुरक्षित रखने के लिए अखिलेश यादव की मैनपुरी से प्रत्याशी हो सकते हैं।

हिस्ट्रीशीटर ने पहना भगवा चोला, भाजपा सांसद व कैबिनेट मंत्री ने ज्वाइन कराई पार्टी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। अपराधियों की जगह जेल और एनकाउंटर का दावा करने वाली भाजपा को भी अब उन्हें गले लगाने से परहेज नहीं है। हत्या, रासुका, जानलेवा हमला, रंगदारी जैसे संगीन मुकदमों को अपने नाम करने वाले हिस्ट्रीशीटर संदेश कनौजिया सपा छोड़कर अब भाजपा के हो गए हैं। यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद धर्मेंद्र कश्यप, भाजपा के क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा के साथ संदेश ने मंच साझा किया। उनके गले में भाजपा का पटका था।

बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में सपाई से भाजपाई हुए संदेश : आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के कार्यालय पर बुधवार को बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद धर्मेंद्र कश्यप की मौजूदगी में संदेश को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। सांसद के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप का कहना है कि संदेश भाजपा की नीतियों से खुश हैं, इसलिए उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली है। भाजपा नेताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में संदेश के पार्टी ज्वाइन करने से सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य कमजोर होंगे। संदेश कनौजिया अपने समर्थकों के साथ बिथरी क्षेत्र में भाजपा के लिए चुनावी मददगार साबित होंगे। वहीं इस मामले में कुर्मियों का दूसरा धड़ा संदेश के खिलाफ है। संदेश के भाजपा ज्वाइन करने से उनमें नाराजगी है। वह संदेश के अपराधी बैकग्राउंड का सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इससे भाजपा की अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कानून व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाने वाली साख को बट्टा भी लग रहा है।

एनकाउंटर की तैयारी करने वाली पुलिस अब ठोंकेगी संदेश को सलाम : सपा सरकार के बाद यूपी में भाजपा सत्ता में आ गई। एक नेता के इशारे पर संदेश कनौजिया के घर पुलिस की दबिशें शुरू हो गईं। ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। संदेश के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज किए गए। यहां तक की तत्कालीन एसएसपी ने संदेश के एनकाउंटर भी तैयारी कर ली थी। बड़ी मुशिकल से संदेश ने राजनीतिक शरण लेकर खुद को बचाया। भाजपा ज्वाइन करने के बाद अब वही पुलिस संदेश को सलाम ठोंकेगी।

थाना बिथरी में हत्या, गैंगेस्टर, रासुका जैसे 21 मुकदमे

सपा के जिला उपाध्यक्ष रहे संदेश कनौजिया के खिलाफ अकेले थाना बिथरी चैनपुर में करीब 21 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या, जानलेवा हमला, गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर, रासुका (एनएसए) राष्ट्रीय सुरक्षा कानून, बलवा, मारपीट, धोखाधड़ी, रंगदारी के कई मामले हैं। मुकदमे बरेली के थानों में 2004 से 2022 के बीच 18 सालों में दर्ज हुए हैं। संदेश की हिस्ट्रीशीट भी खोली जा चुकी है।

जिला भी बनेगा बाह और उद्योग धंधे भी होंगे स्थापित : राजकुमार चाहर

बाह में विधानसभा क्षेत्र कार्यालय का भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किया शुभारंभ

विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने पिछली बार से अधिक जीत का दिलाया भरोसा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

आगरा। असंख्य वर्षों की साधना के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से अयोध्या में भगवान श्री राम लला, भव्य मंदिर में विराजमान हो गए। पूरे देश का जनमानस इस पल का साक्षी बना। वहीं दूसरी ओर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नुमाइंदों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तुष्टिकरण की नीति के कारण जाना जरूरी नहीं समझा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान द्वारा फतेहपुर सीकरी लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के बाह विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यालय का गुरुवार को बाह कस्बा में फीता काटकर एवं विधि विधान से किया। इस दौरान रामप्रताप सिंह चौहान ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस वोटबैंक की खातिर कांग्रेस और सपा समेत अन्य विपक्षी दलों के लोग, प्राण प्रतिष्ठा में नहीं पहुंचे, उसी वोट बैंक का इन्होंने हमेशा दोहन किया। देश के प्रधानमंत्री ने सभी धर्मों और वर्गों को अपने परिवारजन मानकर उनके हित में कार्य किया है। इसी का परिणाम है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मोदी का डंका बज रहा है। दक्षिण से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों में जहां भाजपा का औसत प्रदर्शन रहता था, वहां की राष्ट्रवादी जनता भाजपा के साथ मिलकर कदमताल कर रही है। उन्होंने सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश में भाजपा किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने, किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जब विपक्षी दलों के लोग, किसानों को मोहरा बनाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे थे, उस समय इन्होंने ही सकारात्मकता के साथ किसानों के बीच जाकर सरकार का पक्ष रखा। विधायक बाह रानी पक्षालिका सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों की सरकार में बाह विधानसभा क्षेत्र पिछड़ापन का शिकार था। सांसद राजकुमार चाहर के प्रयासों से बाह विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। देश के प्रेरणास्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की स्थली से लेकर बटेश्वर मंदिर का विकास डबल इंजन सरकार में हुआ है। वर्तमान में बाह क्षेत्र में विपक्ष की स्थिति शून्य है। पिछली बार, सांसद राजकुमार चाहर की जीत का आंकड़ा 76 हजार था। इस बार जीत का अंतर 1 लाख होगा। सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने कहा कि वर्तमान कार्यकाल में उन्होंने बाह विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करवाने हेतु कार्य किया है। चिकित्सा, शिक्षा, परिवहन आदि सुविधाओं हेतु प्रदेश से लेकर केंद्र तक भागदौड़ की है। आगामी कार्यकाल में महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य होगा। बाह को जिला बनाने की पुरानी मांग पूरी होगी। उद्योग धंधों की प्राथमिकता से स्थापना होगी। युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्रों का विस्तार होगा। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। बाह विधानसभा क्षेत्र में आगमन होते ही उत्साही कार्यकर्ताओं और युवाओं, बुजुर्गों एकम महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से जमकर पुष्प वर्षा हुई। स्वागत सम्मान से अभिभूत, सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने कहा कि बाह विधानसभा क्षेत्र का जनसंघ से लेकर भाजपा तक विशेष स्नेह रहा है। हमारा सौभाग्य है कि इसी धरा के अटल बिहारी वाजपेई की स्थली का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाह, लोकसभा प्रभारी कन्हैया लाल गुप्ता, पूर्व विधायक मधुसूदन शर्मा, जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री संतोष कटारा, शिवकुमार प्रमुख, शैलू जादौन, महिला मोर्चा अध्यक्ष पंकजा शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र रावत आदि उपस्थित रहे।

शिव मंदिर के पास हो रहे नाला निर्माण को दबंगों ने तोड़ा

दलित बस्ती और शिव मंदिर के पास भरा रहता है गांव का गंदा पानी जिसको लेकर कई बार कर चुके हैं प्रदर्शन

वाजिद पाशा पब्लिक एशिया

कुंदरकी » कुंदरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित नाले को गांव के ही कुछ दबंग लोगों के द्वारा तोड़ने का मामला सामने आया है जिसमें खंड विकास अधिकारी ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार गांव में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित नाले का निर्माण कराया जा रहा था राजस्व विभाग की टीम के द्वारा जमीन को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में तीन दिन पहले कार्य शुरू हुआ था बताया गया है कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने नाले को ध्वस्त कर दिया ग्राम प्रधान के द्वारा खंड विकास अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देते हुए उपरोक्त लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करने की अपील की गई है। ताजा मामला ग्राम शीलपुर का है जहां पर प्राचीन शिव मंदिर के पास गांव का गंदा पानी सड़क पर भर जाता था मंदिर के आसपास ज्यादातर दलित लोगों की बस्ती है और दलित लोगों की बस्ती में काफी समय से सड़क पर गंदा पानी जमा है जिसके लिए वह कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं लेकिन कुछ समय से गांव की ही कुछ दबंग लोग नाला निर्माण के कार्य को रोके हुए थे लेकिन राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम के द्वारा कार्य शुरू कराया गया था आरोप लगाया गया है कि 10 अप्रैल की शाम करीब 6»00 बजे के आसपास गांव के ही एक परिवार के आठ लोग और 6-7 लोग अज्ञात निर्माणाधीन नाले पर पहुंचे फावड़े और सबलों के जरिए नल को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। सूचना पर बुधवार की रात्रि थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर घटना के संबंध में जानकारी ली। उक्त प्रकरण चलते दोनों ही धर्म के लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है उपरोक्त लोगों के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाली गई है साथ ही सरकारी संपत्ति को जानबूझकर हानि पहुंचाई गई है। इस संबंध में जब बीडियो कुंदरकी चैतन्य कुमार पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एसडीएम बिलारी के द्वारा नायब तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी जिसमें पुलिस प्रशासन की स्वयं उनकी मौजूदगी में गाटा संख्या 507 जो की सड़क का है उसको चिन्हित करके इस पर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसको कुछ लोगों के द्वारा ध्वस्त करने की सूचना प्राप्त हुई है प्रकरण में उपरोक्त लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और सरकारी धन की क्षति पहुंचने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उपरोक्त लोगों से इसकी क्षतिपूर्ति कराई जाएगी।

ईल-उल-फितर की नमाज अता कर मूल्क में अमन चैन की दुआ की गई

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। ईद उल फितर का त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुबह ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज शहर काजी मुफ्ती मकसूद आलम कासमी ने पढ़ाई। नमाज के बाद मुल्क मे अमन चैन की दुआ की गई। शहर काजी मुफ्ती मकसूद आलम कासमी ने कहा कि ईद का त्यौहार हमे अल्लाह ने रमजान उल मुबारक के रोज रखने की खुशी मे अता किया है।

हम सभी आपस में मिल जुल कर इस त्यौहार को मनाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी खुशनसीबी है कि ईद के त्यौहार के बाद लोकसभा के चुनाव होने जा रहे है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस पर्व को भी राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाते हुए मतादन में हिस्सा जरूर ले और अपने सब काम छोड़ते हुए मतदान वाले दिन अपना वोट जरूर डाले। अपने परिवार का वोट जरूर डलवाए। इस अवसर पर नायब शहर काजी मौलाना मोहम्मद असअद कासमी ने कहा कि अपनी ईद की खुशी मे अपने मिलने जुलने वालो को भी शामिल करे। ईद की नमाज को लेकर ईदगाह कमेटी व प्रशासन ने बार-बार ऐलान किया कि कोई भी सड़क पर नमाज ना पढ़े। लोगो ने भी ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की। जिन लोगो को ईदगाह में जगह नही मिली उन्हें ईदगाह के आसपास की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की साथ ही शहर की 54 मस्जिदो में भी शांतिपूर्वक ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान डीएम प्रेरणा शर्मा, एसपी अभिषेक वर्मा, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल, सीओ वरुण मिश्रा, एसडीएम शुभम श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पालिकाध्यक्ष पति श्रीपाल सिंह, बबलू त्यागी, पूर्व ब्लाक प्रमुख तेजपाल आदि मौजूद रहे थे।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

लोकतंत्र में वोट की बहुत कीमत है। समीरपुर स्थित अपने घर पर पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि चुनावों में जनता अपना वोट विकास को देगी और तीसरी बार देश में मोदी की सरकार बनेगी। कहा कि भाजपा विधानसभा के उपचुनावों के साथ लोकसभा के चुनाव भी जीतेगी। जनता विकास चाहती है और मोदी सरकार ने देश भर में विकास करवाया है। विकास का दूसरा नाम भाजपा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का हर बड़ा नेता इन दिनों जेल में है। **-केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर**

संक्षिप्त समाचार

गोवर्धन नगर पंचायत के वार्डों में 15 नए रिक्शों से होगा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) नगर पंचायत गोवर्धन में घर-घर कूड़ा कलेक्शन प्रक्रिया को सुधारने के लिए सफाई कर्मचारियों को नए रिक्शा वितरित किए गए हैं। गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ ने सफाईकर्मियों को नए रिक्शे प्रदान करके रवाना किया। बताते चलें कि नगर पंचायत गोवर्धन द्वारा 18 वार्डो में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कराया जाता है। सफाई कर्मचारियों को क्षतिग्रस्त पुराने रिक्शों से कूड़ा कलेक्शन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सफाई कर्मियों की इस समस्या का समाधान करते हुए गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा देवी-अधिशाषी अधिकारी डा. कल्पना वाजपेयी और डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन विनय प्रताप ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मियों को 15 नए रिक्शे वितरित करके कूड़ा उठाने के लिए रवाना किया। इनमे गीला कूड़ा, सुखा कूड़ा और हैजार्ड वेस्ट के लिए अलग-अलग डस्टविन लगे हैं। इस दौरान ईओ सौंख संदीप सिंह-पवन कुमार शर्मा-नानक चंद्र शर्मा और सभासद प्रतिनिधि नर सिंह एडवोकेट आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

वृंदावन में रमणरेती राधा टीला के पास वृक्षों के कटान और प्लाटिंग पर महंत ने जतायी चिंता

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) सामाजिक कार्यकर्ता एवं महंत मधुमंगल शरण दास शुक्ल ने रमणरेती, राधा टीला के पास वृक्षों के अवैध कटान और अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को तुरंत रोकने के लिए डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। इस संबंध में महंत मधुमंगल दास ने बताया कि जनपद में इस समय अवैध प्लाटिंग का धंधा पूरे जोरों से चल रहा है। कहा कि विकास प्राधिकरण कागजी कार्रवाई दर्शाकर कुछ स्थानों पर बुलडोजर की कार्रवाई करता है। उनका कहना है कि भू माफियाओं द्वारा रमणरेती राधाटीला के पास करीब 4 हजार 3 सौ 13.64 कुल गोचरण भूमि में लगभग 20-25 बड़े छायादार वृक्षों को काट दिया गया है और अवैध रूप प्लाटिंग की जा रही है तथा रजिस्ट्री विभाग की मिलीभगत से लगातार जमीनों की रजिस्ट्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र भूमि गोचारण की है, श्री वृंदावन धाम की पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में परिक्रमा करने वालों के लिए अल्प विश्राम और छोटे-छोटे ईट पत्थर एवं मिट्टी के घर-घरोंदे बनाने की भूमि है लेकिन भू-माफिया कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर इसे नष्ट करने में लगे हुए हैं। उन्होंने शिकायती पत्र में डीएम से विकास प्राधिकरण, वन विभाग और रजिस्ट्री विभाग समेत सभी विभागों को निर्देश देने की मांग करते हुए कहा कि रजिस्ट्री और नक्शा पास की कार्रवाई के नियमों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

डीआरएम ने कोसीकलां, भूतेश्वर और होडल रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण : अमृत स्टेशन योजना में शामिल हैं मथुरा के स्टेशन

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल के रेल प्रबंधक तेजप्रकाश अग्रवाल द्वारा आगरा मंडल के अमृत स्टेशन होडल, कोसीकलां और भूतेश्वर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। अमृत स्टेशन के रूप में चयनित रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान डीआरएम श्री अग्रवाल ने स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान भूतेश्वर स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म और प्रवेश द्वार तथा यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने आइझ- छाता खंड के फाटक संख्या-538 पर बन रहे आरओबी का भी निरीक्षण किया। वहीं कोसीकलां स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों और सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, प्रवेश द्वार तथा गुड्स शेड का निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों से मास्टर प्लान पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद वह होडल स्टेशन पहुंचे और वहां यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। बता दें कि आगरा मंडल में ह्लअमृत स्टेशन योजनाह्व के तहत 15 स्टेशनों का उच्चीकरण तथा विकास किया जाना है। जिसमें होडल, कोसीकलां और भूतेश्वर रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति यूनिट एमपी सिंह-वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर योगेश मित्तल-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद-वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक केजी गोस्वामी-डिप्टी सीई गति शक्ति यूनिट होतम सिंह-डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट सुबोध राजपूत और वरिष्ठ मंडल इंजिनियर-1 नितिन गर्ग समेत अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

वृंदावन में मेट्रो सिटी की तरहा विकास की योजना पर होगा कार्य : धर्म नगरी आने वाले श्रद्धालुओं का मन मोहेंगी आकृतियां

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे को वृंदावन से जोड़ने वाले छटीकरा मार्ग का मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस मार्ग का सौंदर्यीकरण, मेट्रो सिटी की तरहा किया जाएगा। वृंदावन से जुड़ने वाले सभी मार्गों के विकास पर मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण कार्य कर रहा है। इसी के साथ वृंदावन से जुड़ने वाले नए रास्तों को भी तैयार किया जा रहा है। इसीक्रम में दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे से जुड़ा छटीकरा- वृंदावन मार्ग का विकास हो रहा है। इसका स्थलीय निरीक्षण विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने किया। उन्होंने लाइट के कार्य में तेजी लाने और सौंदर्यीकरण को लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए। इसके साथ ही मेट्रो सिटी के पैटर्न पर विकसित होने वाली साइडों का चयन किया। चयनित स्थानों पर विभिन्न प्रकार की आकृति लगाई जाएंगी। इनमें छतरियां-जालियां और प्रतिमाएं भी शामिल होंगी। वहां लोगों के लिए बैठने के लिए स्थान भी तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा इस मार्ग पर हरियाली के भी प्रबंध किया जाएंगे। इस दौरान निरीक्षण में एमवीडीए सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी-ओएसडी प्रसून द्विवेदी-एक्सईएन प्रशांत गौतम-अवर अभियंता विमल कोहली और एसडी पालीवाल आदि मौजूद रहे।

सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने नीरज त्रिपाठी के घर जाकर उन्हें बधाई दी

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी की ओर से इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाए जाने पर इस सीट से निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने त्रिपाठी के घर जाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। रीता बहुगुणा जोशी के मीडिया प्रभारी मनु कक्कड़ ने बताया कि जोशी बुधवार की शाम नीरज त्रिपाठी के घर गईं और उन्हें भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। रीता बहुगुणा जोशी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता, पार्टी ही नहीं बल्कि देश की पूंजी है और यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सब एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में राजग 400 पार और भाजपा 370 पार के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नीरज त्रिपाठी को इलाहाबाद से और प्रवीण पटेल को फूलपुर लोकसभा सीट से प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में मैं अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करूंगी। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, भाजपा के कद्दावर नेता रहे पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं और वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपर महाधिवक्ता हैं।

जीतनराम की प्रतिष्ठा दाव पर, कुमार सर्वजीत पर पिता की विरासत आगे ले जाने की चुनौती

पटना। बिहार की हाईप्रोफाइल गया (सु) सीट पर इस बार के चुनाव में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की प्रतिष्ठा भी दाव पर लगी है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी कुमार सर्वजीत पर पिता राजेश कुमार की सियासी विरासत को आगे ले जाने की चुनौती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गया (सु) सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जदयू) उम्मीदवार पूर्व सांसद भगवती देवी के पुत्र विजय कुमार मांझी ने महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रत्याशी जीतन राम मांझी को पराजित किया था।

संस्कृत भारती के वार्षिक पंचांग का हुआ विमोचन

अंग्रेजी नववर्ष को छोड़कर अपनी प्राचीन नववर्ष को मनाए धूमधाम से : अनिरुद्धाचार्य

संस्कृत भारती के वार्षिक पंचांग का विमोचन करते हुए भगवताचार्य अनिरूद्धाचार्य महाराज, साथ में संस्कृत भारती के पदाधिकारी।

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह)

संस्कृत भारती ब्रज प्रांत द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर से प्रारंभ होने वाले संवत २०८१ के वार्षिक पंचांग का विमोचन वैदिक विधि-विधान से पूजन कर नववर्ष मेला में मुख्य अतिथि परम् पूज्य श्री अनिरुद्धाचर्य महाराज और प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल-सचिव गंगाधर अरोड़ा-ब्रज प्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल-संगठन मंत्री नरेन्द्र भागीरथी-महानगर अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर-गणेश शंकर पांडेय-ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वरनाथ चतुर्वेदी-योगेश उपाध्याय आवा-रामदास चतुर्वेदी शास्त्री पूर्व पार्षद-हरस्वरुप यादव-देवव्रत तोमर और श्रीमती अनिता आचार्य आदि ने सभी को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर से प्रारंभ होने वाले भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भारती के पंचांग का वितरण किया। वहीं महानगर अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने भारतीय नववर्ष की पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हम सभी भारतवासियों के लिए गौरवशाली दिन है। कहा कि आज के ही दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। भगवान श्रीराम जी का राज्याभिषेक भी आज ही के दिन हुआ था। बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही मां भगवती दुर्गा जी की नवरात्रि का शुभारंभ होता है। महाराजा विक्रमादित्य द्वारा शकों की हूणों पर गौरवमयी विजय व उनका हिन्दू राष्ट्र के साथ आत्मसात करके विक्रम संवत का शुभारंभ किया और युग प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती जी द्वारा आर्यसमाज की स्थापना की गई। बताया कि महान संत परम् पूज्य श्री झूलेलाल जी जन्म जयंती दिवस भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है। युधिष्ठिर संवत एवं महावीर संवत का शुभारंभ भी इसी दिन से हुआ है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर को ही विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. केशवराव बलिराव हेडगेवार जी का जन्म दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता श्री अनिरुद्धाचर्य जी ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला भारतीय नववर्ष का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए स्वाभिमान का दिन है। कहा कि हमारा सर्वाधिक प्राचीन एवं सशक्त वैज्ञानिक काल गणना उसका उदाहरण है। इसीक्रम में संस्कृत भारती ब्रजप्रांत संगठन मंत्री नरेन्द्र भागीरथी ने कहा कि अपना भारतीय नववर्ष सारगर्भित, श्रेष्ठ व चिरस्मरणीय है। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक पंचांग हमारे जीवन में अति महत्व है, हमारे परिवार में सभी शुभ व अशुभ कार्यों में पंचांग के अनुसार ही कार्य किए जाते हैं तथा मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक के सभी संस्कार पंचांग के अनुसार ही किए जाते हैं। वहीं प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री (पूर्व पार्षद) ने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है और अपनी परम्परा, संस्कृति और सभ्यता को भूलकर 1 जनवरी को अपने नववर्ष के रूप में मनाते हैं, जिसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका सभी से अनुरोध है कि अपने भारतीय नववर्ष को धार्मिक आयोजनों के साथ मनाएं और सभी को इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर संस्कृत भारती ब्रजप्रांत महानगर प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री भी उपस्थित रहे।

रूसी मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने किया केडी मेडिकल कॉलेज का दौरा

एकेडमिक और शोध के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे केएसएमयू और केडीएमसी

(मुकेश कुशवाह)

मथुरा ब्यूरो। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले केडी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सराहना अब दूसरे देशों में भी होने लगी है। केडी मेडीकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में पश्चिमी रूस की शासकीय कुर्स्क स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने उच्चस्तरीय चिकित्सा व्यवस्थाओं को देखा और मुक्तकंठ से सराहना करते हुए प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल से एकेडमिक और रिसर्च के क्षेत्र में मिलकर काम करने का अनुरोध किया। जानकारी के अनुसार पश्चिमी रूस की सरकारी मेडिकल यूनिवर्सिटी केएसएमयू के प्रतिनिधिमंडल के साथ आए चांसलर प्रो. डा. विक्टर अनातोलेविच लजारेंको-अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान केएसएमयू के एसोसिएट प्रो. डा. मोहम्मद टी. चानिन तथा डा. पीके सिंह का केडीएमसी के प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की आधुनिकतम चिकित्सा सुविधाओं तथा प्रयोगशालाओं के साथ ही संस्थान का भ्रमण करने के बाद डीन एवं प्राचार्य डा. आरके अशोका तथा सभी विभागाध्यक्षों से एकेडमिक तथा अनुसंधान के क्षेत्र के विषय पर लम्बी वार्ता की। इस संबंध में प्रो. वीए लजारेंको ने बताया कि केएसएमयू के संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों के पास बॉयोस्टैटिस्टिक्स-साइकोमेट्रिक्स-चिकित्सा शिक्षा मूल्यांकन और स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता का मूल्यांकन-बीमारी की गंभीरता के तरीकों का विकास-अनुप्रयोग-जोखिम-समायोजन-स्वास्थ्य देखभाल, वित्तपोषण तथा संस्थागत अनुसंधान में योग्यता और पेशेवर अनुभव हैं। प्रो. लजारेंको ने बताया कि वर्ष 1935 में पश्चिमी रूस में कुर्स्क मेडिकल इंस्टीट्यूट के रूप में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में कदम रखने के बाद 1985 में संस्थान को चिकित्सकों, फार्मास्यूटिस्टों के प्रशिक्षण में योग्यता, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा तथा चिकित्सा विज्ञान के विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया था तथा 1994 में इसे विश्वविद्यालय का दर्जा मिला था। उन्होंने बताया कि यह रूस का पहला विश्वविद्यालय है जोकि मेडिकल छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी में भी पूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। केएसएमयू रूसी-चीनी चिकित्सा विश्वविद्यालयों के संघ का सदस्य भी है। यहां दुनियाभर के 50 देशों के करीब नौ हजार से अधिक छात्र-छात्राएं एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं तथा इसका 80 देशों के चिकित्सा संस्थानों से एकेडमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में अनुबंध है। केएसएमयू प्रतिनिधिमंडल और केडीएमसी के प्राध्यापकों के बीच हुई बैठक में प्रो. डा. विक्टर अनातोलेविच लजारेंको ने कहा कि हमने भारत में सिर्फ केडी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का ही चुनाव किया है। कहा कि केएसएमयू यहां की उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं देखने के बाद केडीएमसी के साथ संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों के विकास पर काम करने का इच्छुक है। इससे दोनों देशों के छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। इसमें विनिमय कार्यक्रम-दोहरे डिग्री कार्यक्रम और सहयोगात्मक पाठ्यक्रम विकास शामिल हो सकते हैं। उनका कहना था कि इतना ही नहीं बैठक में छात्रों तथा शिक्षकों के आदान-प्रदान एवं संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान पर भी सहमति बनाने पर जोर दिया गया है। वहीं केडी मेडिकल कॉलेज की डीन एवं प्राचार्य डा. आरके अशोका ने केएसएमयू के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि यह संस्थान आरके एज्यूकेशनल ग्रुप का हिस्सा है। इसकी स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी। फिलहाल यहां एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं एमबीबीएस तथा पोस्ट ग्रेज्युएट की शिक्षा ले रहे हैं। डा. अशोका ने बताया कि करीब एक दशक में ही केडीएमसी ने अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। कहा कि यह सबकुछ आरके एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डा. रामकिशोर अग्रवाल और प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल के प्रोत्साहन और विषय विशेषज्ञों की मेहनत का परिणाम है। बैठक में केडीएमसी के उप-प्राचार्य डा. राजेन्द्र कुमार और विभागाध्यक्ष मनो चिकित्सा डा. गौरव सिंह आदि ने भी संस्थान की प्रगति पर अपने-अपने विचार रखे।

ईद पर हुई नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

ताजमहल और जामा मस्जिद में पहुंचे सैकड़ों नमाजी, आगरा पुलिस रही मुस्तैद

आगरा, संवाददाता

आगरा में ईद-उल-फितर पर शहर की सभी मस्जिदों में नमाज अता की गई। सैकड़ों नमाजियों ने अल्लाह से देश में अमन चैन की दुआ मांगी। एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। पुलिस हर मस्जिद के बाहर तैनात रही। सबसे पहले आगरा में ईदगाह मस्जिद पर नमाज अता की गई। ईद के अवसर पर एएसआई ने ताजमहल पर सुबह 7 से 9 बजे तक नमाजियों और पर्यटकों के लिए फ्री एंट्री रखी थी। सैंकड़ों लोगों ने ताजमहल की शाही मस्जिद में पहुंचकर नमाज अता की। हालांकि इस दौरान मुख्य मकबरे तक जाने वाले पर्यटकों के लिए टिकट में राहत नहीं दी गई थी। ताजमहल पर पुलिस सुरक्षा बल तैनात रहा। आगरा में बनी ईदगाह मस्जिद में साल में सिर्फ दो बार ही नमाज होती है। इसका निर्माण शाहजहां ने 1674 में सिर्फ 40 दिन में कराया था। इस मस्जिद का बाहरी गेट 159 फिट तथा 40 फिट चौड़ा है. यह लाल बलुए पत्थरों से निर्मित है। 300 से ज्यादा साल पुरानी इस मस्जिद में एक बार हजारों लोग नमाज अता कर सकते हैं। इस मस्जिद पर सुबह 7 बजे नमाज अता की गई। इसके बाद नमाजियों ने मस्जिद के बाहर मेले में खरीदारी की। जामा मस्जिद में नमाज अता करने के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान पहुंचे डीसीपी सिटी सूरज राय ने पुलिस विभाग की तरफ से भी ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चौकस है। लोग नमाज अता करने के बाद अपने घरों की तरफ जा रहे हैं। हर मस्जिद के बाहर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

जैंत पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना जैंत क्षेत्र स्थित राल कट के पास से बलात्कार के आरोप फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए दबिशें दे रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा आरोपी छटीकरा पुल के पास राल कट पर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय वर्मा पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए और घेराबंदी करके बलात्कार के आरोपी विष्णु पुत्र हरप्रसाद निवासी गांव बाटी थाना जैंत को गिरफ्तार कर लिया।

महिला से छेड़छाड़ के आरोपियों ने किया जानलेवा हमला

घायल हुए महिला के पति की हुई मौत

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना हाईवे क्षेत्र स्थित द्वारिकेश नगर कॉलोनी में एक महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में बुधवार शाम को दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस बीच विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ ही देर में महिला पक्ष घर में घुसकर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल हुए महिला के पति को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान महिला के पति की मौत हो गई। जबकि महिला के अन्य परिजनों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस को सूचना दी गई लेकिन काफी समय बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मृतक के भाई मोहन सिंह ने बताया की बड़े भाई छत्रपाल की पत्नी से पड़ोस में रहने वाले कमल ने छेड़खानी कर दी थी। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। बताया कि उस समय बड़े, बुजर्गों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर पड़ोस में रहने वाले कमल के परिजन कुमसेन-रौतान-अनिता-विमलेश-सोनू-रविंद्र-भोला-सतीश-शशी-रेखा-पापिया और मनिता ने छत्रपाल पक्ष के लोगों पर लाठी, डंडे, सरिया और धारदार हाथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जानलेवा हमले में छत्रपाल-विमला देवी-कृष्णा-मोहन और जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार सुबह पीड़ित महिला के पति छत्रपाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजन अन्य घायलों की भी हालत गंभीर बतायी गई है। महिला के पति की मौत होने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हाईवे उमेशचन्द्र त्रिपाठी मौके पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में मृतक के भाई मोहन सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 13 नामजद हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच करने में जुटी हुई है।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की

लखनऊ। ईद उल फितर के मौके पर बृहस्पतिवार को प्रदेश की राजधानी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नगर के पुराने इलाके में ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने ईदगाह में मंच साझा किया। इन नेताओं ने लोगों को ईद की बधाई दी। लोगों को एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए देखा गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट खोरी रोकने के लिए की छापामार कार्रवाई

मिलावट खोरी रोकने के लिए छापामार कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डा. गौरी शंकर व अन्य।

मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले कारोबारियों पर होगी सख्त कार्रवाई, लाईसेंस भी किए जाएंगे निरस्त : डा. गौरी शंकर

(मुकेश कुशवाह)

मथुरा ब्यूरो। महानगर में मिलावटी कुट्टू का आटा खाने से एक दर्जन से अधिक लोगों के बीमार होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मिलावट खोरी रोकने के लिए गुरूवार को खाद्य प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई की। खाद्य विभाग की टीम ने भारी संख्या में नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। जानकारी के अनुसार डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त डा. गौरी शंकर के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीम ने कोतवाली रोड़ और होलीगेट स्थित कई खाद्य प्रतिष्ठानों पर मिलावट खोरी रोकने के लिए छापामार कार्रवाई की। खाद्य विभाग की टीम द्वारा होलीगेट भूतिया में संचालित गोविंद प्रसाद पिसाई केंद्र पर कार्रवाई करते हुए साबुत कुट्टू और कुट्टू के आटे की शुद्धता मापने के लिए सैम्पल लिए। वहीं कोतवाली रोड़ स्थित अन्नया प्रोविजन स्टोर से कुट्टू आटा-मैसर्स मुरलीधर खेमचंद्र किराना स्टोर से कुट्टू आटा-कोकराम एंड संस प्रोविजन स्टोर से कुट्टू आटा तथा सब्जी मंडी कोतवाली रोड़ स्थित खाद्य तेल व्यवसायी के यहां से सरसों तेल का सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए हैं। छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस निरंजन-धर्मेंद्र सिंह-जितेंद्र सिंह और अरुण कुमार मौजूद रहे। वहीं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त डा. गौरी शंकर ने चेतावनी देते हुए सभी खाद्य कारोबारी को निर्देश दिए हैं कि सभी कारोबारी मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों का बिल्कुल विक्रय ना करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कोई कारोबारी मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री करता हुआ पाया गया तो ऐसे सभी कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनके लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे।

ईद ईद के पर्व पर नमाजियों के बीच में सुरक्षा-व्यवस्था संभालते हुए डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश पांडेय ...

मथुरा में भाईचारे से मनाया गया ईद का पर्व : देश में अमन के लिए उठे हजारों हाथ

एसएसपी और डीएम ने खुद संभाली थी सुरक्षा-व्यवस्था की कमान

(मुकेश कुशवाह)

मथुरा ब्यूरो। गुरूवार को अहले हदीस मस्जिद में प्रेम भरे माहौल में ईद उल फितर की नमाज अता की गई। जिसमें आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास तथा एहतराम के साथ गुरुवार को ईद का त्यौहार भाईचारे से मनाया गया। शाही ईदगाह जामा मस्जिद से लेकर अलग-अलग इलाकों की सैकड़ों मस्जिदों में ईद की नमाज अता करके लोगों ने एक दूसरे को ईद के त्यौहार की बधाई दी। गुरूवार सुबह से ही लोग नए-नए कपड़े पहनकर अपने-अपने इलाके की मस्जिद की ओर नमाज अता करने के लिए पहुंचने लगे थे। ईद-उल-फितर के मौके पर मुस्लिम भाइयों ने खुसू और खुजू के साथ नूरानी माहौल में ईदगाहों एवं मस्जिदों में ईद-उल-

फितर की नमाज अता करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और देश के अमन और तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी नए कपड़े और रंगबिरंगी टोपियों में सजे हुए अपने शहर से लेकर गांव की ईदगाह में नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए नजर आए। ईद के त्यौहार पर नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कई ईदगाह और मस्जिदें नमाजियों की भीड़ के सामने छोटी पड़ गईं। नमाज के बाद सामूहिक रूप से खैर व आफियत, अपने गुनाहों से माफी, जहन्नुम से बचाव तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द तथा विश्व शांति के लिए सभी ने दुआ की। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद यामीन ने कहा कि आज ईद के मौके पर हम अहले हदीस मस्जिद पर इकट्ठा हुए। इसी अवसर पर पुलिस ईद के त्यौहार पर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इस संबंध में एसएसपी शैलेश कुमार ने कहा कि पूरे जनपद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कहा कि सभी इलाकों में शांति बनाए रखने के लिए पूर्व की तरहा पीस कमेटी की लगातार बैठकें की गईं थी।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता, पार्टी ही नहीं बल्कि देश की पूंजी है और यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सब एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में राजग 400 पार और भाजपा 370 पार के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नीरज त्रिपाठी को इलाहाबाद से और प्रवीण पटेल को फूलपुर लोकसभा सीट से प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में मैं अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करूंगी।
-सांसद रीता बहुगुणा जोशी

संक्षिप्त समाचार

क्या राम नवमी को आएगा बीजेपी का चुनावी मैनिफेस्टो : डॉ. बीपी त्यागी

कांग्रेस मैनिफेस्टो के कड़े आलोचक बीजेपी वाले कब लायेंगे अपना मैनिफेस्टो 24 ?



गाजियाबाद। पब्लिक एशिया। सुनने में आ रहा है कि राम नवमीं को आ सकता है बीजेपी का मैनिफेस्टो 20 24 ,लेकिन 17/4/24 को मैनिफेस्टो आना और 19/4/24 को चुनावों में जाना फिर धर्म कि राजनीति व मतदाताओं को भ्रम में रखने वाली बात हो जाती है। डॉ. बीपी त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग की गाइड लाइंस कहती है कि चुनावों के दौरान निषेधात्मक अवधि (मतदान शुरू होने से 48 घंटे पहले) के दौरान कोई भी घोषणापत्र जारी नहीं किया जा सकेगा। राम नवमीं व फर्स्ट फेज इलेक्शन में मात्र 36 घंटे का अंतर है जो निसेधात्मक अवधि में आता है। इसलिए बीजेपी का घोषणा पत्र व किसी भी पार्टी का घोषणा पत्र तीन दिन पहले आना बहुत जरूरी है। घोषणा पत्र में लुभावने वादे न हों यह भी हर पार्टी को सुनिश्चित करना चाहिए। यह इसलिए जरूरी है चूंकि आमजन इस बात को समझ सके कि उनके लिए किया गया वादा लुभावना वादा नहीं है। जनता की एकमत राय ये है कि अब जो भी पार्टी झूठ बोल कर वोट लेगी उसे जनता के द्वारा सबक सिखाने का काम किया जाएगा।

समाजसेवा हो तो ऐसी, कहानी गरीबों की जुबानी सुनिए राजा भैय्या के वो किस्से

लायक हुसैन, गाजियाबाद। पब्लिक एशिया। हकीकत से रूबरू होने का अवसर लीजिये और उस तह तक जाइए जहां से आपको सही जानकारी मिल सके, और उस जानकारी का आदान-प्रदान आप किस ढंग से कर रहे हैं यह बात बेहद अहम है और यही बात अधिक मायने भी रखती है। हमें मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद में हर एक सामाजिक कार्य को बेहतर तरीके से निभाने में अब्बल साबित होते आए राजा भैय्या जोकि राजा कार बाजार के नाम से फेमस हैं आज उनके उन जनहित में किए गए कार्यों के किस्सों को हम आपको बताएंगे जो शायद किसी से छिपे तो नहीं हैं किन्तु राजा भैय्या ने कभी यह नहीं चाहा कि वह मदद करके दिखावा करें चूंकि राजा भैय्या के मुताबिक मदद करने के पश्चात उसे उजागर नहीं करना चाहिए और न ही फोटो सेशन करना चाहिए। हालांकि अभी शत-प्रतिशत पूरे किस्से तो हम इस लेख के माध्यम से नहीं बता पाएंगे परन्तु जो इस लेख के माध्यम से आपको बताने का प्रयास कर रहा हूं वह काबिले तारीफ हैं। दरअसल कुछ इलाकों से गरीब तबके के द्वारा जो जानकारी मिली है उससे यही प्रतीत होता है कि जो वास्तव में समाजसेवा कर रहे हैं वह कभी दिखावा नहीं करते इसी क्रम में राजा भैय्या को अगर प्रथम स्थान भी दिया जाए तो कोई हर्ज.नहीं है।

आगरा में कांग्रेस ने जारी किया मेनिफेस्टो, कांग्रेस सरकार खत्म करेगी अग्निवीर भर्ती

आगरा। आगरा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का मेनिफेस्टो जारी किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रावत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही अग्निवीर भर्ती को खत्म कर दिया जाएगा। पेपर लीक जैसी घटनाएं रोकने और दोषियों को सजा देने के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा। इस दौरान फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार ने भी अपने प्रतिद्वंदियों पर निशाना साधा। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर आगरा में मेनिफेस्टो जारी किया गया है। कांग्रेस ने मेनिफेस्टो में देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय देने की बात कही। मेनिफेस्टो में 10 बिंदु हैं। 10 बिंदुओं में युवा न्याय,अग्नि वीर योजना को .खत्म करके सुचारू रूप से पुरानी योजना को लागू करना,श्रमिक न्याय, किसान न्याय,वरिष्ठ नागरिक एवं विकलांग न्याय, महिला सुरक्षा न्याय,संविधान न्याय,आर्थिक न्याय,राज्य न्याय और पर्यावरण न्याय शामिल है। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रावत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद देश के हर घर में बुजुर्ग महिला के अकाउंट में एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे। उस महिला की मृत्यु के बाद वो रुपये घर की महिलाओं के नाम पर आगे बढ़ते रहेंगे। जानकारी दी गई कि आगरा में फतेहपुर सीकरी में कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के समर्थन में वोट अपील करने के लिए प्रियंका गांधी का रोड शो होगा। जल्द ही तिथि घोषित की जाएगी। रोड शो की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार ने उनके नोट बांटने के वायरल हुए वीडियो पर कहा कि यह घटिया लोगों की सोच का असर है। उन्होंने वीडियो वायरल किया। मुझे सरकार पेंशन देती है। मैं फौजी हूं। मैं अपनी पेंशन किसी को भी बांटू। मैं लीडर नहीं मैं सोल्जर हूं। मेरा प्रचार एक रिक्शा वाला भी कर रहा है। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, हेमंत चाहर, विष्णु शर्मा, सतीश सिकरवार, राजीव गुप्ता, अनुज शिवहरे,अतुल यादव, रोहित धनगर ,गौरव शर्मा , लब्बू पंडित ,सत्येंद्र दीक्षित ,जितेंद्र शर्मा देव यादव आदि।

कोच अटेंडेंट कर रहा था शराब की तस्करी

सूटकेस में मिली 58 शराब की बोतल; 2 हजार रुपए में नागपुर पहुंचानी थी

आगरा। आगरा कैंट जीआरपी ने ट्रेन में कोच अटेंड शराब की तस्करी करते हुए पकड़ा है। उसके पास से हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब की 58 बोतलें मिली हैं। इनकी कीमत करीब 1.60 लाख रुपए है। जीआरपी को सूचना मिली कि गोंडवाना एक्सप्रेस से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। ट्रेन के कैंट स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन में चेकिंग की गई। कोच बी-8 में कोच अटेंडेंट नीतेश कुमार निवासी अमरोहा के पास दो बड़े सूटकेस मिले। जब इनको खोलकर देखा गया तो इनमें हरियाणा मार्का की अंग्रेजी शराब की 58 बोतल थीं। पूछताछ में उसने बताया कि निजामुद्दीन स्टेशन पर एक व्यक्ति ने दोनों सूटकेस दिए थे। उसने कहा था कि इन्हें नागपुर पहुंचाना है। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर जो भी सूटकेस लेने आएगा, वो दो हजार रुपए देगा। वो रुपए के लालच में सूटकेस लेकर जा रहा था।

गाजियाबाद। थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का टीवीएस जुपिटर स्कूटर बरामद।
- छाया पब्लिक एशिया

जब आप देश के निजाम को बदलेंगे, तभी आपके हालात बदलेंगे : डॉली शर्मा

इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने ईद-उल-फितर के मौके पर अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद मुबारक कहा, ईद-उल-फितर का त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के साथ साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने की सीख देता है : डॉली शर्मा

लायक हुसैन

गाजियाबाद। इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने ईद-उल-फितर के मौके पर अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद मुबारक कहते हुए बधाई व शुभकामनाएं दीं। वहीं अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने की सीख देता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह ही डॉली शर्मा पसौंडा मस्जिद पहुंच गईं और वहां पर मौजूद लोगों को ईद की बधाई दीं। उधर, उनके पिताजी

नरेंद्र भारद्वाज, पूर्व महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस ने मौजूदा महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के साथ गाजियाबाद मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इधर डॉली शर्मा के चाचा मनोज भारद्वाज ने डासना मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद मुबारक कहा। जबकि एक अन्य चाचा सुरेंद्र भारद्वाज भी करहेड़ा मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद मुबारक कहा। इसी तरह उनके चुनाव अभियान से जुड़े लोगों और गठबंधन साथियों ने भी अलग-अलग मस्जिद पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद के अलग-अलग मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम भाइयों से मिल-जुलकर बधाई देते हुए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि जब आप देश के निजाम बदलेंगे, तभी आपके हालात भी बदलेंगे। आज उन्होंने लोनी विधानसभा क्षेत्र के लोनी मस्जिद, गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर 23 स्थित मस्जिद और लुहारपुरा मस्जिद भाटिया मोड़ पर पहुंचकर लोगों को ईद मुबारक कहा। इसी क्रम में उन्होंने हिंडन विहार, कैला भट्टा, मिजार्पुर, सिकरोड़, डासना के मस्जिद पर पहुंचीं और मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की बधाई दीं।

भारी उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार

हर दिल में देखी गई है ईद की खुशियां

जगह-जगह पर आयोजित किए गए ईद मिलन कार्यक्रम

रमेश गोयल

पब्लिक एशिया। पुरकाजी आपसी प्रेम भाईचारा मेल मिलाप का ईद उल फितर का त्यौहार कस्बे सहित क्षेत्र भर में भारी श्रद्धा और उत्साह के साथ हर सूरदास के साथ मनाया गया है एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई तथा मिष्ठान और सवाई का आदान-प्रदान किया गया है। गुरुवार को आपसी मेल मिलाप प्यार और भाईचारा प्रेम का प्रतीक ईद उल फितर का त्यौहार भारी सोहार्द पूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर मुसलमान भाइयों द्वारा अपने अपने आवास पर भारी सजावट कर ईद मिलन के कार्यक्रम

आयोजित किए गए जिसमें आने वाले हिंदू मुस्लिम दोनों समाज के लोगों मैं प्यार खुशियां बाटकर हिंदू मुस्लिम एकता की चली आ रही परंपरा की मिसाल कायम रखी गई है इस दौरान हर किसी के दिल में ईद त्योहार को लेकर अपार खुशी देखी गई है कस्बे के सभी गली मोहल्ले हो या सड़क बच्चों से लेकर बुजुर्गों में ईद का खुमार देखा गया है ईद के त्यौहार को लेकर मुस्लिम महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं रही है महिलाओं का झुंड द्वारा भी एक दूसरे के घर पहुंच कर ईद की मुबारकबाद दी गई तथा छोटे-छोटे बालक एवं बालिका के चेहरे पर भी ईद की खुशियां पूरी तरह से झलक ती नजर आई कस्बे के अलावा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भी ईद उल फितर का त्यौहार भारी उत्साह और उमंग के साथ सोहार्द पूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर कस्बे में नगर पंचायत द्वारा उचित सफाई व्यवस्था की गई हालांकि मुबारक रमजान के महीने में सफाई कर्मियों का रविवार को अवकाश होने के बावजूद भी कस्बे में साफ सफाई की उचित व्यवस्था जाने पर कस्बे वासियों द्वारा नगर पंचायत की काफी प्रशंसा की गई तथा पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए पुलिस प्रशासन का सराहनीय कदम बताया गया है इसके लिए नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र है गुरुवार को पूर्व चेयरमैंन एवं रालोद नेता तारिक मुस्तफा की आवास पर आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में पुरकाजी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के साथ अन्य लोग।

अकीदत के साथ अदा हुई ईद उल फितर की नमाज

नमाजिओ द्वारा अल्लाह से मांगी गई अमन चैन की दुआएं

रमेश गोयल, पब्लिक एशिया। पुरकाजी रहमत और इबादत के महीने रमजान मुबारक के अंतिम दिवस भारी तादाद में नमाजिओ द्वारा ईदगाह में ईद उल फि तर की नमाज अकीदत के साथ अदाकर अल्लाह से अपने मुल्क में अमन चैन की दुआएं की गई है। पाके माह रमजान मुबारक अंतिम दिवस गुरुवार को ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह 7:30 बजे शहर काजी मुफ्ती तनमीक अहमद द्वारा अदा कराई गई जिसमें कस्बे व आसपास के देहात के भारी तादाद में नमाजियों द्वारा अकीदत के साथ नमाज अदा कर अल्लाह से अपने मुल्क में अमन चैन खुशहाली की दुआ की गई है इस दौरान नमाज अदा करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन हाजी कमरुज्ज़मां उर्फ नसीम मियांमौलवी नवाब चुन्नू मियां,असगर कुरैशी मोहम्मद कफील मास्टर सरताज चौधरी मोहब्बत अली हैदर खान इमरान कुरैशी दीगर आदि सहित भारी तादाद में ईद उल फि तर की नमाज में शामिल हुए उधर मैन बाजार मरकज वाली जमा मस्जिद में ईद की नमाज 8:00 बजे अदा की गई ईद की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए तथा बड़ी मुस्तैदी से अपनी नजरें गड़ाये रहा और लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बाजारों में मिठाई की दुकान पर चाट की दुकान पर जमकर खरीदारी की उधर राष्ट्रीय लोकदल नेता तारिक मुस्तफा पूर्व चेयरमैन के आवास पर ईद मिलन समारोह में पुरकाजी के क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार कैबिनेट मंत्री एवं बशारत खान ने आकर अपनी टीम के साथ तारिक मुस्तफा को बधाई दी और कुल मिलाकर पूरे कस्बे में देहात में ईद का त्यौहार भाईचारे के साथ पुर सुकून मनाया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम एक दूसरे को गले मिलकरबधाई देते नजर आए और बाजारों में फूल बरसाए गए।

ईदगाह में शांति पूर्वक की अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज

सजदे में झुके हजारों सिर देश मे अमन चेन के लिए हुई दुआ

शाहनवाज सोनू

पब्लिक एशिया, मीरापुर। देशभर में बृहस्पतिवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार शांति पूर्वक व धूमधाम के साथ मनाया गया। ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज कराई और देश में अमन भाईचारा के लिए दुआ कराई ' माहे रमजान के मुबारक महीने की इबादत के बाद ईद उल फितर के दिन फजर की नमाज के बाद से ही ईद-उल-फितर की रौनक दिखने लगी। ईदगाह पर हजारों नमाजियों को एक साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा करवाई। ईद की नमाज के बाद सभी नमाजियों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद-उल-फितर की मुबारक बाद दी। नमाज अदा करने के पश्चात सभी नमाजियों ने खुदा की बारगाह में एक साथ देश की तरक्की,आपसी भाई-चारे व अमन-चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद,थावर वाली मस्जिद,कुरैशीयान मजिस्द,सहित मौहल्लों व अन्य सभी मस्जिदों में भी ईद-उल-फितर की नमाज शांति पूर्वक अदा की गई। इस दौरान इंस्पेक्टर मीरापुर दिनेश चंद्र बघेल अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। वहीं पुलिस के जवान भी सुरक्षा की दृष्टि से सम्पूर्ण नमाज अदायगी के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। इंस्पेक्टर मीरापुर दिनेश चंद्र बघेल ने लोगों से ईद उल फितर के त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की त्योहार प्यार मोहब्बत और भाईचारे से मनाए

त्यौहार | **ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने सबसे पहले सुबह 6:30 ईद की नमाज अदा कराई...**

पूरे अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाई गई ईद उल फित्र



नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में आज ईद उल फित्र का त्यौहार पूरे अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुसलमानों के जरिए ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद के अलावा तमाम ईदगाहों और छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई और एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी गई। ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने सबसे पहले सुबह 6:30 ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर बड़ी तादाद में जमा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए भीड़ पहुंची। नमाज पढ़ने वाले लोगों की भीड़ का आलम यह रहा कि जामा मस्जिद का अंदरुनी हिस्सा, सहेन, सीढ़ियां और यहां तक की तीनों तरफ की रोड पर भी लोगों ने नमाज अदा की है। इस मौके पर शाही इमाम ने शांति -सद्भाव और सभी के साथ मिलजुल कर ईद की खुशियां मनाने की अपील की है। ऐतिहासिक मस्जिद फतेहपुरी में भी शाही इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई।यहां पर भी नमाजियों का बड़ा मजमा देखने को मिला। मस्जिद के बाहर चांदनी चौक, टाउनहॉल, खारी बाउली और बल्लीमारान तक लोगों को ईद की नमाज अदा करते हुए देखा गया। इस मौके पर डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की खुशियों में सभी को शामिल करने और मिलजुल कर ईद मनाने की बात कही। उन्होंने देश में अमन व अमान के साथ-साथ पूरे दुनिया में शांति और सद्भाव के लिए विशेष दुआएं कीं। ईद की नमाज अदा करने के लिए राजधानी दिल्ली का तीसरा बड़ा हुजूम शाही ईदगाह सदर बाजार में उमड़ा। इसके अलावा राजधानी के अन्य मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मस्जिदों में मुसलमान ने ईद की नमाज अदा की है। दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया और दरगाह हजरत बख्तियार काकी महरौली में भी ईद की नमाज अदा की गई जिसमें हजारों की संख्या में मुसलमानों ने भाग लिया।

प्रेम-सौहार्द के साथ मनाया ईद-उल-फितर का त्यौहार

पब्लिक एशिया ब्यूरो, कैराना। ईद-उल-फितर क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ मनाया गया। कस्बा कैराना में मुकद्दस माह रमजान-उल-मुबारक के रोजे रखने के उपरांत बृहस्पतिवार को मुस्लिम समाज ने ईद-उल-फितर का त्योहार सौहार्द के साथ मनाया।पुलिस प्रशासन की निगरानी में प्राचीन ईदगाह के मैदान में सुबह 6:45 बजे जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना ताहिर हसन ने ईद की नमाज अदा कराई।ईद की नमाज के दौरान छोटे-छोटे बच्चे भी नमाज पढ़ते नजर आए।नमाज से पूर्व खिताब करते हुए मौलाना ताहिर ने कहा कि इस्लाम मजहब में अख्लाक को बड़ा दर्जा दिया गया है,जिसमें एक इंसान की कीमत दरख्त के मानिंद हैं।जिस प्रकार हर दरख्त की उसके फल से असल पहचान होती है, उसी प्रकार अख्लाक से अच्छे इंसान की पहचान दुख-दर्द में काम आना और आपसी मुहब्बत से जाहिर होती है। उन्होंने इस्लाम के बताए रास्तों पर चलने की ताकीद की।इसके अलावा जामा मस्जिद,शिया जामा मस्जिद,शामली बस अड्डे वाली मस्जिद,शाही दरबार वाली मस्जिद,मदरसा इशातुल इस्लाम वाली मस्जिद सहित कस्बे की प्रमुख मस्जिदों तथा ग्राम मोहम्मदपुर राई ईदगाह, नंगलाराई मस्जिद,रामडा,इस्सोपुर खुरगान आदि गांवों में भी ईद की नमाज अदा की गई।नमाज अदा करने के बाद अकीदतमंदों ने खुदा की हाथ उठाकर विश्व शांति,राष्ट्र एकता एवं अखंडता,उन्नति,खुशहाली आदि के लिए दुआएं मांगी।वही इस बार ईद की नमाज प्रशासन के आदेश के बाद मौलाना ने आदेश का पालन करते हुए ईद की नमाज ईदगाह के मैदान के अंदर ही पढ़ाई।इस अवसर पर एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव,सीओ अमरदीप मौर्य,कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना भारी संख्या में पुलिस फोर्स व अर्द्धसैनिक बल के साथ ईदगाह पर मौजूद रहे।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024

प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व पर विश्वास करते हुए विकसित भारत के सपने को साकार करने और एक मजबूत महाराष्ट्र के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महागठबंधन का समर्थन करने के लिए मैं मनसे प्रमुख राज ठाकरे का बेहद आभारी हूं। आइए हम सभी पूरी ताकत से लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हों।
-उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस

संक्षिप्त समाचार

पुलवामा में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर कहा, पुलवामा जिले के फ्रैसीपोरा इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़। पुलिस और सुरक्षा बल का अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

राज्यपाल ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी

मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को प्रदेशवासियों को ईद-उल-फितर (रमजान ईद) के अवसर पर मुबारकबाद दी। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा, रमजान का पवित्र महीना उपवास, प्रार्थना और दान के कार्यों को महत्व देता है। उन्होंने कहा मैं महाराष्ट्र के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। ईद-उल-फितर सभी के लिए खुशी, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लाए। सभी को, विशेषकर मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद मुबारक।

सामाजिक कार्यकर्ता के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति पर मामला दर्ज

ठाणे। नवी मुंबई पुलिस ने 35 वर्षीय एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ कई बार दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 40 वर्षीय आरोपी नितिन गावंद रायगढ़ जिले के उरण के अद्रे गांव का रहने वाला है, जबकि पीड़िता नवी मुंबई के वाशी के कोपरी में रहती है। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा, वर्ष 2018 में आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की और उसके बेटे की देखभाल करने का आश्वासन दिया। उसने अलग-अलग स्थानों पर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया और वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने पीड़िता पर गर्भपात कराने के लिए भी दबाव डाला। उन्होंने कहा, इसके अलावा उसने पीड़िता से 50,000 रुपये की हर्बल दवाएं खरीदीं, लेकिन बदले में केवल 31,500 रुपये का भुगतान किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हम सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान दंगा कराने की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों से ह्यसाजिश का शिकार नहीं होने का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है। बनर्जी ने रेड रोड पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की लड़ाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से है। तृणमूल प्रमुख ने कहा, हम विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के संबंध में बाद में निर्णय लेंगे। लेकिन बंगाल में इस बात का ख्याल रखिएगा कि एक भी वोट किसी दूसरी पार्टी को नहीं जाए। उन्होंने विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की। ममता बनर्जी के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे।

दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की कारावास की सजा

प्रतापगढ़ (उप्र)। यहां की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता काशीनाथ तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कोहंडौर में शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 13 मार्च 2017 कि रात नौ बजे शिवकुमार ने उनकी 20 वर्षीय बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने बुधवार को शिवकुमार को इस मामले में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और उस पर 5,000 रुपये जुमार्ना लगाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने समाज सुधारक फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को प्रख्यात समाज सुधारक ज्योतिराव फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने अपना जीवन अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने व समानता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया तथा उनके विचारों से लाखों लोगों को ताकत मिलती है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम महान समाज सुधारक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक दूरदर्शी समाज सुधारक, जिन्होंने अन्याय से लड़ने और समानता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार लाखों लोगों को ताकत देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों ने समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा, ह्यआज गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के उद्धार के लिए आंदोलन के प्रतीक माने जाने वाले 19वीं सदी के सुधारक ने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले भी एक अग्रणी समाज सुधारक थीं, जिन्हें विशेष रूप से महिलाओं को शिक्षित करने में उनकी भूमिका के लिए सराहा जाता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दो युवकों की मृत्यु, दो घायल

शाहजहांपुर (उप्र)। बरेली के एक अस्पताल में भर्ती मरीज को देखकर वापस लौट रहे व्यक्तियों की कार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कार सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया की पुवायां कस्बे के रहने वाले ये युवक, बरेली के एक अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को देखकर वापस लौट रहे थे। बुधवार देर रात जब उनकी कार थाना सिधौली के निगोही पुवायां मार्ग पर सिंगपुर गुरुद्वारे के पास पहुंची तभी किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में लखन गुप्ता (20) और आदि शर्मा (22) की मौत हो गई है जबकि उनके साथी वंश गुप्ता तथा आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के कुशलगांव में तालाब में नहाते समय डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम उस समय हुई जब चार बच्चे तालाब में नहाने गए थे। बच्चों की उम्र सात से दस वर्ष के बीच है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने इन बच्चों के कपड़े देखे, इसके बाद उन्हें तालाब से बाहर निकाला गया और स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

जातिवादी पार्टियां मोदी को हराने इकट्ठी हुई: अमित शाह

कटनी में कहा-कांग्रेस ने 70 साल तक जाति-परिवारवाद, भ्रष्टाचार के आधार पर राज किया

मंडला/कटनी , एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले कटनी के बरही में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जातिवादी और परिवारवादी पार्टियां पीएम मोदी को हराने के लिए इकट्ठे हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आधार पर राज किया। मोदी ने देश से जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया। इससे पहले केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंडला में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया है। उनको खाना पकाने के लिए गैस सिलेंडर और रहने के लिए आवास दिए हैं। शाह ने गुरुवार को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश की अर्थव्यवस्था को दुनियाभर में 5वें नंबर पर लाए हैं। मोदीजी को तीसरी बार पीएम बना दो, इसे तीसरे नंबर पर पहुंचा देंगे। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर कहा, घमंडिया गठबंधन के नेता चाहते हैं कि उनके बेटा और बेटी ही आगे बढ़ें। इससे पहले शाह करीब एक बजे जबलपुर पहुंचे थे। यहां

उनका स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया।

शाह की सभा की 5 बड़ी बातें

10 साल देश में कांग्रेस का शासन था। पाकिस्तान से आलिया, मालिया, जमालिया घुस जाते थे, बम धमाके करते थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह उफ तक नहीं करते थे।

मैं पूछना चाहता हूं राहुल बाबा से... आपने देश के राष्ट्रपति पद पर किसी आदिवासी को बिठाया क्या? कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासियों को छलने का काम किया है।

राम मंदिर बनना चाहिए था कि नहीं? 55 साल कांग्रेस पार्टी इसे लटकाती, अटकाती और भटकाती रही। पांच साल में केस जीते, भूमिपूजन भी हो गया ओर प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई।

घमंडिया गठबंधन वाले चाहते हैं कि उनके बेटे-बेटी आगे बढ़ें। ममता बनर्जी भतीजे को, शरद पवार बेटी को, स्टालिन बेटे को, सोनिया जी बेटे को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

हमने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से आपके इलाके का विकास किया। घमंडिया गठबंधन डाइनेस्टी मैनेजमेंट फंड में लगा है।

जिसने भी चोरी की है, उसे जेल जाना पड़ेगा

विपक्षी अब जेल में जा रहे हैं। छातियां पीट रहे हैं। हमें ये कर दिया, हमें वो कर दिया। मोदी जी ने 2014 के चुनाव में आने से पहले देश की जनता से वादा किया था कि एक एक भ्रष्टाचारी को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे। भ्रष्टाचारियों को जेल में डालना चाहिए या नहीं ? जिसने भी चोरी की है, उसे जेल जाना पड़ेगा।

इंडी एलायंस भ्रष्टाचारियों का जमघट

शाह ने कहा- घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमघट हैं। 10 साल तक सोनिया-मनमोहन ने सरकार चलाई। इस दौरान 12 लाख करोड़ का घपला किया। यहां कमलनाथ और बंटाढार ने भी कुछ बाकी नहीं रखा। मैं उनका कच्छा चिट्ठा लाया हूं। कोल ब्लॉक का घोटाला किसने किया। कॉमन वेल्थ का घोटाला किसने किया, टूजी घोटाल किसने किया, शारदा चिटफंड किसने किया, सेबों की बिक्री का घोटाल किसने किया, आईएनएस का मीडिया घोटाल किसने किया? शाह ने कई घोटाले गिनाए।

भाजपा के संकल्प पत्र में सिक्किम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा

-राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र

गंगटोक, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज सुबह यहां सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (चुनाव घोषणापत्र) जारी किया। राजधानी गंगटोक के मनन भवन केंद्र में जारी संकल्प पत्र में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के मतदाताओं से सिक्किम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा किया है। संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर राज्य में विश्वस्तरीय आईआईएम की स्थापना की जाएगी। युवाओं को सशक्त बनाने और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल प्रबंधन संस्थान स्थापित किया जाएगा। पार्टी राज्य के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को सालाना 5000 रुपये का नकद लाभ मिलेगा। जेपी नड्डा ने खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में कहा एग्री-इन्फ्रॉ मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा। इससे कृषि के बुनियादी ढांचे में सुधार किया जाएगा। सिक्किम में क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान की स्थापना की जाएगी। राज्य की महिलाओं को सशक्त कर 15,000 लखपति दीदी बनाई जाएंगी। संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि पांच वर्ष में सिक्किम में महिलाओं और युवाओं के लिए 25,000 रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। ह्यअम्मा सामुदायिक कैंटीनह्न की स्थापना भी की जाएगी। यहां लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस कैंटीन का संचालन महिलाएं करेंगी। रोडवेज, रेलवे और वायुमार्ग की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सिक्किम गति शक्ति मास्टर पैन लॉन्च किया जाएगा। इस मौके पर राज्य के सभी प्रमुख भाजपा नेता मौजूद रहे।

जूनागढ़ में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों पर बाल्टी से नोटों की बारिश

जूनागढ़, एजेंसी

गुजरात के जूनागढ़ के मोगलधाम में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कीर्तदान गढ़वी और जिग्नेश कविराज सहित प्रसिद्ध लोक गायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों के साथ ही भाजपा उम्मीदवार राजेश चुडासमा और कांग्रेस उम्मीदवार हीराभाई जोतवा पर पैसों की बारशि की गई। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों पर उनके समर्थकों ने बाल्टी भर भरके नोटों की बारिश की।

इन कलाकारों ने बिखेरे रंग

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जूनागढ़ के मोगलधाम में मां मोगल की पूजा की गई। इसके बाद रात में मोगल धाम में एक भव्य लोक डायरा का आयोजन किया गया। इस डायरे में गुजरात के प्रसद्धि डायरा कलाकारों, कीर्तदान गढ़वी, राजभा गढ़वी और जिग्नेश कविराज सहित विभिन्न कलाकारों ने लोक डायरा

में अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे।

लाखों रुपये की हुई बारिश

इस डायरा में कलाकारों पर लाखों रुपये की बारिश की गई। कलाकारों पर 100 और 500 के नोटों की वर्षा की गई। विधायक देवभाई मलाम, भाजपा के जूनागढ़ लोकसभा उम्मीदवार राजेश चुडासमा और कांग्रेस उम्मीदवार हीराभाई जोतवा समेत कई प्रमुख साधु-संत इस भव्य लोक डायरा में मौजूद रहे।

पीएम बोले-कांग्रेस ने मंदिरों को गिराकर जमीनों पर कब्जे किए

राजस्थान में वोट के लिए तुष्टिकरण का खेल खेला; करौली बता रहा 4 जून 400 पार

करौली , एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए मेरा पल-पल आपके नाम है, हर पल देश नाम है। इसलिए कहता हूं, 24७7 फोर 2047। पीएम गुरुवार को यहां करौली-कैलादेवी मार्ग स्थित सिद्धार्थ सिटी में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा- करौली बता रहा 4 जून 400 पार। राजस्थान कह रहा फिर मोदी सरकार। मोदी ने कहा- राजस्थान के हर घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस युवाओं की सरकारी नौकरी में लूट के मौके तलाशती है। पेपर लीक की फैक्ट्री तैयार कर दी थी। मोदी करौली-धौलपुर से इंदु देवी जाटव, टोंक-सवाई माधोपुर से सुखबीर सिंह जौनापुरिया और दौसा लोकसभा सीट से भाजपा के कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर यह पीएम मोदी की चौथी जनसभा है। इससे पहले पीएम मोदी कोटपूतली, चूरू और पुष्कर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा कर चुके हैं।

पीएम बोले- मैं समझता हूं पानी की समस्या क्या होती है

पीएम बोले-मैं गुजरात से आता हूं, पानी की दिक्कत क्या होती है मैं समझता हूं। राजस्थान कैसे पानी की मुसीबतों से गुजर रहा है, मैं समझता हूं। इसलिए समस्या के समाधान खोजने के लिए रास्ते खोजते रहते हैं। हम हाथ जोड़कर नहीं बैठे रहते। कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का पाप किया, भाजपा ने उसे सेवा, जिम्मेदारी और जवाबदेही का काम मानकर उसे पूरा किया। आने वाले समय में राजस्थान के हर घर-घर में पानी पहुंचेंगे ये मोदी की गारंटी है। आपके सपने ही मेरा संकल्प है। आप लोग मुझे भली भांति जानते हैं। इतने साल हो गए मेरी जिंदगी को भी जानते हैं। आप सब जानते हैं कि मोदी आराम करने के लिए पैदा नहीं हुआ है औ न ही मौज करने के लिए पैदा हुआ है।

शिखर राजनाथ सिंह नागौद पहुंचे यहां उन्होंने अगोल मैदान में लोकसभा प्रत्याशी गणेश सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया...

कांग्रेस जंग लगा लोहा: भाजपा 24 कैरेट का सोना, हम जो कहते हैं वो करते हैं: राजनाथ

रीवा/सतना , एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस को जंग लगा लोहा बताया। सतना में उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास 50 साल का समय कम था, जो ये भारत को शिखर तक नहीं ले जा सके। भाजपा 24 कैरेट का सोना है। हम जो कहते हैं वो करते हैं। राजनाथ सिंह गुरुवार को सतना के नागौद पहुंचे। यहां उन्होंने अगोल मैदान में लोकसभा प्रत्याशी गणेश सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले रक्षा मंत्री रीवा में मऊगंज पहुंचे थे। उन्होंने यहां देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के पक्ष में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। देश के विकास का चक्का जो

मोदी जी के नेतृत्व में घूम रहा है, उसमें ग्रोथ इंजन की भूमिका मध्यप्रदेश निभा रहा है।

योजनाएं गिनाने में घंटों निकल जाएंगे : कांग्रेस कहती है, 6 हजार रुपए किसानों को दे दिया, कौनसी बड़ी बात हो गई। लेकिन 2 हजार रुपए नहीं होते हैं तो किसान खाद-बीज नहीं खरीद पाते। मोदी जी पैसे दे रहे हैं तो इसमें क्या दिक्कत है। ये सिर्फ एक योजना है। मैं हमारी योजनाएं गिनाना शुरू करूंगा तो घंटों निकल जाएंगे।

वन नेशन-वन चुनाव होना चाहिए : कुछ समय पहले विधानसभा चुनाव हुए, मध्यप्रदेश की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताया। अब फिर चार महीने बाद चुनाव हो रहे हैं। फिर वोट करना पड़ेगा। एक देश, एक चुनाव होना चाहिए। मैंने प्रधानमंत्री जी से इस बारे में बात की थी। पांच साल में देश में दो से ज्यादा चुनाव नहीं होना चाहिए।

गलत कहूंगा तो अखबार में छाप देना : अमेरिका के राजदूत ने कहा है कि अगर आप भविष्य में काम करना चाहते हैं तो भारत आएं। भाजपा ने आज तक जनता की आखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की। कुछ गलत कहूंगा तो अखबार में छाप देना। हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं।

हिंदू-मुसलमान में भेदभाव नहीं करते

रामराज्य हम कहते किसे हैं, जब अधिकार बोध के बजाय कर्तव्य का बोध हो। लोग कहते हैं कि भाजपा वाले हिंदू-मुसलमान की बात करते हैं। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, हम किसी से भेदभाव नहीं करते। हम सबको साथ में लेकर चलने पर विश्वास करते हैं।

भारत दुनिया में 5वें स्थान पर पहुंचा

धन-दौलत, इकोनॉमी के मामले में हमारा भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। आज वही भारत दुनिया में 5वें स्थान पर है। 2024 के खत्म होते ही हम टॉप 3 कंट्री में आकर खड़े हो जाएंगे। विश्व की कोई आर्थिक शक्ति बनेगा तो वो भारत बनेगा।